संसेक्स 73,903.91 ▼ -110.64
डॉलर 83.353 ▼ -0.017

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची, चैत्र कृष्ण पक्ष 09, विक्रम संवत 2080 | रांची, बुधवार, 03 अप्रैल 2024, वर्ष-25, अंक-62, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित




**तापमान** (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान


| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 36.0 | 21.0 | 27.0 |
| धनबाद | 38.0 | 22.0 | 31.0 |
| जमशेदपुर | 41.0 | 23.0 | 32.0 |
| पलामू | 38.0 | 20.0 | 29.0 |


संपादकीय — पीएचडी की बदलेगी अब ... 08
बीजेपी-जेडीएस एकजुट होकर ...12 — देश-विदेश


## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 65,200
चांदी (1 किलो) 81,600

## आज के मैच



समय : 03 अप्रैल, 7:30 बजे से
स्थान : विशाखापटनम

## रमजान मुबारक

सेहरी 04:14
इफ्तार 06:08

# आयोग ने 5 राज्यों के 8 डीएम व 12 एसपी का किया तबादला

### चुनाव आयोग ने रांची (ग्रामीण) एसपी, पलामू के डीआईजी और दुमका के आईजी के खाली पदों को भरने के लिए अफसरों के नाम मांगे हैं




**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने बड़ा एक्शन लिया है। आयोग ने मंगलवार को पांच राज्यों के 8 डीएम और 12 एसपी का तबादला कर दिया है। जिन पांच राज्यों के लिए चुनाव आयोग ने यह एक्शन लिया है, उनमें झारखंड, बिहार, असम, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के नाम हैं। इस संबंध में चुनाव आयोग की तरफ से नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। चुनाव आयोग ने झारखंड के देवघर जिले के एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग का तबादला कर दिया है। वहीं, रांची (ग्रामीण) एसपी, पलामू के डीआईजी और दुमका के आईजी के खाली पदों को भरने के लिए अफसरों के नाम मांगे हैं। चुनाव आयोग ने बिहार के नवादा और भोजपुर के डीएम और एसपी को हटा दिया है। इसके अलावा असम के उदलगुड़ी के जिलाधिकारी का ट्रांसफर करने का आदेश दिया है। वहीं, ओडिशा के दो जिलाधिकारियों, पांच पुलिस अधीक्षकों और एक पुलिस महानिरीक्षक समेत आठ अफसरों का तबादला किया गया है। चुनाव आयोग के आदेश के अनुसार, आंध्र प्रदेश में तीन डीईओ और पांच एसपी का तबादला किया गया है। लेकिन, सबसे ज्यादा नाम आंध्र में गुंटूर रेंज के आईजी जी पाला राजू का है। गुंटूर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली के दौरान अव्यवस्था का आरोप जी पाला राजू पर लगा था। इसके बाद भाजपा की तरफ से उनके खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई गई थी।

### केंद्रीय चुनाव आयोग ने देवघर एसपी को हटाया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने देवघर एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग पर कार्रवाई करते हुए राज्य सरकार से इन्हें हटाने का आदेश दिया है। चुनाव आयोग के द्वारा यह निर्णय गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे के द्वारा की गई लिखित शिकायत के बाद की गई है। देवघर एसपी को हटाए जाने का आदेश सरकार को भेज दिया गया है। साथ ही नये एसपी के लिए राज्य सरकार से पैनल मांगा है। नये एसपी पर निर्वाचन आयोग ही मुहर लगायेगा। बताया जा रहा है कि तीन मामलों में फरार चल रहे आरोपित शिवदत्त शर्मा ने 28 मार्च को सांसद निशिकांत दुबे पर जसीडीह थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। इसकी शिकायत निर्वाचन आयोग तक पहुंची थी कि एक फरार आरोपित कैसे थाना पहुंच कर प्राथमिकी दर्ज करवा सकता है। एक दिव्यांग को भी जेल भेजने सहित कई अन्य आरोप देवघर एसपी पर हैं। इन शिकायतों को देखते हुए निर्वाचन आयोग ने यह कदम उठाया है।

# गढ़वा डीसी कार्यालय के किचन में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

### आग में फ्रीज-सोफा क्षतिग्रस्त, कोई हताहत नहीं



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा मंगलवार की दोपहर करीब पौने चार बजे समाहरणालय स्थित उपायुक्त शेखर जमुआर के कार्यालय के किचन में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। इसमें एक फ्रीज जल गया। वहीं सोफा का कुछ भाग जल गया है। आगजनी में कोई हताहत नहीं हुआ है। जिस समय आगजनी की घटना घटी। उस समय डीसी लंच पर अपने आवास गए हुए थे। प्रत्यक्षदर्शी समाहरणालय के कार्यालय कर्मियों ने बताया कि डीसी लंच के लिए आवास निकले थे। कार्यालय कर्मी कार्यालय व ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### पूर्व मंत्री और भाजपा नेता गिरिनाथ सिंह राजद में शामिल



**रांची।** पूर्व मंत्री और भाजपा नेता गिरिनाथ सिंह फिर से राजद में शामिल हो गए हैं। बिहार प्रदेश राजद कार्यालय पटना में मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, राजद के राष्ट्रीय महासचिव भोला प्रसाद यादव ने गिरिनाथ सिंह को राजद की सदस्यता देकर घर वापसी करवाया।

### राहुल आज वायनाड से करेंगे नामांकन

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी बुधवार को लोकसभा चुनाव के लिए वायनाड से अपना नामांकन दाखिल करेंगे। यहां से वह दोबारा चुनाव लड़ रहे हैं। नामांकन से पहले वह निर्वाचन क्षेत्र में एक रोड शो में हिस्सा लेंगे और शाम तक दिल्ली लौट आएंगे। केरल में चुनाव के दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा। राहुल गांधी का मुकाबला सीपीआई महासचिव डी. राजा की पत्नी सीपीआई उम्मीदवार एनी राजा और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन से है।

# ‘भारत को अराजकता में झोंकना चाहती है कांग्रेस’

■ देश के वीर सपूत रावत का अपमान करने वाली कांग्रेस से नहीं हो सकती देशभक्ति

**एजेंसी। देहरादून**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस भारत को अस्थिरता की तरफ ले जाना चाहती है, अराजकता में झोंकना चाहती है। कांग्रेस ने देश के वीर सपूत स्व. बिपिन रावत तक का अपमान किया था। ऐसी कांग्रेस से देशभक्ति की अपेक्षा नहीं की जा सकती। देवभूमि पर रुद्रपुर में मंगलवार को आयोजित विजय शंखनाद रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस तुष्टिकरण के दल-दल में ऐसा धंस गई है कि कभी देशहित का नहीं सोच सकती। यही कांग्रेस है जो घुसपैठियों को बढ़ावा देती है। जब भाजपा सीएए के माध्यम से मां भारती में आस्था रखने वालों को भारत की नागरिकता देती है तो कांग्रेस को सबसे ज्यादा तकलीफ होती है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के लोग भी जानते हैं कि पाकिस्तान



और बांग्लादेश से जो शरणार्थी आए हैं, उनमें से अधिकतर दलित परिवार हैं, सिख परिवार हैं, बंगाली परिवार हैं, लेकिन कांग्रेस इन लोगों को नागरिकता देने का विरोध कर रही है।

### कांग्रेस कमजोरी न दिखाती तो भारत की सीमाओं पर नजर डालने की किसी की हिम्मत न होती

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उत्तराखंड की धरती का संबंध गुरु नानक देव, गुरु गोविंद सिंह और उदासी संत गुरु रामराय से है। कांग्रेस ने देश का ऐसा बंटवारा किया कि गुरु नानक की जन्मस्थली भी हमसे छिन गई। जबकि भाजपा सरकार ने करतारपुर कॉरिडोर बनाकर लोगों की जिंदगी आसान की है। कांग्रेस कमजोरी न दिखाती तो भारत की सीमाओं पर नजर डालने की किसी की हिम्मत न होती।

### देश के सीमावर्ती गांव कांग्रेस के लिए आखिरी गांव, लेकिन भाजपा के लिए प्रथम गांव

कांग्रेस ने कैसे अपने हाथों से मां भारती के टुकड़े किए, इसका एक और ताजा उदाहरण देश के सामने आया है। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### भाजपा कार्यकर्ता 6 को बूथ स्तर पर मनाएं पार्टी का स्थापना दिवस : पीएम मोदी

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पीएम ने पार्टी कार्यकर्ताओं से 06 अप्रैल को भाजपा का स्थापना दिवस बूथ स्तर पर मनाने की अपील की है। मोदी मंगलवार को नमो ऐप के माध्यम से बिहार के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत कर रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार के भाजपा कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता लोगों की सेवा के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहते हैं और सेवा ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहती है। उन्होंने कहा कि 06 अप्रैल को भाजपा का स्थापना दिवस है। इस अवसर आप अपने बूथ पर एक सम्मेलन करें।

# छग : मुठभेड़ में महिला नक्सली समेत 10 नक्सली ढेर, हथियारों का जखीरा बरामद

**एजेंसी। बीजापुर**

जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लेंड्रा के जंगल में मंगलवार सुबह हुई मुठभेड़ में महिला नक्सली समेत 10 नक्सली मारे गये हैं। मुठभेड़ में शामिल जवानों ने बड़ी संख्या में नक्सलियों के घायल होने का भी दावा किया है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि मुठभेड़ में शामिल सभी जवान सुरक्षित हैं। मुठभेड़ के बाद इलाके में तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाकर्मियों को 10 नक्सलियों के शव मिले हैं। मुठभेड़ स्थल से बीजीएल लॉन्चर, एलएमजी जैसे ऑटोमैटिक हथियार एवं बड़ी मात्रा में गोला-बारूद बरामद हुआ है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा एवं सीआरपीएफ की संयुक्त बल नक्सल उन्मूलन अभियान पर रवाना हुई थी। 02 अप्रैल को सुबह सुरक्षाबल के जवान सर्चिंग ऑपरेशन के दौरान कोरचोली-लेंड्रा के जंगलों में पहुंचे। इसी दौरान गंगालूर एरिया कमेटी के नक्सलियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### मध्य प्रदेश में पुलिस मुठभेड़, दो इनामी नक्सली मारे गए

**बालाघाट।** मप्र के बालाघाट जिले में पुलिस मुठभेड़ में दो इनामी नक्सली मारे गए हैं, जबकि अन्य कुछ नक्सली घायल हुए हैं। वहीं कुछ भागने में कामयाब रहे। पुलिस ने मौके से हथियार बरामद किए हैं। मुठभेड़ बालाघाट के लांजी थाने में आनेवाले पितकोना केरेझरी के जंगल में हॉकफोर्स और मलाजखंड दलम के नक्सलियों के बीच हुई। पुलिस नो बताया है कि 29 लाख की इनामी महिला नक्सली डीवीसीएम सजन्ति उर्फ क्रांति मारी गई है, जोकि डिस्ट्रिक्ट कमांडेट थी। इसके साथ ही एक 14 लाख का इनामी नक्सली रघु उर्फ शेरसिंह भी मारा गया है। । रघु पर तीन राज्यों की पुलिस ने इनाम घोषित कर रखा था। पुलिस ने मौके से एके-47 और 12 बोर की बंदूक बरामद की है। एसपी समीर सौरभ ने बताया कि मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा पर केराझरी जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच सोमवार रात मुठभेड़ हुई थी, जिसमें दो नक्सली मारे गए।

### 16 साल से फरार वांटेड हार्डकोर नक्सली सनातन टुडू गिरफ्तार

**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस 16 साल से फरार वांटेड हार्डकोर नक्सली सनातन टुडू को गांडेय थाना अंतर्गत ओझाडीह गांव से मंगलवार की सुबह दबोचने में सफल रही। गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस को यह सफलता मिली है। जानकारी के अनुसार एसपी को गुप्त सूचना मिली कि सनातन टुडू अपने गांव आया हुआ है। इसी एसपी के निर्देश पर डीएसपी कौसर अली के नेतृत्व में पीरटांड़ थाना प्रभारी ने ज्वाइंट ऑपरेशन चलाकर नक्सली सनातन टुडू को दबोच लिया। सनातन पिछले 16 साल से फरार था। इसके खिलाफ पीरटांड़ में आर्म्स एक्ट और 17 सीएलए एक्ट के तहत केस दर्ज है। इस हार्डकोर नक्सली के पास से कोई हथियार बरामद नहीं मिला। इस छापामारी टीम में एएसपी कौशर अली, पीरटांड़ थाना प्रभारी गौतम, अमित, सुनील कुमार, विक्की सिंह, चंद्रकांत कुमार शामिल थे।

# नशे के कारोबार पर हाईकोर्ट सख्त, होगी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट ने रांची शहर में ड्रग्स की खरीद-बिक्री को गंभीरता से लिया है। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए रांची एसएसपी को ड्रग्स कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

खंडपीठ ने कहा कि सुखदेव नगर थाना इलाके में जो भी ड्रग्स के कारोबार करने वाले दुकानदार या अन्य लोग शामिल हैं उन्हें चिन्हित किया जाये और उनकी गिरफ्तारी जल्द सुनिश्चित की जाये। कोर्ट ने राज्य सरकार से नशे के कारोबार से जुड़े लोगों की गिरफ्तारी पर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### हाईकोर्ट ने रांची ट्रैफिक एसपी को किया तलब

झारखंड हाईकोर्ट में रांची में लचर ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई। कोर्ट ने मामले में कल यानी बुधवार को ट्रैफिक एसपी को कोर्ट में सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने रांची नगर निगम के अधिवक्ता से जानना चाहा कि रांची में ट्रैकिंग व्यवस्था में सुधार क्यों नहीं हो पा रहा है? दिनभर शहर में जाम की समस्या क्यों बनी रहती है। कई ट्रैफिक सिग्नल खराब क्यों है? सुजाता चौक, कोकर एवं अन्य जगहों पर मल्टी स्टोरेज पार्किंग की व्यवस्था अब तक क्यों नहीं की गई? लगातार ट्रैफिक सिग्नल का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों का लाइसेंस क्यों नहीं निलंबित किया जाता है? रांची शहर में आम नागरिकों को समय-समय पर ट्रैफिक रूल की जानकारी क्यों नहीं दी जाती है? इसपर रांची निगम की ओर से बताया गया कि पहले की तुलना में ट्रैफिक व्यवस्था में कई सुधार हुए हैं। ट्रैफिक रूल का उल्लंघन करने वालों से जुमार्ना के रूप में 1000 रुपये वसूला जाता है। रांची शहर में फ्लाईओवर निर्माण के कारण जाम की समस्या बनती है। कांटाटोली फ्लाई ओवर का निर्माण वर्ष 2024 के दिसंबर माह में पूरा होने की उम्मीद जताई जा रही है। रांची शहर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## आजकल




# अफीम 45 व 103 केजी डोडा बरामद, 4 गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा/कुंदा।** पुलिस को मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ एक और बड़ी सफलता जिले के कुंदा व लावालौंग थाना क्षेत्र में मिली है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय के निर्देश पर कुंदा एवं लावालौंग थाना क्षेत्र में अलग-अलग इलाको में छापेमारी अभियान चलाकर अफीम और डोडा की बड़ी खेप पुलिस टीम ने बरामद की है। साथ ही तस्करी में संलिप्त चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। जबकि तसला, केन समेत अन्य सामान बरामद किया गया है। गिरफ्तार तस्करों में कुंदा थाना क्षेत्र के टिटही गांव निवासी ब्रह्मदेव गंझू, विरेंद्र गंझू, हरिद्वार गंझू एवं लावालौंग थाना क्षेत्र के पसागम गांव निवासी चंद्रदेव गंझू का नाम शामिल है। बरामद अफीम का वजन 41.500 किलोग्राम है। जबकि डोडा का वजन 103 किलो है। जिसकी अनुमानित मूल्य सवा दो करोड़ रुपये आंकी गई है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक ने मंगलवार की देर शाम प्रेस वार्ता कर दी। एसपी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कुंदा थाना क्षेत्र के टिटही व बड़गांव तथा लावालौंग थाना क्षेत्र के होसिर एवं पसागम गांव के कुछ लोग मादक पदार्थो की बिक्री करने के लिए अपने-अपने घरो में भारी मात्रा में अफीम व डोडा रखे हुए हैं। सूचना के आलोक में सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार केसरी के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। गठित टीम ने कुंदा के ब्रह्मदेव गंझू के घर से 10.300 किलोग्राम अफीम व नौ बोरा में कुल 103 किलो डोडा, विरेंद्र गंझू के घर से 2.230 किलोग्राम गिला अफीम तथा हरिद्वार गंझू के घर से 2.080 किलोग्राम तथा ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### बरामद अफीम व डोडा की अनुमानित कीमत 2.28 करोड़



## इंडिया — ग्लैमर की राजनीति में उत्तर फ्लॉप दक्षिण हिट को बदलेंगी कंगना ?



सुनील बादल

भारत में धर्म, जाति के बाद जो हिट फॉमूर्ला सर पर चढ़कर बोलता है वह है ग्लैमर या फिल्मों का। इसीलिए पारंपरिक वोट बैंक से विकास की राजनीति के सहारे सत्ता पाने का प्रयास कर रही पार्टियां तक अंत पंत फिल्मी सितारों के सहारे भीड़ बढ़ाती हैं। राजनीति की शून्य समझ रखने वाले हिंदी फिल्म/टीवी जगत के आकर्षक अभिनेता, अभिनेत्री कई बार जीतकर भी कुछ नहीं कर पाते जैसे गोविंदा, सनी देओल या धर्मेंद्र, और मनोज तिवारी या टिकट ठुकराने वाले पवन सिंह कई बार जगहंसाई के पात्र बनते हैं पर दक्षिण के फिल्मी सितारों का जादू सर पर चढ़कर बोलता है जयललिता, रजनीकांत, एनटी रामाराव से लेकर चिरंजीवी तक। पर अभी हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत का मुंबई की ग्लैमरस जिंदगी से अनिश्चित राजनीतिक क्षेत्र में कदम रखना पूर्वनिर्धारित लगता है, जो उन्हें अपने पहाड़ी राज्य के लोगों की सेवा का अवसर दे सकता है। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के भांबाला गांव की लड़की कंगना रनौत की इतनी बड़ी सफलता का श्रेय उनके दृढ़ संकल्प, प्रतिबद्धता और इच्छाशक्ति को दिया जा सकता है। बॉलीवुड की सबसे सफल अभिनेत्रियों में से एक और हिंदुत्व विचारधारा तथा प्रधानमंत्री की कट्टर समर्थक कंगना रनौत मंडी लोकसभा सीट से राजनीति के नए क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए तैयार हैं, जिससे मुकाबला फिल्मी अंदाज में पलट सकता है। लगता है कि कंगना ने अपने करियर की दूसरी पारी के लिए अपने पत्ते अच्छे से खेले और भाजपा के उन वरिष्ठ नेताओं को पछाड़ दिया, जो दशकों से पार्टी के प्रति समर्पित थे।कंगना ने अपने परिवार से विद्रोह किया, जो उनके बॉलीवुड में जाने के खिलाफ थे, क्योंकि फिल्म उद्योग अनिश्चितताओं एवं दुविधाओं से भरा है, भले ही अवसर काफी हों। कंगना के माता-पिता चाहते थे कि वह डॉक्टर बने, लेकिन



उन्होंने मेडिकल प्रवेश परीक्षा ही नहीं दी। कम आय होने पर रोटी एवं अचार पर गुजारा करने के बावजूद उन्होंने बॉलीवुड में अपनी जगह बनाई। हालांकि मुंबई में अपना घर नहीं होने और बढ़ते कर्ज के कारण उनके जीने का संघर्ष बढ़ गया था। कंगना स्पष्टवादी इंसान हैं, जो खुद को 'जिद्दी और विद्रोही' बता सकती हैं। कंगना रनौत को आगे कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि सक्रिय राजनीति फिल्मी परी कथाओं जैसी नहीं होती है। अनिवार्य रूप से मतदाता उनसे एक पूर्णकालिक राजनेता होने की उम्मीद करेंगे। इसके लिए उन्हें मंडी को अपना स्थायी निवास स्थान बनाना होगा, ताकि लोग उनसे अपनी शिकायतों के निवारण के लिए संपर्क कर सकें अन्यथा उनका भी हाल दूसरे सितारों जैसा होगा । राजनीति का अनुभव नहीं होने के कारण उन्हें असाधारण मेहनत करनी होगी, हालांकि मोदी के करिश्मे और भारी लोकप्रियता से यह संभव हो सकता है। साथ ही, उन्हें भाजपा के अनुशासित कार्यकर्ताओं, विशाल संसाधनों और आरएसएस की चुनावी मशीनरी का समर्थन भी मिलेगा। 2021 में हुए मंडी लोकसभा उपचुनाव में कांग्रेस की प्रतिभा सिंह ने भाजपा से यह सीट छीन ली थी, जो मुख्यतः दिवंगत वीरभद्र सिंह के प्रति सहानुभूति के कारण थी, लेकिन राजनीतिक माहौल अब बदल गया है, क्योंकि कांग्रेस अव्यवस्थित है, जिससे कंगना को फायदा हो सकता है।यह एक संयोग ही था कि कंगना को उनके 37वें जन्मदिन पर 23 मार्च को मंडी लोकसभा सीट से टिकट दिए जाने की खुशखबरी मिली। खुद को दक्षिणपंथी विचारधारा से जोड़ने वाली और कट्टर मोदी समर्थक बताने वाली कंगना का आरएसएस से घनिष्ठ संबंध रहा है। यही वजह है कि राजनीति का अनुभव नहीं होने के बावजूद पार्टी ने उन्हें टिकट दिया। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी हिमाचल प्रदेश से हैं और कंगना को टिकट दिलाने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके अलावा उन्हें केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर का भी समर्थन हासिल है, जो राज्य के हमीरपुर जिले के हैं। सक्रिय राजनीति में प्रवेश करने की अपनी महत्वाकांक्षा पूरी होने के बाद बेहद उत्साहित कंगना ने कहा, 'मैं अपने जन्मस्थान हिमाचल प्रदेश से चुनाव लड़ने का मौका देने के लिए भाजपा नेतृत्व का आभार व्यक्त करती हूं।' वैसे कंगना और विवाद एक-दूसरे के पर्यायवाची हो गए हैं। अक्सर वह अपने विवादित बयानों के कारण सुर्खियों में रहती हैं। बार-बार उल्लंघन के कारण ट्विटर ने भी उनके खाते को स्थायी रूप से निलंबित कर दिया था, लेकिन बाद में प्रतिबंध हटा लिया गया। राजनीति में नवागंतुक होने के कारण कंगना को अपनी फिल्मी शैली से दूर रहना होगा और जमीनी स्तर के पार्टी कार्यकताओं और मतदाताओं के साथ घुलना-मिलना होगा, ताकि उन्हें लगे कि वह एक आम आदमी की तरह हैं, न कि बॉलीवुड की फिल्म स्टार। उन्हें अपने व्यक्तित्व में इस तरह के बदलाव से गुजरना होगा, जो एक सफल राजनीतिज्ञ बनने के लिए अनिवार्य है। सबसे बड़ी बात राजनीति में लिखे हुए डायलॉग नहीं होते अपना व्यक्तित्व होना चाहिए जिसमें कंगना दक्ष तो नहीं पर सक्षम जरुर हैं। उनकी सफलता से एक नई शुरूआत भी होगी क्योंकि वे स्मृति ईरानी की तरह वाकपटु भी हैं।

# लोस चुनाव : कांग्रेस ने जारी की 17 उम्मीदवारों की 11वीं सूची

### वाईएस शर्मिला को कडप्पा से टिकट

### सूची में बिहार की तीन, आंध्र प्रदेश की पांच, पश्चिम बंगाल की एक और ओडिशा की आठ सीटें

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को अपने उम्मीदवारों की 11वीं सूची जारी की। इसमें चार राज्यों के 17 उम्मीदवारों के नाम हैं। आंध्र प्रदेश की कडप्पा लोकसभा सीट से वाईएस शर्मिला रेड्डी को उम्मीदवार बनाया गया है। बिहार के किशनगंज से मोहम्मद जावेद, कटिहार से तारिक अनवर और भागलपुर से अजीत शर्मा को चुनाव मैदान में उतारा गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में इन उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दिया गया। इस सूची में बिहार की तीन, आंध्र प्रदेश की पांच, पश्चिम बंगाल की एक और ओडिशा की आठ सीटें हैं।

बिहार की तीन सीटों में कटिहार से तारिक अनवर, किशनगंज से मोहम्मद जावेद और भागलपुर से अजीत शर्मा को उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी ने पश्चिम बंगाल की दार्जिलिंग सीट से डॉ. मुनीष तमांग पर भरोसा जताया है।

आंध्र प्रदेश के काकीनाडा से एमएम पल्लम राजू, राजमुंद्री से जी. रूद्र राजू, बापटाला (एससी) से जेडी सीलम, कुरनूल से पीजी रामपुलैया यादव और कड्डुपा से वाईएस शमीर्ला रेड्डी को उम्मीदवार बनाया गया है। इसी तरह ओडिशा के कोरापुट से सप्तगिरी शंकर उल्का, बहरामपुर से रश्मिरंजन पटनायक, नबरंगपुर (एसटी) से भुजबल मांझी, कंधमाल से अमीरचंद नायक ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### दो दिवसीय रामदास घटवार स्मृति मेला आज से

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत गोराडीह पंचायत के खेरबेडा गांव में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 20 वीं वर्ष पूरा होने के उपलक्ष में शिक्षाविद स्वर्गीय रामदास घटवार दो दिवसीय स्मृति मेला का आयोजन 3 एवं 4 अप्रैल को किया गया है जिसमें फुटबॉल खेल प्रतियोगिता, छात्र-छात्राओं के लिए खेलकूद प्रतियोगिता, एस एस बाल विकास विद्यालय लोटा के छात्र-छात्राओं के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा एवं रात्रि में झारखंड एवं पश्चिम बंगाल के कलाकारों के द्वारा छऊ नृत्य प्रस्तुत किया जायेगा। इसकी जानकारी मेला के संरक्षक मुरलीधर सिंह घटवार ने दिया।

### मतदाता जागरूकता के लिए निकाली गई स्कूटी रैली

**खूंटी।** मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से स्वीप के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा मंगलवार को मतदाता जागरूकता स्कूटी रैली निकाली गई। मतदाता जागरूकता के नारे लगाकर शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक किया गया। रैली को स्वीप कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक आइटीडीए सहित अन्य अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना किया। महिलाओं का काफिलां ऊपर चौक तक गया और पुनः समाहरणालय में अकर स्कूटी रैली का समापन किया गया। इस दौरान आम नागरिकों से जिले में 13 मई को होनेवाले मतदान दिवस में आकर अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की गई। महिलाओं ने महिला सशक्तीकरण का संदेश देते हुए आम नागरिकों को मतदान करने के लिए जागरूक किया।

### विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनरों को दिया गया चुनाव संबंधी प्रशिक्षण

**खूंटी।** लोकसभा चुनाव को लेकर गठित प्रशिक्षण कोषांग द्वारा मंगलवार को विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनरों के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान मास्टर ट्रेनरों की निपुणता की परख ली गई। साथ ही मतदानकर्मियों द्वारा मतदान से पूर्व, मतदान के दिन और मतदान समाप्ति के बाद समस्त कार्य निष्पादन की प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। मास्टर ट्रेनरों को निर्वाचन संबंधित कार्य पद्धति से अवगत कराया गया।

### सी-विजील एप पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की करें शिकायत : उपायुक्त

**धनबाद।** उपायुक्त ने सभी नागरिकों से मोबाइल फोन में सी-विजील एप्प डाउनलोड कर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन संबंधी शिकायतें भेजने की अपील की है। साथ ही बताया कि अब तक सी-विजील एप्प पर एमसीसी उल्लंघन की 13 शिकायत प्राप्त हुई हैं, जिसमें 10 का निष्पादन कर शेष तीन शिकायत पर कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बताया कि सी-विजिल नागरिकों को चुनाव के दौरान रिश्वतखोरी, मुफ्त उपहार, शराब वितरण, अनुमत समय से अधिक देर तक लाउडस्पीकर बजाने जैसे आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की रिपोर्ट करने का अधिकार देता है। इस एप्प का उपयोग करके, नागरिक लाइव फोटो या वीडियो को कैप्चर करता है। उल्लंघन का स्पष्ट प्रमाण मिलते ही प्रशासन तुरंत हरकत में आ जाता है।

# डॉ परमेश्वर भगत ने आंधी-तूफान व ओलावृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का किया भ्रमण



नवीन मेल संवाददाता। चान्हो चान्हो और मांडर प्रखंड के कई गावों में विगत दिन भारी बारिश के साथ तेज आंधी तूफान एवं ओलावृष्टि हुए थी, जिससे अनेक किसानो का फसल और घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मंगलवार को पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत प्रभावित गांव का भ्रमण एवं ग्रामीणों से बैठक की साथ ही उनकी समस्याओं से अवगत हुए तथा किसानो को ढांढस दिए एवं हर सुख दुःख में साथ खड़ा रहने का भरोसा दिलाया। डॉ परमेश्वर भगत ने तत्छन अंचलाधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी से बात की और प्रामर्श दिए की जल्द से जल्द किसानो को उचित मुआवजा मिले। इस बिंदु पर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई किया जाए। प्रभावित गांव का नाम मलती, हेशमी, चोरया, गुटुवा, टिगोई अंबा टोली, मथा टोली, करकट, सोनचिपी, आरा, चारा एवं सरई टोली। कुछ किसानो का नाम शफिक अंसारी, उर्मिला देवी, कमरूल हक, रफीक अंसारी, सज्जाद अंसारी, शिव चरण साहू, सुरजी देवी, रमेश चौरिस्या, अमित उरांव, जेना भगत, सुरेश भगत, चद्रजीत उरांव, मुख्तार अंसारी, राजू उरांव, सहदेव मुंडा, सुमन मुंडा, सुखराम मुंडा, सुकरा उरांव, सरताज अंसारी, जगरुद्दीन अंसारी, रामचंद्र तिग्गा, रंथु उरांव, रघु उरांव, चुन्दा उरांव एवं अन्य कई लोग उपस्थित थे।

### तीन दिवसीय सरहुल पूजा व शोभायात्रा संपन्न

# लापुंग के खटंगा, सरना टोली और जमनी टोली में भव्य शोभायात्रा निकाली गई



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** लापुंग प्रखंड के खटंगा सरना टोली एवं जमनी टोली पश्चिमी भाग के संयुक्त तत्वावधान में सरनाटोली के सरना स्थल से भव्य शोभायात्रा जुलूस का आयोजन किया गया। सरना टोली से डीजे साउण्ड सिस्टम के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई वहीं दूसरे दिन पाहनों ने घर घर जाकर फूलखोंसी की। पाहन पुजार का प्रत्येक घरों में स्वागत किया गया और उनके ऊपर पानी ढालकर उन्हें पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ स्नान कराया गया। जुलूस के संचालक दशरथ उरांव, खटंगा के पाहन मदरा टोप्पो, महतो नितिन उरांव, छोटा पाहन तुलसी मुंडा, पईनभरा महादेव उरांव, खटंगा सरना टोली के 12 पड़हा राजा शंकर उरांव, पोला प्रसिद्ध नगाड़ा एवं मांदर वादक बिरसा महली, रईया उरांव संचालक महादेव उरांव, जमनी टोली के सुषमा खलखो, सरुआ उरांव, सांजो देवी, सरना अध्यक्ष अकलु उरांव, तेंबु उरांव, फूलचंद उरांव, सरुआ उरांव, गोगा उरांव, रामा उरांव, मनेई उरांव, सुरेश उरांव महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### सभी मतदाता जागरूक होकर अपने मताधिकार का जरूर प्रयोग करें : उपायुक्त

**खूंटी।** लोकसभा आम चुनाव में मतदान प्रतिशत में वृद्धि लाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने मंगलवार को खूंटी प्रखंड के पिछले चुनाव में कम मतदान प्रतिशत वाले बूथ मारंगहातू का भ्रमण किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में मारंगहातु ग्राम में बूथ जागरूकता दल की बैठक का आयोजन किया गया, ताकि हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करे। विगत चुनाव में मारंगहातू में 10 प्रतिशत से कम मतदान हुआ था। इसके मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी का प्रयास है कि लोकसभा आम चुनाव 2024 में मारंगहातू के सभी मतदाता जागरूक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। बैठक के दौरान बताया गया कि स्वीप के तहत जिले भर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। बूथ जागरूकता दल के माध्यम से संबंधित क्षेत्र में बूथ स्तर पर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाय।

# चुनाव के दौरान काले धन को रोकने के लिए आयकर विभाग ने बनाई रणनीति

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** लोकसभा चुनाव में अवैध रकम के इस्तेमाल पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे छापामारी अभियान में बीते 24 घंटे के भीतर गिरिडीह और जमशेदपुर में अलग-अलग स्थानों से करीब 15 लाख रुपए नकद जब्त किए गए। एक हफ्ते के अंदर राज्य के अलग-अलग इलाकों में वाहनों की चेकिंग में करीब 43 लाख रुपए जब्त किए गए हैं। सभी मामलों में आयकर विभाग की ओर से जांच शुरू की गई है। गिरिडीह में चुनाव आयोग के निर्देशानुसार गठित टीम और सरिया थाने की पुलिस ने मंगलवार को सरिया बाजार में वाहन चेकिंग के दौरान एक बाइक की डिक्की से चार लाख 45 हजार रुपए बरामद किए। बाइक मालिक सरिया निवासी झरी मंडल ने कहा कि वह बैंक में रुपए जमा करने जा रहा था, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। उधर जमशेदपुर में बीती रात पटमदा प्रखंड में एक चेक प्वाइंट पर एक गाड़ी से पांच लाख 51 हजार जब्त किए गए। इसके पहले इसी जिले के धालभूमगढ़ ब्लॉक क्षेत्र में 4 लाख 61 हजार रुपए बरामद किए गए। बता दे कि बीते 29 मार्च को लातेहार में पुलिस ने एक कार से 22 लाख रुपये जब्त किए थे। इसी तरह 27 मार्च को दुमका में एक कार से 11 लाख 28 हजार नगद बरामद किए गए। लोकसभा चुनाव के दौरान झारखंड में अवैध या काले धन का प्रवाह-प्रसार रोकने के लिए आयकर विभाग ने खास रणनीति तैयार की है। पुलिस भी इसे लेकर लगातार अभियान चला रहा है। आयकर विभाग ने अवैध तरीके से नगदी इधर-उधर ले जाने की सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई के लिए विशेष दस्ते बनाए हैं। रांची स्थित मुख्यालय में 24 घंटे कार्य करने वाला कंट्रोल रूम बनाया गया है।

### वाहन चेकिंग में अब तक 78.63 लाख रुपये नकद बरामद

रांची। लोक सभा चुनाव की घोषणा होने के बाद झारखंड पुलिस ने पिछले 17 दिनों में राज्य के अलग-अलग जिलों में चेकपोस्ट पर वाहन चेकिंग के दौरान 78.63 लाख रुपये नगद बरामद किये हैं। आचार संहिता के दौरान किसी के पास 50 हजार से ज्यादा नगद मिलने पर इसके स्रोत की जानकारी पूछी जाती है और 10 लाख से अधिक कैश मिलने पर आयकर विभाग जांच करता है। **कहां से कितने बरामद हुए :** 14 मार्च : धनबाद के मैथन चेकपोस्ट पर जांच के दौरान कार से दस लाख बरामद. 18 मार्च : धनबाद के मैथन में पुलिस ने कार से 2.91 लाख जब्त किये. 23 मार्च : बोकारो पुलिस ने चेकिंग के दौरान तीन कार से करीब 3.50 लाख बरामद किये. 24 मार्च : लातेहार एसपी के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाकर तीन लाख बरामद. 24 मार्च : रामगढ़ एसपी ने बरलांगा मुख्य मार्ग पर चेकिंग के दौरान एक वाहन से 1.95 लाख जब्त किये. 27 मार्च : लातेहार के बारियातू में कार से 1.21 लाख बरामद. 27 मार्च : दुमका में चेकपोस्ट पर जांच के दौरान अलग-अलग वाहनों से 16.53 लाख जब्त. 29 मार्च : लातेहार में वाहन चेकिंग के दौरान 21.95 लाख कैश बरामद. 31 मार्च : धनबाद के धनसार में ओला वाहन से पांच लाख जब्त।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। दुमका** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने लोकसभा आम चुनाव की तैयारियों को मंगलवार को मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण सदर प्रखंड के रानीबहाल पंचायत के सुदूर गांव कुलंगो के मध्य विद्यालय में बने वल्नरेबल मतदान केंद्र का किया। उपायुक्त ने वल्नरेबल मतदान केंद्रों पर निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित की गई सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। उपायुक्त ने स्थानीय लोगों के साथ बैठक कर लोकसभा आम निर्वाचन की पूरी जानकारी दी। मतदाताओं को उनके मताधिकार के सही उपयोग के बारे में बताया। जिला में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्वक मतदान करवाने के लिए मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध होंगे। संबधित अधिकारी को अपने-अपने मतदान केंद्रों पर सुविधाजनक तरीके से मतदान करवाने के लिए सभी आवश्यक कार्य पूरे करवाने के निर्देश दिया है। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि मतदान केंद्र के बाहर मतदान केंद्र से संबंधित जानकारी व मतदान केंद्र संख्या नंबर आदि व अन्य जानकारी लिखी होनी चाहिए।

# पुलिस ने वाहन जांच के दौरान अवैध बीयर के साथ वाहन को किया जब्त



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली/मुरी** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए झारखंड राज्य में अवैध मदिरा का व्यापार पर नियंत्रण करने हेतु अन्य राज्यों से अवैध परिवहन पर निगरानी हेतु दंडाधिकारी एवं उत्पाद विभाग के पुलिस पदाधिकारी एवं मुरी ओपी के पदाधिकारी की उपस्थिति में वाहन जांच के दौरान 1 अप्रैल दिन सोमवार को देर शाम करीब 7:20 बजे मुरी पुरुलिया सीमा पर झालदा बंगाल की ओर से आ रही एक डस्टर कार जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर हइ 68व/0468 को दंडाधिकारी एवं मुरी ओपी के पुलिस पदाधिकारी के द्वारा रोकने के लिए हाथ खड़ा किया गया तो कार चालक तेजी से भागने का प्रयास करने लगा। तत्पश्चात सीमा पर ब्रैकेटिंग की मदद से वहां उपस्थित पुलिस बल के सहयोग से गाड़ी को रोक लिया गया। जांच के क्रम में उक्त कार के डिक्की से काफी मात्रा में अवैध शराब/बियर बरामद किया गया। चालक बप्पा मलिक, पिता गोपोलेश्वर मलिक, ग्राम- राय थाना एवं जिला वर्धमान, पश्चिम बंगाल ने पूछताछ के क्रम में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया एवं शराब से संबंधित किसी प्रकार का वैध कागजात भी प्रस्तुत नहीं कर पाए। मौके पर मौजूद तैनात दंडाधिकारी मनोज कुमार एवं पुलिस पदाधिकारी की उपस्थिति में गिरफ्तार कर एवं अवैध बियर शराब की जप्ती सूची बनाकर मुरी थाना में कांड संख्या 28/2024, धारा 273/ 290 भा0 द0 वि0 एवं 47(ए)उत्पाद अधि0 के तहत चालक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### डीसी ने की कार्मिक, सामग्री व प्रशिक्षण कोषांग की समीक्षा बैठक

# सभी पदाधिकारी व कर्मी अपने दायित्वों का सही रूप से निर्वहन करें




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** जिला निर्वाचन पदाधिकारी नैंसी सहाय की अध्यक्षता में लोकसभा निर्वाचन 2024 के सफल संपादन को लेकर कार्मिक कोषांग, सामग्री एवं प्रशिक्षण कोषांग के वरीय तथा नोडल पदाधिकारी एवं प्रतिनियुक्त कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में कार्मिक कोषांग में प्रतिनियुक्त कर्मियों के कार्यों और उपलब्धता पर चर्चा की गई। सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को अपने दायित्वों का निर्वह्न एवं कार्य को सुचारू रूप से करने का निर्देश दिया गया। सभी कोषांगों के कर्मी को अपने-अपने कोषांग में अनिवार्य रूप से योगदान देने के लिए निर्देशित किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी को निर्देशित किया कि सभी कोषागों को अपने दायित्वों के निर्वहन के लिए पूर्ण रूप से प्रशिक्षण दिया जाना आवश्यक है ताकि सभी बिंदुओं पर स्पष्टता रहे। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी सीओ और सभी थाना प्रभारी को सी विसील, एनकोर, सुविधा एप्प के साथ साथ चुनाव आयोग से संबंधित सभी ऑनलाइन एप्स की जानकारी देने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी कर्मियों के प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षण कैलेंडर ससमय तैयार करा लें एवं तिथिवार सभी को चुनाव से संबंधित पूर्ण प्रशिक्षण करवाएं। मौक पर उन्होंने कार्मिक कोषांग, सामग्री कोषांग एवं प्रशिक्षण कोषांग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी अपने-अपने कोषांग से संबंधित हैंड बुक को पूरी तरह पढ़ लें, इससे चुनाव कार्यो को संपादित करने में काफी सहूलियत होगी।

### संपत्ति विवाद के कारण चलाई थी गोली, चार आरोपी गिरफ्तार

**कोडरमा।** कोडरमा पुलिस ने थाना अंतर्गत बेकोबार में गोली मार कर एक व्यक्ति को जख्मी करने के मामले का उद्भेदन करते हुए घटना में शामिल चार आरोपित को हथियार समेत गिरफ्तार किया है। इस बाबत मंगलवार को कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह ने प्रेसवार्ता में बताया कि सोमवार देर संध्या करीब सात बजे यह सूचना प्राप्त हुई कि कोडरमा थाना अन्तर्गत ग्राम बेकोबार में अजय पंडित को अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली मार दी गयी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए इसके सत्यापन एवं त्वरित उद्भेदन के लिए एक टीम एसडीपीओ जीतवाहन उरॉव, पुनि सह थाना प्रभारी सुजित कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के महज छह घंटों के अन्दर काण्ड का उद्भेदन करते हुए घटना को अंजाम देने वाले चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया एवं घटना को अंजाम देने में प्रयुक्त एक देशी पिस्टल, दो जिन्दा कारतूस, एक पिस्टल का मैगजिन एवं एक होण्डा ड्रीम योगा मोटर साईकिल को भी बरामद किया गया।

# बाल विवाह रोकने के लिए स्कूलों में बचपन सशक्तिकरण सप्ताह का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर** आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम मांडर में पिरामल फाउंडेशन और जिला प्रशासन के सहयोग से 'बचपन सशक्तिकरण सप्ताह' कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसका उद्देश बाल विवाह को रोकना और इसके खिलाफ समुदाय में जागरूकता लाना है। एस. एस जनता हाई स्कूल, मुरमा स्कुल के छात्रों ने 'बचपन सशक्तिकरण सप्ताह' के दूसरे दिन चित्रकला स्पर्धा में सहभाग लिया. छात्रों ने अपनी कलाकृति के माध्यम से अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। छात्रों की जीवंत ऊर्जा से प्रोत्साहित होकर भी शिक्षकों और छात्रों ने सामुदायिक भागीदारी के महत्व पर जोर देने का निर्णय लिया। जागरूकता फैलाते हुए अपने ज्ञान को गांवों तक फैलाने का निच्छय किया। शिक्षकों ने छात्रों के लिए संरक्षक और प्रेरक के रूप में कार्य करते हुए गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया। छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर बचपन सशक्तिकरण के महान लक्ष्य के प्रति सहयोग और समर्पण की भावना का उदाहरण प्रस्तुत किया। बाल विवाह के साथ साथ जीरो ड्राप आउट पर भी कार्य किया जा रहा है। वैसे बच्चें जिनका बाल विवाह कराया जाता है, जो कि असामाजिक कृतिया है।

## न्यूज बॉक्स

### स्कूटी सवार महिला पर जानलेवा हमला, हालत गंभीर

**मांडर।** थाना अन्तर्गत टांगरबसली मुख्यपथ पर स्थित बूढ़ाखुखरा पुल के सपीप मंगलवार शाम पांच बजे अज्ञात अपराधी ने स्कूटी सवार महिला को गोली मारकर हत्या का प्रयास किया। मिली जानकारी के अनुसार चान्हो थाना क्षेत्र के रानीचांचों नवा टोली निवासी गीता भगत स्कूटी से अपने ससुराल से बेड़ो अपने मायके जा रही थी। इसी दौरान एक अज्ञात अपराधी ने उसके कनपटी में सटाकर उसे गोली मार दी। काफी नजदीक से गोली मारे जाने के कारण गोली कनपटी के आर पार हो गई और वह सड़क पर गिर पड़ी। सड़क पर उसे गिरा पड़ा देख एक राहगीर ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने उसे रेफरल अस्पताल मांडर पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया। रिम्स में गंभीरावस्था में उसका इलाज चल रहा है। गीता के पति विजय भगत बीएसएफ में कार्यरत हैं, उसकी दो छोटी-छोटी बेटियां भी है। पुलिस के अनुसार जान लेवा हमला का कारण का पता नही चल पाया है, जल्द ही इसकी खुलासा कर लिया जाएगा।

### आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज




**बरही ।** आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी सह सदस्य सी-विजिल सेल के लिखिया शिकायत पर मामला दर्ज करवाया गया है. पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि मामला बरही प्रखंड भवन परिसर के चाहरदीवारी पर बीजेपी के स्लोगन लेख से संबंधित है. इसे लेकर प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी के लिखित शिकायत पर संबंधित पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष पर आचारसंहिता उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया है. विदित हो कि बीते 16 मार्च से पूरे देश में आचार संहिता लागू है, जिसका कड़ाई से पालन किया जा रहा है.

### केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सपरिवार दिउड़ी मंदिर में की पूजा-अर्चना




**रांची।** केंद्रीय मंत्री और खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा ने मंगलवार को तमाड़ स्थित सुप्रसिद्ध दिउड़ी मंदिर में पूजा-अर्चना की। उनके साथ उनकी पत्नी मीरा मुंडा और परिजनों सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। मुंडा ने कहा कि माता का आशीर्वाद लेकर सभी के खुशहाली और समृद्धि की कामना की। माता का आशीर्वाद सभी पर बना रहे। केंद्रीय मंत्री के मंदिर पहुंचने की सूचना पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

### समर्पित शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता : एसके मिश्रा



**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में मंगलवार को विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक उमेश कुमार मिश्रा की सेवानिवृत्ति पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य, शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने उनके सपरिवार उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इसके बाद विद्यालय के प्राचार्य सह सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड जोन-'जे' के संजय कुमार मिश्रा ने स्मृति चिह्न, पुष्प गुच्छ देकर एवं शॉल ओढ़ाकर शिक्षक उमेश कुमार मिश्रा को सम्मानित किया। प्राचार्य मिश्रा ने कहा कि एक अच्छा शिक्षक कभी भी अपनी सेवाओं से सेवानिवृत्त नहीं होता, बल्कि वह जीवनपर्यंत शिक्षक बना रहता है। डीएवी परिवार शिक्षक मिश्रा जी की दीर्घकालीन शिक्षकीय सेवा को हमेशा याद रखेगा। उन्होंने उमेश कुमार मिश्रा को एक संसाधक के रूप में विद्यालय से जुड़े रहने का आग्रह भी किया।

### एनटीपीसी ने कोयला उत्पादन और डिस्पैच में शानदार प्रदर्शन किया



**रांची।** एनटीपीसी लिमिटेड, भारत की अग्रणी एकीकृत विद्युत उपयोगिता ने वित्त वर्ष 2023-24 में 31 मार्च तक 34.39 एमएमटी के रिकॉर्ड कोयला उत्पादन के साथ झारखंड, ओडिशा और छत्तीसगढ़ राज्यों में स्थित अपनी पांच परिचालन कैप्टिव कोयला खानों से शानदार प्रदर्शन दर्ज किया है। यह 48.21 प्रतिशत की महत्वपूर्ण वृद्धि के साथ भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पार कर गया है। एनटीपीसी प्रबंधन ने बताया कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में 34.15 एमएमटी का प्रभावशाली कोयला डिस्पैच हासिल किया है। इसमें 55.50% की वृद्धि हुई है। इसके अलावा, इसने 1640 करोड़ रुपये का कैपेक्स प्राप्त करके अपने कैपेक्स उपयोग लक्ष्य को पार कर लिया इसके अलावा, एनटीपीसी कोयला खनन ने क्रमशः 1.8 एलएमटी और 1.29 एलएमटी का एक दिन का सबसे अधिक कोयला उत्पादन और प्रेषण हासिल किया। कोयला उत्पादन केरेडारी कोयला खनन परियोजना से शुरू हो गया है, जो एनटीपीसी की 5वीं कैप्टिव खान है। एनटीपीसी की सभी पांच प्रचालनात्मक कोयला खदानों ने अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया है और उनसे अधिक कार्य कर लिया है तथा भविष्य में नए मानक स्थापित करने के लिए कमर कस ली है। दुलंगा कोयला खनन परियोजना ने कोयला मंत्रालय, भारत सरकार से 5 स्टार रेटिंग हासिल की है और यह पिछले तीन वर्षों से देश की शीर्ष 3 खानों में से एक है।

### कोर्ट ने 11 लोगों का बकाया मानदेय भुगतान कर प्रति शपथ पत्र दायर करने का दिया निर्देश

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय में मंगलवार को विजयेता तिवारी एवं अन्य बनाम झारखंड राज्य एवं अन्य (रिट याचिका संख्या 49/23) मामले की सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी की एकल पीठ ने सुनवाई करते हुए मनरेगा आयुक्त को सभी 11 प्राथियों का बकाया मानदेय भुगतान कर प्रति शपथ पत्र दायर करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जब सभी प्रार्थी कार्य कर रहे हैं, विभाग द्वारा उनसे कार्य लिया जा रहा है तो जून 2022 के उपरांत उनके मानदेय का भुगतान क्यों नहीं किया गया है। विदित हो कि मामला चतरा जिले में ग्रामीण विकास विभाग में पदस्थापित कंप्यूटर ऑपरेटर से सम्बंधित था जिनकी नियुक्ती 2007 में हुई थी और तब से सभी कंप्यूटर ऑपरेटर अनवरत, निर्बाध अपनी सेवा विभाग को दे रहे थे, परन्तु जून 2022 के उपरांत उन्हें मानदेय भुगतान बंद कर दिया गया था। इसके बाद 11 प्राथियो ने मानदेय भुगतान सहित अपनी सेवा नियमितिकरण के लिए उक्त याचिका दायर की थी। प्राथियों की ओर से अधिवक्ता अवनीश रंजन मिश्र ने पक्ष रखा। मामले पर सुनवाई की अगली तारीख 16 अप्रैल सुनिश्चित की गई है।

# रांची समर्पण शाखा की श्वेता भाला को सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष का पुरस्कार




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के अग्रेसन भवन में आयोजित झारखंड प्रांतीय 22वीं मारवाड़ी युवा मंच के वार्षिक सभा में मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा को अनेकों पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इसमें मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा को पूरे प्रांत में सर्वश्रेष्ठ शाखा का पुरस्कार प्रदान किया गया। साथ ही, श्वेता भाला को श्रेष्ठ शाखा अध्यक्ष एवं विशेष अध्यक्ष के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, सर्वाधिक रक्तदान शिविर समर्पण शाखा वार्षिक, सर्वाधिक रक्तदान शिविर जून समर्पण शाखा, मेहंदी लगाओ पुरस्कार द्वितीय पुरस्कार दिव्या भाला, सर्वाधिक वृक्षारोपण समर्पण शाखा, अधिवेशन के लिए सम्मानित पुरस्कार, आठ दिवसीय आठ पूर्व अध्यक्ष सम्मान के लिए सहभागिता पुरस्कार समर्पण शाखा, कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर के लिए सहभागिता पुरस्कार भी समर्पण शाखा को मिला। मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने मंगलवार को बताया कि मंदिर साफ-सफाई अभियान सहभागिता पुरस्कार भी रांची समर्पण शाखा को मिला है। उन्होंने कहा कि '9 दिन, नौ कन्या, नौ कार्यक्रम' सहभागिता पुरस्कार समर्पण शाखा, श्रेष्ठ पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम पुरस्कार समर्पण शाखा, मंच स्थापना दिवस आयोजन के लिए सम्मान प्रदत्त समर्पण शाखा, गांधी जयंती पर सात दिवसीय स्वच्छ भारत अभियान सहभागिता पुरस्कार समर्पण शाखा और श्रेष्ठ पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम पुरस्कार भी समर्पण शाखा के हिस्से में आया है। अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच नेशनल पुरस्कार पर्यावरण एवं स्वच्छता पर श्वेता भाला, मंच रक्तदान शिविर के लिए स्टार ब्रांच रांची समर्पण शाखा को प्रदान किया गया है।

## एक नजर

### मृत जवान के परिजनों को मिला दस लाख का मुआवजा

**रांची।** सिक्किम में ड्यूटी के दौरान मृत भारतीय सेना के हवलदार सुनील लकड़ा के परिजनों को दस लाख रुपये की मुआवजा राशि गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने दिया। गुमला जिले के रायडीह प्रखंड के कोबीटोली गांव के रहने वाले रहने वाले सुनील लकड़ा 23 अक्टूबर 2021 को सिक्किम में ड्यूटी पर थे, तभी उनकी मृत्यु हो गई थी। वर्ष 1997 में इनकी नियुक्ति आर्मी के बिहार रेजिमेंट में जवान के पद पर हुई थी और सेना का सामान पहुंचाने के दौरान अचानक ठंड लगने से वे बीमार पड़ गये थे। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी।

### एनसीबी का जोनल ऑफिस खुला

**रांची।** रांची के हरमू चौक के समीप स्थित झारखंड स्टेट हाउसिंग बोर्ड कार्यालय के प्रथम तल्ले पर मंगलवार को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के जोनल कार्यालय का उद्घाटन हुआ। इसका उद्घाटन एनसीबी कोलकाता के डिप्टी डायरेक्टर जेनरल हितेश गोदारा ने किया। इस अवसर पर रांची जोनल यूनिट के जोनल डायरेक्टर अभिषेक आनंद, एनसीबी के कई पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

### सीआईडी ने देवघर से एक साइबर अपराधी को किया गिरफ्तार

**रांची।** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) के साइबर क्राइम थाना पुलिस ने साइबर अपराधी अभिषेक कुमार को देवघर से गिरफ्तार किया है। वह देवघर के मोहनपुर थाना क्षेत्र के घोरमारा का रहने वाला है। इसके पास से चार मोबाइल फोन और पांच सिम कार्ड बरामद किया गए हैं। साइबर डीएसपी नेहा बाला ने मंगलवार को बताया कि गिरफ्तार साइबर अपराधी गूगल सर्च इंजन में इलाहाबाद बैंक का फर्जी नंबर डालकर पीड़ित को सेंट्रल डिफेंस अकाउंट ऑफिस का अधिकारी बनकर लाइफ सर्टिफिकेट भरने का नाम पर चार लाख 98 हजार का साइबर ठगी किया। मामले के अनुसंधान के क्रम में साइबर अपराधी को देवघर से गिरफ्तार किया गया। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में पीड़ित की ओर से साइबर क्राइम थाने में तीन जनवरी 2024 को प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

### दुख मनुष्य की संपति है : आचार्य दीनानाथ शरण



**रांची।** श्री जगतगुरु देवाचार्य मलुक पीठाधीश्वर श्री राजेंद्र दास जी महाराज के कृपापात्र शिष्य परम पूज्य आचार्य दीनानाथ शरण जी महाराज श्री धाम वृंदावन ने मंगलवार को भागवत कथा के तीसरे दिन कहा कि दुख मनुष्य की संपत्ति है। यह कुंती की परिकल्पना है। कुंती भगवान से दुख में शरण मांगती हैं, और बहू द्रौपदी और पोते अभिमन्यु की पत्नी उत्तरा को भी दुख में भगवान के शरणागत होने की शिक्षा देती है। चीर हरण में द्रौपदी पांच महाबली पति से नहीं, भगवान कृष्ण से सहारा मांगती हैं। तो, उत्तरा भी कृष्ण का आह्वान करती हैं जब गर्भ पर अश्वत्थामा ब्रह्मास्त्र का प्रयोग करते हैं।

# रिम्स में 5 रुपये का जैलको भी खरीदना पड़ रहा मरीज को

## वार्ड इंचार्ज की उदासीनता से मरीजों को हो रही परेशानी



**अमित कुमार**

**रांची।** क्या होगा जब राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में मरीजों को खून आदि चढ़ाने के लिए जैलको तक नहीं दिया जाए। रिम्स में भर्ती होने वाले मरीजों को वार्ड की नर्स जैलको खरीद कर लाने को कह रही हैं। जबकि, जैलको की कीमत महज दो रुपये से पांच रुपये होती है। बता दें कि दवा, पानी तथा खून को मरीजों के शरीर में पहुचाने के लिए जैलको को नस में डाल कर सेट किया जाता है। रिम्स के वार्ड डी-1 में इन दिनों भर्ती होने वाले मरीजों को जैलको खरीद कर लाने को कहा जा रहा है। इसके साथ सौ रुपये का आइवी सेट और सौ रुपये के यूरिन कैथेटर भी लाने को कहा जा रहा है। इधर, रिम्स प्रबंधक का कहना है कि रिम्स के पास सारी व्यवस्थाएं हैं। लेकिन, वार्ड के इंचार्ज जब तक मांग नहीं करेंगे, तब तक सुविधा कैसे मुहैया कराई जाएगी।

### सभी वार्डो में मरीजो को है परेशानी

**वार्ड डी-1** में भर्ती रांची के प्रवीण सिन्हा को खून की कमी पर भर्ती होते ही जैलको तथा आइवी सेट बाहर से मंगाना पड़ा। साथ ही, 2000 रुपये की दवा भी मंगानी पड़ी।

**वार्ड ए-1** में मांडर के मरीज एमडी जमाल बताते है कि किडनी के इलाज के दौराण प्रत्येक दिन 2000 रुपये की दवाएं बाहर से खरीदनी पड़ रही हैं।

**वार्ड ए-2** में जामताड़ा के मरीज सुरेंद्र कुमार बताते है कि लिवर की समस्या है। भर्ती के दौरान यूरिन कैथेटर बाहर से खरीदना पड़ा है।

**वार्ड डी-1** वार्ड डी-1 में चतरा की रेनु कुमारी को इलाज पूरा किए बिना ही छुट्टी दे दी गई। मरीज के हाथ से जैलको तक नही निकाला और रिपोर्ट भी नहीं दी गई।

रिम्स मरीजों के मुफ्त इलाज का वादा करता है। ऐसे में हर किसी को बेहतर स्वास्थ्य सेवा का अधिकार यहां से मिले, यह मेरा प्रयास होगा। दवाओं की कोई कमी नहीं है। इसके वाद भी वार्ड में मरीजों को दवाएं नहीं मिलती हैं, तो यह संभवतः किसी बड़े भ्रष्टाचार की ओर इशारा है। अचार संहिता को लेकर थोड़ी देरी जरूर है, लेकिन यहां अव्यवस्था जल्द ही समाप्त होगी।

**प्रो (डॉ) राजकुमार, निदेशक, रिम्स।**

# सामाजिक और राजनीतिक दायित्व के लिए युवाओं को तैयार करेगा युवा आजसू : अभिषेक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) इकाई के सदस्यों ने 'युवा आजसू' के नवनियुक्त जिला सह प्रभारी अभिषेक झा का डीएसपीएमयू कैंपस में जोरदार स्वागत किया। विदित हो कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय से ही अभिषेक झा ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत छात्र नेता के रूप में की थी। अपने आठ सालों के कार्यकाल में उन्होंने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के मूलभूत सुविधाओं को सुधार करवाने में कई सफलता भी पाई। वे छात्र-छात्राओं के बीच काफी लोकप्रिय छात्र नेता के रूप में भी जाने जाते हैं। स्वागत करने वाले सभी छात्र-छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए युवा आजसू के रांची जिला सह प्रभारी अभिषेक झा ने कहा कि सामाजिक और राजनीतिक दायित्व के लिए युवाओं को युवा आजसू तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि मुझ जैसे कार्यकर्ता को रांची जैसी राजधानी में युवाओं को संगठित करने की बड़ी जिम्मेदारी देना सिर्फ और सिर्फ आजसू में ही संभव है। इसके लिए उन्होंने आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष का आभार प्रकट किया।

स्वागत कार्यक्रम में कैलाश महतो, ज्योति सोनी, ह्रदया, स्नेहा, प्रिया मिश्रा, रित्विक, मन्नू, मुकेश, किशोर, असफाख, सुधांशु, सुमीत महतो उपस्थित थे।

## युवा आजसू 'वन विलेज, टेन यूथ' के तहत करेगा कार्य



**रांची।** राजधानी रांची के हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में मंगलवार को युवा आजसू के राज्य संयोजकों की बैठक हुई। इसमें 31 मई तक राज्य के सभी प्रखंड, पंचायत और ग्राम प्रभारियों का चयन करना सुनिश्चित किया गया है। साथ ही, युवाओं के बीच नेतृत्व क्षमता का विकास करना और संगठन के कार्यों एवं गतिविधियों को युवाओं तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि युवा आजसू का लक्ष्य राज्य के हर गांव में संगठन का विस्तार करना है। इसके लिए युवा आजसू के ग्राम स्तर पर प्रभारियों का चयन किया जाएगा। युवा आजसू 'वन विलेज टेन यूथ' के तहत कार्य करेगा। इसके तहत हर गांव से कम से कम पांच पुरुष और पांच महिला युवा साथी को संगठन से जोड़ने का काम किया जाएगा।

# रांची नगर निगम को रोबोटिक तकनीक पर कंपनी ने दिया प्रेजेंटेशन




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची नगर निगम के नगर आयुक्त अमित कुमार से रोबोट बनाने वाली कंपनी अल्फा ड्रॉयड ने मुलाकात कर अपनी तकनीक का प्रेजेंटेशन दिया। कंपनी के संस्थापक तथा सीईओ संजीव कुमार ने बताया कि निगम ने अपनी जरूरत के अनुसार रोबोट बनवाने की बात कही है। इस तकनीक की मदद से नगर निगम अपने कार्यों को आसान बना सकेगा। इससे आम लोगो को भी फायद होगा। उन्होंने कहा कि जापान में रोबोट तकनीक काफी उन्नत है। उसी स्वरूप को मैं देश के लिए तैयार कर रहा हूं। यह प्रेरणा मुझे वहां काम करने के दौरान मिली है। पीएम मोदी से मैने वादा किया है कि देश के शौचालय धोने वाला रोबोट तैयार कर देश को समर्पित करूंगा। इसकी तैयार लगभग पूरी हो गई है। आदित्य मल्होत्रा, उपाध्यक्ष, झारखंड चैंबर ने कहा कि हमारा देश आत्मनिर्भर बन रहा है। अल्फा ड्रॉयड के इस प्रयास से झारखंड के लोगों को लाभ होगा। इसके माध्यम से कार्य आसान हो सकेगा। यदि कोई चलने-फिरने में असमर्थ है, तो यह रोबोट इसके कार्यों को आसान बना देगा।

# झारखंड मैथिली मंच की आम सभा 12 को

**रांची।** झारखंड मैथिली मंच की आमसभा 12 मई को होगी। रांची के हरमू स्थित झारखंड मैथिली मंच दलान पर मंगलवार को हुई कार्यकारणी की बैठक में तय किया गया कि 12 मई को नई कार्यकारणी गठन के लिए आम सभा बुलाई जाएगी। इसके पहले सभी सम्मानित सदस्यों ने करतल ध्वनि से कोषाध्यक्ष की ओर से पटल पर रखे गए पिछले दो वर्ष की आय और व्यय को अपनी स्वीकृति दे दी। इसके बाद महासचिव बीएन झा ने सभी सम्मानित सदस्यों का आभार व्यक्त किया। यह जानकारी महासचिव बीएन झा ने दी।




# आजसू की रामलखन सिंह यादव कॉलेज कमिटी गठित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) की रामलखन सिंह यादव कॉलेज कमिटी का गठन मंगलवार को किया गया। अमर गुप्ता छात्र आजसू की रामलखन सिंह यादव कॉलेज इकाई के अध्यक्ष बनाए गए हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, युवा आजसू के चेतन प्रकाश, रांची विश्वविद्यालय इकाई के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला, राहुल कुमार आदि उपस्थित थे। यह जानकारी छात्र आजसू की रामलखन सिंह यादव कॉलेज इकाई के प्रभारी अर्जुन गुप्ता ने दी है।

**कमिटी इस प्रकार है**

अध्यक्ष : अमर गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष : प्रवेश ठाकुर, वरीय उपाध्यक्ष : नितेश कुमार, संदीप बड़ाईक, श्याम सुंदर महतो, पूजा कुमारी एवं मनीष कुमार उपाध्यक्ष : खुशी कुमारी, रतन कुमार, एंजेल मोनी, संदीप उरांव एवं रोशन कुजूर, महासचिव : पुष्पा कुमारी, सह सचिव : अमित ठाकुर, नेहा सिन्हा, सौरभ गुप्ता एवं पिंटू चौधरी कोषाध्यक्ष : पूजा कुमारी, सह कोषाध्यक्ष : शबाना प्रवीण एवं रिचा कुमारी तथा मीडिया प्रभारी : सन्नी कुमार।

## न्यूज बॉक्स

### रेल टिकट की कालाबाजारी करते एक व्यक्ति गिरफ्तार



**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) रांची ने रेल टिकटों की कालाबाजारी कर रहे मोहम्मद जाकिर हुसैन को गिरफ्तार किया है। वह रांची के हिंदपीढ़ी का रहने वाला है। मंगलवार को मिली जानकारी के अनुसार टिकटों की हो रही कालाबाजारी के संबंध में गुप्त सूचना के आधार पर निरीक्षक सुमन कुमार झा के नेतृत्व में रांची के हिंदपीढ़ी स्थित एक दुकान में छापेमारी की गई। दुकान से रेलवे का उन्नीस ई-टिकट बरामद किया गया है। बरामद टिकट का मूल्य 26 हजार 600 रुपये है। गिरफ्तार व्यक्ति ने स्वीकार किया कि उन टिकटों को अधिक मूल्य प्राप्त करने के लिए दूसरे के नाम पर अपनी निजी आईडी का प्रयोग कर निकाला था।

### रांची में भारी मात्रा में नशे का सामान बरामद, एक धराया



**रांची।** रांची की दशम फॉल थाना पुलिस ने मैसुडीह गांव में छापेमारी कर एतवा मुंडा को गिरफ्तार किया। इसके पास से एक किलो 300 ग्राम अफीम, 50 किलो डोडा, 20 लीटर देशी महुआ शराब, किंगफिशर का बीयर 24 पीस, मैक डॉवेल्स 375 एमएल का 24 पीस, मैक डॉवेल्स 180 एमएल का सात पीस, एम्पीरियल ब्लू 375 एमएल का तीन पीस, एट पीएम ब्लैक 375 एमएल का छह पीस बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि दशम फॉल थाना पुलिस ने मैसुडीह गांव में एक व्यक्ति अवैध शराब,डोडा, शराब और अफीम रखकर बिक्री करता है। सूचना के बाद बुंडू एसडीपीओ रतिभान सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एतवा मुंडा के घर में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में नशा का सामान बरामद किया गया।

### रांची में लोकसभा चुनाव के लिए कंप्लेन मॉनीटरिंग कंट्रोल रूम शुरू

**रांची।** लोकसभा चुनाव, 2024 में पारदर्शिता तथा आम नागरिकों द्वारा प्राप्त शिकायतों के निष्पादन के लिए रांची जिले में 'कंप्लेन मॉनीटरिंग कंट्रोल रूम एंड कॉल सेंटर' शुरू किया गया है। रांची जिला प्रशासन ने मंगलवार को बताया कि आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद जिले के हेल्पलाइन नं. 1800-345-3333 को कनेक्ट कर दिया गया है। निर्वाचन से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी अथवा शिकायत के लिए उपरोक्त नंबर पर संपर्क कर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। रांची के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए कहा, आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि निर्वाचन से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी अथवा शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर 1800-345-3333 पर संपर्क कर जनता अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है।

### स्वयं मतदान करें और अन्य लोगों को भी प्रेरित करें : उत्कर्ष कुमार

**रांची।** रांची सदर के अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) उत्कर्ष कुमार ने मंगलवार को रांची के राजकीयकृत मध्य विद्यालय सह संकुल संसाधन केंद्र न्यू पुलिस लाइन में बूथ जागरूकता कार्यक्रम चलाया। इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची, श्री विवेक सुमन, कार्यपालक दंडाधिकारी, विद्यालय के प्रधानाध्यापिका एवं वॉलंटियर और संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने कार्यक्रम में आए सभी मतदाताओं को स्वयं मतदान करने तथा अन्य लोगों को भी प्रेरित करने का संदेश दिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को कहा कि बूथों पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों, इसपर विशेष ध्यान दें। उत्कर्ष कुमार ने बताया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्य दिव्यांगों व वृद्ध मतदाताओं की मदद करेंगे। वहीं, वे आम मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित भी करेंगे। यह ग्रुप घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर उन्हें मतदान केंद्र तक पहुंचाने के लिए प्रेरित करेगा। दिव्यांग व वृद्ध मतदाताओं को बूथ तक ले जाने की विशेष व्यवस्था की जाएगी। राजकीय वाहनों का प्रयोग किया जा सकता है। बूथ पर छाया-पानी, बिजली, रैंप आदि सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

### सफाई मित्र, सफाई पर्यवेक्षक, बीएलओ और बीएलओ पर्यवेक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

**रांची।** राजधानी रांची के शहरी क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और ज्यादा से ज्यादा योग्य नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए बीएलओ/बीएलओ सुपरवाइजर के साथ नगर निगम के सफाई कर्मचारी और सुपरवाइजर भी एक्शन में नजर आएंगे। इसे लेकर मंगलवार को रांची जिला स्कूल स्थित बहुउद्देश्यीय भवन में नगर निगम के सफाई मित्र, सफाई पर्यवेक्षक, बीएलओ और बीएलओ पर्यवेक्षकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती नेहा अरोड़ा ने कहा कि बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर, सफाई कर्मचारी और सुपरवाइजर के लिए यह गर्व की बात है कि आप सभी को चुनाव प्रक्रिया में शामिल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आप सभी कि जिम्मेदारी है कि अपने निर्वाचन क्षेत्र से ज्यादा से ज्यादा लोगों के नाम मतदाता सूची में जोड़ें और मतदान के लिए उन्हें प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि रांची जिला में मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए आखिरी तारीख 25 अप्रैल है, आप सभी समन्वय बनाकर ज्यादा से ज्यादा लोगों के नाम मतदाता सूची में दर्ज करें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि रांची जिला में मतदान प्रतिशत बढ़ाने में शहरी क्षेत्र के मतदाताओं का अहम रोल रहेगा।

# सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

खाटूनरेश की आराधना के साथ ही हनुमानजी महाराज की पूजा के लिए मंगलवार को 92वां श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। सुनील मोदी एवं आशा मोदी के परिवार ने हनुमान जी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्वलित कर केसरिया पेड़ा, गुड़-चना, फल, अंगूर, केला, संतरा भोग अर्पित कर महाग्रंथ श्री रामचरितमानस का एवं पाठ वाचकों का चंदन-वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनौली ने पूजा अनुष्ठान संपन्न करवाया।

पाठ वाचक मनीष सारस्वत, ओम शर्मा व अन्य ने साज-बाज के साथ श्री गणेश वंदना व श्री हनुमान चालीसा पाठ के बाद श्री सुंदरकांड का संगीतमय पाठ प्रारंभ किया। भक्तों के आग्रह पर पाठ के बीच-बीच में भजनों का गायन भी किया गया। बजरंगबली की जय-जयकार से पूरा श्याम मंदिर गूंजता रहा। पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेड़ा प्रसाद, श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद, प्रत्यूष अग्रवाल ने फल प्रसाद एवं मुकेश मित्तल ने गिरी गोला की सेवा निवेदित की। श्री सुंदरकांड के पाठ के बाद पुनः श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। 'जय हनुमान ज्ञान गुण सागर, जय कपीस तिहुं लोक उजागर' से शुरू हुए हनुमान चालीसा पाठ में भक्तजन भाव विभोर होकर हनुमानजी की आराधना में लीन रहे। महाआरती करके सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढानढनिया, अनिल नारनौली, स्नेह पोद्दार, पवन केडिया, रतन शर्मा, प्रकाश मोदी, श्याम सुंदर जोशी आदि उपस्थित थे।

# आरडीसीआईएस और स्तंभ ट्रस्ट का सोहराय पेंटिंग प्रशिक्षण शुरू




**नवीन मेल संवादाता। रांची**

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के आरडीसीआईएस रांची से प्रायोजित एवं स्तंभ ट्रस्ट द्वारा आयोजित सोहराय पेंटिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का मंगलवार को वीर बुधु भवन, हरमू में उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन सेल के एसजे जाचक, सीजीएम (पीएंडए), उज्ज्वल भास्कर, संचार प्रमुख, डॉ सुमन कांत ठाकुर, डीजीएम, राहुल श्रीवास्तव, वरीय प्रबंधक एवं निखिल उरांव (ओसीटी) ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इसमें कुल 15 महिलाओं को 60 दिनों तक सोहराय पेंटिंग का प्रशिक्षण स्तंभ ट्रस्ट द्वारा दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सेल के कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत होगा। प्रशिक्षण के बाद महिलाओं को रोजगार से जोड़ने की कोशिश की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में एसजे जाचक ने कहा कि सेल इस तरह के प्रशिक्षण में अपना पूरा सहयोग देगा। संस्था की अध्यक्षा जयश्री देवी ने महिलाओं को पेंटिंग को गंभीरता से सीखने का अनुरोध किया। संस्था के सचिव अवनी भूषण के अलावा संजय कुमार, सुनील भारती, स्वीटी गाड़ी, रानी कश्यप आदि उपस्थित थे।

# वाम दल और ओवैसी के मैदान में उतरने से इंडी गठबंधन को लग सकता है झटका

**उपेंद्र गुप्ता रांची । झारखंड इंडी गठबंधन में दरार पड़ चुका है। वाम दलों में सीपीआई और सीपीएम ने अपना अलग रास्ता चुन लिया है और 6 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। सीपीएम राजमहल और चतरा सीट से चुनाव लड़ेगी, तो सीपीआई चार लोकसभा क्षेत्र पलामू, लोहरदगा, चतरा और दुमका से चुनाव लडेगी, वाम दलों का राज्य के कम से कम दस सीटों पर चुनाव लड़ने की योजना है। वहीं इंडी गठबंधन के तहत भाकपा माले कोडरमा सीट से मैदान में उतरेगी।**

## राष्ट्रीय दल की मान्यता बरकरार रखने के लिए चुनाव लड़ना वाम दलों की मजबूरी



इंडी गठबंधन में सभी वाम दल शामिल जरूर हैं, लेकिन झारखंड में झामुमो-कांग्रेस ने सिर्फ भाकपा माले को कोडरमा की एक सीट दी, जिससे सीपीआई और सीपीएम को अपना प्रत्याशी उतारना पड़ा। दोनों राष्ट्रीय पार्टी हैं, जिसकी मान्यता बरकरार रखने के लिए उन्हें वोट प्रतिशत भी बढ़ाना जरूरी है। इसलिए दोनों पार्टियां दस सीटों पर लड़ने का फैसला किया है। लेकिन वाम दलों के इस फैसले से झामुमो-कांग्रेस को नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। कई सीटों पर वाम दलों का अच्छा प्रभाव है और उन क्षेत्रों में मुकाबला बेहद नजदीकी हुआ तो इंडी गठबंधन के प्रत्याशी को हार का सामना भी करना पड़ सकता है। हजारीबाग, चतरा, पलामू, राजमहल, खूंटी जैसे सीटों पर वाम दलों को कम आंकना महंगा पड़ सकता है।

## सिर्फ एक सीट मांगा, वह भी नहीं दिया : वाम दल

सीपीएम के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव कहना है कि राष्ट्रीय पार्टी होने के बावजूद हमने तो सिर्फ एक लोकसभा सीट मांगी थी, लेकिन राज्य की प्रमुख पार्टी झामुमो-कांग्रेस ने हमें तवज्जों नहीं दी। हमारी राष्ट्रीय पार्टी है और आगे भी यह दर्जा बरकरार रखना है, इसके लिए उम्मीदवार तो उतारना ही पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बाकी के 12 सीट जहां से हमारा उम्मीदवार नहीं होगा, वहां हम उस प्रत्याशी की मदद और समर्थन करेंगे। सीपीआई के नेता अजय सिंह ने कहा कि वाम दलों को कम करके आंकने की भूल झामुमो-कांग्रेस के नेताओं ने की है।

## ओवैसी और राजद भी ठोक रहे ताल




इंडी गठबंधन के लिए सिर्फ वाम दल ही परेशानी का कारण नहीं है, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एइएमइएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने राज्य के दस सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है, ओवैसी की पार्टी को लेकर इंडी गठबंधन के नेता जो कहते हो, लेकिन युवा मुस्लिम वर्ग में ओवैसी की अच्छी पकड़ है। तो राजद सिर्फ पलामू सीट पर राजी होने को तैयार नहीं है और चतरा सीट की भी मांग कर रहा है। राजद 2019 की तरह चतरा में अपना उम्मीदवार उतार सकता है। उस समय राजद प्रत्याशी को 85 हजार वोट मिला था और कांग्रेस प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा था। इस तरह देखे तो वाम दल ,राजद और ओवैसी दोनों इंडी गठबंधन के वोट बैंक में ही सेंधमारी करेंगे, जिससे नुकसान इंडी गठबंधन को ही उठाना पड़ेगा।

## वाम दलों के मैदान में उतरने से इंडी गठबंधन को नुकसान की संभावना



सीपीएम ने राजमहल से गोपीन सोरेन और चतरा से जैनेंद्र कुमार को अपना प्रत्याशी बनाया है। जबकि सीपीआई ने चार लोकसभा क्षेत्र पलामू, लोहरदगा, चतरा और दुमका से अभय भुइंया, महेंद्र उरांव, अर्जुन कुमार और राजेश कुमार किस्कू के नाम की घोषणा कर दी है। वाम दलों के इस फैसले से इंडी गठबंधन को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। 2004 से अबतक प्रायः हर चुनाव में राजमहल लोकसभा सीट पर सीपीएम के प्रत्याशी अच्छा खासा वोट लाते रहे हैं। इसी तरह हजारीबाग में तो सीपीआई के दो दो बार सांसद भी रहे हैं। 2019 में राजमहल लोकसभा सीट से गोपीन सोरेन को 35 हजार से अधिक मत मिला था, तो चतरा से सीपीआई प्रत्याशी अर्जुन कुमार को 22,577 वोट मिले थे। दुमका में वामदलों को 16 हजार से अधिक वोट मिला था।

## केरल और बंगाल में भी यही हालात




**वाम दलों के अलग चुनाव लड़ने पर झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्या ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर सभी पार्टियों के नेता एकजुट हैं। रामलीला मैदान में वामदलों के शीर्षस्थ नेता मंच पर थे। इंडिया ब्लॉक में कई राज्यों जैसे केरल में सीपीएम और कांग्रेस के बीच मुकाबला है, प. बंगाल में टीएमसी और वाम दल आमने सामने हैं। ऐसे में अगर यहां पर सीपीआई, सीपीएम अलग चुनाव लड़ते हैं तब भी कोई परेशानी नहीं है।**

## न्यूज बॉक्स

### तानाशाही ताकतों का किला ध्वस्त होना शुरू हो गया है : कल्पना सोरेन

**रांची।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में सुप्रीम कोर्ट से मंगलवार को जमानत मिलने पर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने उन्हें बधाई दी है। साथ ही, केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा है, 'तानाशाही ताकतों का किला ध्वस्त होना शुरू हो गया है। आप नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह जी ने अन्यायपूर्ण कारावास के खिलाफ एक बड़ी जंग जीती है। यह सत्य और संघर्ष की जीत है, यह इंडिया की जीत है। संजय सिंह, उनकी धर्मपत्नी अनिता सिंह तथा उनके परिवारजनों को हार्दिक बधाई और जोहार।'




### हाई कोर्ट ने शिवेंद्र की सेवा छह सप्ताह के अंदर संपुष्ट करने का दिया निर्देश

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में जेपीएससी के द्वितीय बैच की सेवा संपुष्टि के लिए शिवेंद्र कुमार द्वारा दाखिल रिट याचिका दायर पर मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान जस्टिस एसएन पाठक की खंडपीठ ने झारखंड सरकार को आदेश दिया है कि शिवेंद्र की सेवा छह सप्ताह के अंदर संपुष्ट करते हुए उन्हें सभी तरह का लाभ प्रदान करें। शिवेंद्र ने अपनी याचिका में गुहार लगाई थी कि जेपीएससी द्वितीय बैच के सभी अधिकारियों की सेवा संपुष्ट हो गई है। लेकिन, उनकी सेवा संपुष्ट नहीं की गई है। शिवेंद्र की नियुक्ति वर्ष 2008 में डीएसपी के पद पर हुई थी। शिवेंद्र का अधिवक्ता राधा कृष्ण गुप्ता और पिंकी साव ने पक्ष रखा। वर्ष 2008 में द्वितीय जेपीएससी परीक्षा पास कर शिवेंद्र डीएसपी बने थे। बाद में द्वितीय झारखंड पब्लिक सर्विस नियुक्ति को सीबीआई द्वारा जांच की गई थी।

### भाजपा को बड़ा झटका, गिरिनाथ की घर वापसी

**रांची।** पूर्व विधायक और मंत्री गिरिनाथ सिंह भाजपा को छोड़ कर फिर से राजद में शामिल हो गए हैं। पटना में राजद कार्यालय में गिरिनाथ सिंह ने सदस्यता ग्रहण की है । साल 2019 से पहले तक वे राजद में ही थे, गिरिनाथ सिंह राजद के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं। लेकिन 2019 लोकसभा चुनाव से पहले उन्होंने पार्टी छोड़ दी थी और भाजपा में शामिल हो गए थे। सूत्रों की मानें तो पार्टी उन्हें चतरा लोकसभा सीट से प्रत्याशी बना सकती है।

### 14 सीटों पर जीत के लिए एनडीए ने बनाई रणनीति

# भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करना ही हमारा लक्ष्य : लक्ष्मीकांत वाजपेयी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

2024 लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय में एनडीए की बैठक हुई। जो लगभग डेढ़ घंटे तक चली । बैठक में भाजपा प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ,प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो शामिल हुए, जबकि भाजपा के कई नेता मौजूद नहीं रहे। इसमें घटक दलों के सभी नेताओं ने आपस में समन्वय बना कर राज्य की सभी 14 लोकसभा सीट जीतने रणनीति बनाई । पिछली बार एनडीए ने 12 सीटों पर जीत दर्ज की थी, इस बार सभी 14 सीटों पर जीत की तैयारी है। बैठक में नाराज नेताओं और कार्यकताओं को भी मनाने का प्रयास किया गया।

**भाजपा के कई नेता नहीं हुए शामिल :** एनडीए की बैठक में सभी प्रत्याशी के साथ उन्हें भी बुलाया गया था जिन्हें टिकट कटा था। लेकिन जयंत सिंहा और सुनील सोरेन इस बैठक में शामिल नहीं हुए । जबकि सुनील सिंह, पीएन सिंह, अमर बाउरी और सुदर्शन भगत इस बैठक में शामिल हुए। इनके अलावा गोड्डा प्रत्याशी निशिकांत दूबे और हजारीबाग प्रत्याशी मनीष जायसवाल भी बैठक में शामिल नहीं हुए।

**चतरा प्रत्याशी के खिलाफ नारेबाजी :** एनडीए की बैठक के दौरान ही भाजपा प्रदेश कार्यालय सामने चतरा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई। चतरा सीट के दावेदार रहे राजधानी यादव अपने समर्थकों के साथ पहुंचे और जमकर हंगामा किया, इस दौरान राजधानी यादव भाजपा के नेताओं से काफी नाराज दिखें। इसी बीच प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने संगठन महामंत्री के कक्ष में राजधानी यादव के साथ करीब 45 मिनट तक बातचीत की।

बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो, भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, अन्नपूर्णा देवी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित प्रदेश पदाधिकारी, लोकसभा उम्मीदवार, लोकसभा प्रभारी, भाजपा के जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी सहित आजसू पार्टी के प्रदेश एवं जिलों के पदाधिकारी उपस्थित थे।




### पीएम नरेंद्र मोदी 14 सीट का देंगे तोहफा : बाबूलाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने 14 सीटों पर जीत का दावा करते हुए कहा कि भविष्य का रोड मैप तय करने के लिए यह चुनाव काफी महत्वपूर्ण है। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि यह बैठक लोकसभा चुनाव में जिला और प्रखंड स्तर पर समन्वय स्थापित करने के लिए बुलाई गई थी। पिछले लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन ने 14 में से 12 सीटें जीती थी। लेकिन इस बार एनडीए गठबंधन ने 14 की 14 सीटों पर जीत का लक्ष्य रखा है। पीएम मोदी के संकल्प अबकी बार 400 पार के लक्ष्य में हम उन्हें राज्य की सभी 14 सीट जीतकर तोहफा देंगे। वहीं, कई वरिष्ठ सांसदों के टिकट कटने के सवाल पर उन्होंने कहा कि सभी पार्टी के साथ हैं। किसी की कोई नाराजगी नहीं है।

### देश और राज्य के प्रति जवाबदेह नहीं है विरोधी पार्टी : सुदेश

एनडीए की बैठक के बाद मीडिया से सुदेश महतो ने कहा कि एनडीए के संकल्पों को सामने रखकर काम करता है। यही वजह है कि एनडीए को बड़ा समर्थन हासिल है। जबकि विरोधियों के पास राज्य अथवा राष्ट्र के प्रति जवाबदेही नहीं है। लोकसभा चुनाव में एनडीए का एक- एक कार्यकर्ता झारखंड में बड़ा जनसमर्थन जुटाने की भूमिका अदा करेगा। इस बार एनडीए अपना वोट शेयर भी बढ़ायेगा। साथ ही झारखंड में एनडीए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के संकल्पों को साकार करने में अहम योगदान देगा। की बैठक में आजसू पर्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष उमाकांत रजक और विधायक डॉ लंबोदर महतो समेत जिलों के अध्यक्ष भी शामिल थे।

### राष्ट्रीय मुद्दे पर लड़ रहे लोकसभा चुनाव : लक्ष्मीकांत बाजपेयी

भाजपा प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव हम स्थानीय मुद्दे पर नहीं बल्कि राष्ट्रीय मुद्दे पर लड़ रहे हैं। भ्रष्टाचार हमारा मुद्दा है और हमेशा रहेगा। देश को भ्रष्टाचारियों से बचाना और भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करना ही हमारा लक्ष्य है। जब विधानसभा का चुनाव आएगा तब हम स्थानीय मुद्दों पर लड़ेंगे। लेकिन हम विकसित भारत के संकल्प के साथ चल रहे हैं। हमारा लक्ष्य है अबकी बार 400 पार का है।

# भारत रत्न देने में किसी तरह से प्रटोकॉल का नहीं हुआ है उल्लंघन : प्रतुल शाहदेव

### झामुमो प्रवक्ता के बयान पर भाजपा का पलटवार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार के बयान पर जोरदार पलटवार करते हुए कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा आज गठबंधन में उसी कांग्रेस के साथ है, जिसने देश के राष्ट्रपति पद पर पहली बार आसीन होने जा रही एक आदिवासी बेटी को शैतानी सोच का प्रतिनिधित्व करने वाली बताया था। प्रतुल ने कहा कि कुछ दिन पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा ने राष्ट्रपति भवन पर भी समय नहीं देने को लेकर अमर्यादित टिप्पणी की थी। प्रतुल ने कहा कि आडवाणी को भारत रत्न देते समय किसी प्रकार का प्रोटोकॉल नहीं तोड़ा गया। उल्टे वयोवृद्ध हो चुके 96 वर्ष के आडवाणी को व्हीलचेयर से



राष्ट्रपति भवन ले जाने की बात कर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपनी ओछी मानसिकता दिखा दी है।

**सोनिया के सामने पीएम मनमोहन सिंह खड़े रहते थे :** प्रतुल ने कहा कि देश के इतिहास में पहली बार एक आदिवासी महिला को देश की राष्ट्रपति बनाने का श्रेय श्री नरेंद्र मोदी को जाता है।

आदर्श और मयार्दा के ऊपर झामुमो हमें लेक्चर ना दें। यह वही कांग्रेस पार्टी के साथ है, जिसके शासन काल में देश का प्रधानमंत्री खड़ा रहता थे और सोनिया गांधी बैठी हुई रहती थी। जिनके समय प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा लाया गए कानून को राहुल गांधी ने फाड़कर फेंक देते थे।झामुमो की सहयोगी कांग्रेस पार्टी में कई बार यह देखा गया है कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को सोनिया और राहुल के सामने बैठने का अधिकार भी नहीं है।

**हेमंत पार्ट 1 व 2 में सिर्फ भ्रष्टाचार :** प्रतुल ने कहा कि इसके उलट हेमंत सरकार पार्ट वन और पार्ट 2 सिर्फ और सिर्फ भ्रष्टाचार के कारण देश में जानी गई। 70,000 करोड़ का घपला, घोटाले का आरोप लगा। देश के इतिहास में पहली बार एक मुख्यमंत्री 40 घंटे तक फरार रहा।

### भाजपा ने विधानसभा प्रभारी किया नियुक्त

**रांची।** प्रदेश भाजपा ने लोकसभा अनुसार विधान सभा प्रभारियों की जारी किए सूची कर दिया है। प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू ने सूची जारी की है। निर्वतमान सांसद सुनील सोरेन को राजमहल, चतरा के सांसद सुनील सिंह को गिरिडीह का,राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा को हटिया , पूर्व सांसद रवींद्र राय को खूंटी का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इनके आलावा की पूर्व विधायक और जिला अध्यक्षों को भी विभिन्न विधानसभा का प्रभारी बनाया गया है।

# भाजपा ही भ्रष्टाचार की जननी : सुप्रियो भट्टाचार्य

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को एनडीए की बैठक हुई। बैठक के बाद कुछ बातें सामने आई हैं। बैठक में भाजपा के झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी का यह कहना कि इस बार का लोकसभा चुनाव भ्रष्टाचारियों के खिलाफ होगा। यह अपने आप में एक बहुत बड़ा झूठ है। उन्होंने भाजपा पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि लक्ष्मीकांत बाजपेयी को शायद नहीं पता कि भाजपा ही भ्रष्टाचार की जननी है।



उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, लालकृष्ण आडवाणी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वायरल फोटो पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस प्रकार से आदिवासी राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और आडवाणी के सामने खड़े दिख रहे हैं, यह उनके पद का और लोकतंत्र का अपमान है। भारत रत्न का सम्मान लेने के लिए जब पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव एवं कपूरी ठाकुर के बेटे आ सकते हैं, तो फिर लालकृष्ण आडवाणी के घर से भी किसी को क्यों नहीं बुला कर भारत रत्न का सम्मान दिया गया। उनके घर पर राष्ट्रपति को क्यों भेजा गया। इस पूरे प्रकरण पर चुनाव आयोग को संज्ञान लेने की जरूरत है।भट्टाचार्य मंगलवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह राजनीतिक भ्रष्टाचार है। लोकतंत्र पर इतना बड़ा राजनीतिक भ्रष्टाचार आज तक नहीं हुआ था। उन्होंने रघुवर दास का नाम लिए बगैर उन पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा ने अपनी पार्टी के नेता को बचाने को लिए एक गरिमामय पद दे कर उन्हें राज्य से बाहर भेज दिया, ताकि उन पर ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग हाथ ना डाल सके।उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन आदिवासी हैं, इसलिए आज जेल में बंद है। इसका मतलब यह है कि जिसके खिलाफ सबूत नहीं है, वह (हेमंत सोरेन) जेल में बंद है और जिसके खिलाफ पर्याप्त सबूत है, वह राजभवन में बैठे हुए हैं।

# निर्वाचन अवधि में अवैध शराब और मादक पदार्थों के मामलों में बरतें सख्ती : रवि कुमार

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की रोकथाम को लेकर की समीक्षा बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने मंगलवार को कहा कि स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त चुनाव के लिए जरूरी है कि अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की रोकथाम के मामलों पर पूरी सख्ती से त्वरित कार्रवाई की जाए। इससे शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं निष्पक्ष एवं भयमुक्त निर्वाचन संपन्न कराने में सहूलियत होगी। वे मंगलवार को लोकसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनजर अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की रोकथाम से संबंधित विषयों पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं उत्पाद अधीक्षक द्वारा इस संबंध में की गई कार्रवाई की जिलावार समीक्षा कर रहे थे। रवि कुमार ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के उत्पादन, भंडारण, वितरण, बिक्री एवं परिवहन पर सख्ती बरतें और इसमें संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध कड़ी



कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। कहा कि शराब एवं मादक पदार्थों में संलिप्त हिस्ट्रीशीटर्स एवं अन्य आरोपितों का प्रोफाइल के साथ डाटाबेस तैयार करते हुए इसके तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने की आवश्यकता है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि शराब एवं मादक पदार्थ चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित न करें। इसके लिए सभी चिह्नित एवं संभावित स्थानों पर छापेमारी तेज कर दें और आरोपितों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने रिटेलर के पास अधिक मात्रा में प्रारंभिक स्टॉक, खरीद-बिक्री एवं अंतिम स्टॉक की जांच करने, चेक पोस्टों द्वारा अधिक मात्रा में जब्त की गई, अवैध शराब की मात्रा व मूल्य आदि का आकलन करने का निर्देश दिया। साथ ही, उन्होंने पदाधिकारियों को अवैध शराब की मात्रा एवं उसके मूल्य का आकलन आवश्यक रूप से करने का निर्देश दिया।

रवि कुमार ने आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद दर्ज किए गए मामलों एवं गिरफ्तार व्यक्तियों के विरुद्ध हुई कार्रवाई की भी समीक्षा की। उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में विषाक्त शराब से हुई मौतों के मामलों को रेखांकित करते हुए पूरी संजीदगी से कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने मादक पदार्थों के उत्पादन, भंडारण, वितरण एवं बिक्री के नियंत्रण के दौरान दायर किए गए मामलों एवं आरोपितों के विरुद्ध चल रही कार्रवाइयों की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की। राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने शराब एवं मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए सख्त से सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष चौकसी बरतते हुए शराब एवं मादक पदार्थों के भंडारण, वितरण, बिक्री एवं परिवहन पर रोक लगाने के लिए हरेक स्तर पर प्रभावी कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के सचिव मुकेश कुमार, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह एवं डॉ नेहा अरोड़ा सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# धनबाद के गोविंदपुर सीओ शशिभूषण सिंह से ईडी ऑफिस में हुई पूछताछ

**नवीन मेल संवददाता**

**धनबाद ।** धनबाद जिले के गोविंदपुर अंचल के सीओ शशिभूषण सिंह से मंगलवार को ईडी ऑफिस में ईडी के अधिकारियों ने पूछताछ शुरू की। शशिभूषण सिंह ने ईडी जमीन के दस्तावेजों के बारे में जानकारी मांगी गई, जो छापेमारी के दौरान उनके आवास से मिली थी। ईडी चार अप्रैल को अंबा प्रसाद और पांच अप्रैल उनके भाई अंकित साह पूछताछ करेगी। ईडी ने झारखंड की राजधानी रांची और हजारीबाग में 12 मार्च को करीब 20 ठिकानों पर छापेमारी की थी। यह छापेमारी अंबा प्रसाद, योगेंद्र साव और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में की गई थी। मामला वर्ष 2002 का है, जो रंगदारी, लेवी वसूलने, अवैध बालू खनन और जमीन हथियाने जैसे आपराधिक गतिविधियों से जुड़ा है। दरोगा मीरा सिंह भी ईडी ऑफिस पहुंचीं और जरूरी कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद बालू तस्करी, जमीन घोटाला से लेकर कई मामलों में एजेंसी के अधिकारी दोनों से पूछताछ की। सीओ शशिभूषण का कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद के पूरे परिवार से अच्छा संबंध बताया जाता है। कई जमीनों पर कब्जे के लिए शशि भूषण ने अंबा प्रसाद और उनके पिता योगेंद्र प्रसाद की मदद करने का आरोप है। इसी वजह से अंबा के करीबी शशिभूषण के साथ-साथ दूसरे करीबियों के यहां भी ईडी ने रेड मारी थी। शशिभूषण की भी 100 से अधिक संपत्तियों की जानकारी ईडी को मिली है।

### हाई कोर्ट ने मांगा गंभीर अपराधों का ब्योरा

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में दुमका में महिला टूरिस्ट से सामूहिक दुष्कर्म मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई मंगलवार को हुई। सुनवाई के दौरान झारखंड सरकार की ओर से विदेशी पर्यटकों के लिए बनाए जाने वाले स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) का ड्राफ्ट कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस पर एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य में कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश देते हुए राज्य सरकार से पिछले एक माह के भीतर राज्य में महिला हिंसा, भू -माफियाओं द्वारा जमीन कब्जा, रंगदारी आदि गंभीर अपराधों के संबंध में जानकारी मांगी है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई चार अप्रैल निर्धारित की है।

## एक नजर

### बढ़ी हुई न्यूनतम मजदूरी को अविलंब लागू करें प्रबंधन

**रामगढ़।** सेल रिफ्रैक्टरीज यूनिट इफिको मरार संयुक्त मोर्चा ने झारखंड सरकार को न्यूनतम मजदूरी में बढ़ोतरी करने के लिए बधाई दी है। साथ ही बढ़ी हुई न्यूनतम मजदूरी को लागू करने के लिए ठेका मजदूरों ने एसआरयू इफिको प्रबंधन को आवेदन दिया है। संयुक्त मोर्चा संगठन के केडी मिश्रा ने कहा कि झारखंड सरकार की ओर से न्यूनतम मजदूरी बढ़ोतरी को प्रबंधन यथाशीघ्र लागू करें। जिससे मजदूरों को लाभ मिल सके। आवेदन देने के दौरान संयुक्त संगठन के सभी ठेका श्रमिकों में क्रमशः राजू वर्मा, राजकिशोर महतो, प्रकाश महतो, शंभू ठाकुर, जितेंद्र ठाकुर, प्रदीप दुबे, सतीश कुमार, भोला चौधरी, त्रिवेणी ठाकुर, गुप्तेश्वर मिश्र, जुगनू प्रसाद, किशोर मिश्रा, अनिल प्रसाद, राम यादव अर्जुन राम, विकास यादव, विजय प्रजापति, विजय महतो, ईश्वरी प्रसाद, आदि उपस्थित थे।

### गर्मी को देखते हुए अग्निशमन सेवा को किया जाए दुरुस्त : नीरज मंडल

**रामगढ़।** खुदरा सब्जी विक्रेता संघ वेंडिंग जोन रामगढ़ कैंट के अध्यक्ष नीरज मंडल, कार्यकारी अध्यक्ष संजय चौधरी, सचिव कुशवाहा एवं नंदू महतो ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक रामगढ़ सहित अन्य पुलिस पदाधिकारियों ने आवेदन सौंपा। आवेदन में उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए अग्निशमन वाहन को दुरुस्त करते हुए पानी की पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था की जाए। साथ ही वाहन के कर्मियों को 24 घंटे तैयार रखा जाए। इसके अलावा अतिरिक्त पुलिस बल को मुस्तैद रखा जाए। आवेदन में उन्होंने कहा कि बीते वर्ष रामगढ़ में आग लगने की घटना घटी थी। अग्निशामन दल वाहन लेकर पहुंचा, लेकिन वाहन में पानी काफी कम था। इस कारण आग पर काबू पाने में काफी परेशानी हुई। उन्होंने कहा कि उच्च पदाधिकारी समय पर फोन भी नहीं उठाते है।

# जल संकट : 12 वर्षीय मानवी की डैम में डूबने से हुई मौत



◆पोड़ैया डैम में कपड़ा धोने व स्नान के लिए मां व अन्य चार बच्चों के साथ गई थी डैम

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** मंगलवार को पोड़ैया डैम में डूबने से बरही तेली टोला की 12 वर्षीया मानवी की मौत हो गई. जानकारी के अनुसार मृतिका बरही चौक निवासी जितेंद्र राणा की पुत्री थी. जो करीब 10 बजे अपनी मां व चार सहेलियों के साथ घर से करीब 2 किमी दूर स्थित पोड़ैया डैम नहाने व कपड़ा धोने गई थी. इसी क्रम में सभी बच्चियां डैम में गई और गहरे पानी में डूब गई. स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं की मदद से सभी बच्चियों को तो निकाला गया. मानवी काफी गंभीर थी. परिजनो ने सुधीर राणा, सोनू चन्द्रवंसी व अमित राणा आदि की मदद से अनुमंडलीय अस्पताल लाया. जहां चिकत्सको ने मृत घोषित कर दिया. स्थानीय लोगो ने बताया कि घटना का मुख्य कारण जलसंकट है. प्रत्येक वर्ष गर्मी आते ही बरही चौक स्थित धोबी टोला व तेली टोला का जलस्तर काफी नीचे चला जाता है. जलसंकट बढ़ जाते है. लोग पीने के लिए पानी तो खरीद लेते हैं परंतु स्नान और कपड़े धोने के लिए दो किमी दूर पोडैया डैम जाना पड़ता है. इस दिशा ने स्थानीय जनप्रतिनिधि अब तक गंभीर नहीं है. सिर्फ आश्वासन मिलता रहा है परंतु समाधान अब तक नही हो सका है. जनता पानी के अभाव में दम तोड रही है. पूर्व मुखिया छोटन ठाकुर व टीएसएस मीडिया प्रभारी बबलू साहू ने घटना का कारण पूर्णरूपेण जलसंकट बताया है. साथ ही कहा कि घटना की जिम्मेवारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों को लेनी चाहिए.


# पूजन और हवन के साथ नवीन शैक्षणिक सत्र का हुआ शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के आवासीय कॉलोनी स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में मंगलवार को हवन पूजन कर नवीन शैक्षणिक सत्र 2024-25 का आरंभ किया गया। पूजन एवं हवन में मुख्य यजमान के रूप में विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद शामिल हुए।इस दौरान विधिवत रूप से पंडित मधुसूदन एवं विद्यालय के संस्कृताचार्य वेदप्रकाश पांडेय द्वारा पूजा अर्चना कर संपन्न कराया। वही विद्यालय के सभी आचार्य-आचार्या एवं भैया-बहनों ने सस्वर भक्तिपूर्ण वातावरण में हनुमान चालीसा एवं सुंदरकांड का पाठ किया।इनके साथ विद्यालय की आचार्या ललिता गिरी,गायत्री कुमारी, ज्योति राजहंस, शुक्ला चौधरी,रेखा पाठक,अमृता चौधरी, ममता कुमारी, पूनम सिंह, कुमारी सुमन,मालविका, अंकिता रानी,रिंकी कुमारी,मिथलेश कुमार खन्ना,अमित कुमार झा, इंद्रजीत सिंह,शम्मी राज, शेखर कुमार, अमरदीप, दुर्गा प्रसाद महतो आदि सभी आचार्य-आचार्या ने भी हवन-पूजन में भाग लेकर मंत्रोच्चारण के साथ आहुति दी।

## न्यूज बॉक्स

### दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष ने जेपी पटेल का किया अभिनन्दन, बहुमत का किया आह्वान



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर ने 2 अप्रैल को होटल मिलन में आयोजित अभिनंदन समारोह में कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल का माल्यार्पण कर अभिनन्दन किया। बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने इस दौरान लोकसभा चुनाव को लेकर अपनी बातें रखीं। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने जय प्रकाश भाई पटेल को भारी बहुमत से जिताने का आह्वान किया। साथ आनेवाले दिनों में जिला के विभिन्न क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क करने की बात कही गई। कार्यकताओं से हर एक बूथ पर जेपी पटेल के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान कराने और जेपी पटेल को जीत दिलाने की अपील की गई।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय में वार्षिक परीक्षा का शुभारंभ



**रामगढ़।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू में 2 अप्रैल को वार्षिक परीक्षा 2024 का शुभारंभ हुआ। परीक्षा में वर्ग प्रथम से लेकर सप्तम वर्ग के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। परीक्षा को लेकर छात्र छात्राएं समय से पूर्व पहुंचकर डिसिप्लिन में अपने-अपने परीक्षा संबंधी नियमों को पालन करते हुए बैठकर परीक्षा दी। वार्षिक परीक्षा के दौरान छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह और उमंग देखा गया। छात्र छात्राओं ने हर्षित होकर परीक्षा लिखें। आज प्रथम पाली में अंग्रेजी और द्वितीय पारी में विज्ञान की परीक्षा हुई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉक्टर सुनील कुमार कश्यप ने जानकारी देते हुए कहा कि यह परीक्षा बच्चों का भविष्य सजाने और संवारने का काम करेगा। परीक्षा होने पर बच्चों में आत्मविश्वास और निर्भीकता आती है। इसलिए समय पर परीक्षा होने ही चाहिए। आज झारखंड शिक्षा परियोजना झारखंड द्वारा आयोजित परीक्षा में पूरे झारखंड के सभी विद्यालयों में इस तरह की परीक्षा का संचालन प्रारंभ हुआ है। डॉ कश्यप ने कहा कि परीक्षा पूर्ण रूप से कदाचार मुक्त संपन्न हुआ। परीक्षा संचालन में डॉक्टर सुनील कुमार कश्यप, शारदानंद शर्मा, गौतम कुमार गुप्ता आदि ने योगदान दिया।

### हवन पूजन के साथ नए शैक्षणिक सत्र का हुआ श्रीगणेश



**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय बाबू गांव कोर्रा में मंगलवार को विद्यालय के नए शैक्षणिक सत्र का श्रीगणेश कार्यक्रम की विद्यालय प्रांगण में हवन पूजन के साथ हुआ।इस कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यक्ष ब्रज कुमार विश्वकर्मा,सचिव राम बहादुर सिंह,श्याम कुमार और मनीष कुमार, प्रधानाचार्य मनोज कुमार एवं संगीत आचार्य अमन कुमार गुप्ता तथा संस्कृत आचार्य पप्पू कुमार पांडे शामिल हुए।पूर्वाह्न11 बजे हवन स्थल पर विद्यालय की भैया बहनें आचार्यगण, प्रधानाचार्य पप्पू एवं अमन उपस्थित थे।हवन करने के लिए गायत्री परिवार से श्याम कुमार और मनीष कुमार की अगुवाई में उक्त कार्यक्रम संपन्न हुआ।वैदिक एवं गायत्री मंत्र, सरस्वती वंदना तथा हवन में पढ़ने वाली आहुति से पूरा विद्यालय वातावरण पावन हो गया।शैक्षणिक सत्र के श्री गणेश के अवसर पर आचार्य पवन कुमार गुप्ता,अल्पना, शिवा शरण, राजकुमार ,पिंटू,राहुल एवं विवेक समेत कई अन्य उपस्थित थे।

### मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से समाहरणालय में लगाए गए दो मैस्कॉट




**रामगढ़।** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रतिदिन बड़ी संख्या में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों 2 विभिन्न समस्याओं को लेकर समाहरणालय आने वाले लोगों को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने को लेकर समाहरणालय स्थित ब्लॉक ए परिसर के समीप दो मतदाता जागरूकता मैस्कॉट(शुभंकर) लगाए गए हैं। इसी क्रम में मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने समाहरणालय परिसर में लगाए गए मैस्कॉट का जायजा लिया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

### डीबीएफ के बच्चों ने नवोदय और सैनिक स्कूल की परीक्षा में मारी बाजी

**बरकट्ठा।** प्रखंड के कलहाबाद स्थित ड्रीम बूस्टर फाउंडेशन संस्था के अंकित प्रसाद,पिता संजय कुमार और अंजली कुमारी, पिता अनिल कुमार आजाद को नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2024 में सफलता मिली है।वहीं संस्था से सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 2024 में भी 11 बच्चों ने क्वालीफाई किया जिनका अंतिम चयन बाकी है।संस्था के फाउंडर केदार प्रसाद ने कहा कि नवोदय विद्यालय परीक्षा में स्थान प्राप्त करना कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। आशा है कि इनकी यह सफलता अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा का काम करेगी।यह हम सभी के लिए बहुत गौरव की बात है कि हमारे यहाँ के योग्य बच्चों को नवोदय जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में पढ़ने का मौका मिल पा रहा है। वहीं संस्था के मार्गदर्शक रविकांत प्रसाद ने कहा कि डीबीएफ का यह विजन रहा है कि योग्य बच्चो को आर्थिक और सामाजिक कठिनाइयों से निकालकर शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़कर एक सशक्त समाज का निर्माण करना।

इंडी गठबंधन की बैठक संपन्न

# लोकसभा उम्मीदवार जेपी पटेल को विजय बनाने की बनी रणनीति



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** मंगलवार को बरही प्रखण्ड कांग्रेस कार्यालय में इंडिया महागठबंधन की बैठक कांग्रेस कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने किया। बैठक में महागठबंधन के घटकदल के नेता उपस्थित थे। जहां सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 07 अप्रैल को इंडिया गठबंधन के सभी घटक दल के कार्यकर्ता बरही टाउन हॉल में बूथ सम्मेलन, कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे। साथ ही सभी घटक दल लोकसभा उम्मीदवार जयप्रकाश भाई पटेल को विजय बनाने के अभियान में संगठन का कार्य करेंगे। इसके अलावा निर्णय लिया गया कि 07 अप्रैल को बरही चुनाव कार्यालय का उद्घाटन उम्मीदवार जयप्रकाश भाई पटेल से कराया जाएगा। सभी पदाधिकारियों ने कहा कि चुनाव में जेपी पटेल को भारी बहुमत से जीत दिलाने को लेकर बूथ कार्यकर्ता और पार्टी कार्यकताओं में उत्साह भरा जाएगा। मौके पर झामुमो पूर्व विधानसभा प्रत्याशी बिनोद विश्वकर्मा, राजेन्द्र स्वर्णकार, कांग्रेस एससी मोर्चा प्रखण्ड अध्यक्ष कार्तिक कुमार, सीपीआई एमएल सचिव अनवर हुसैन, प्रखण्ड कांग्रेस महासचिव अशोक सिंह, जेएमएम विवेक विश्वकर्मा प्रखण्ड किसान मोर्चा अध्यक्ष महेश प्रसाद यादव, शंकर सिंह, अजित राम, पूनम यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

बरकट्ठा थाना में रामनवमी पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

# हुड़दंगियों पर प्रशासन की रहेगी पैनी नजर : पुलिस निरीक्षक



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** थाना परिसर बरकट्ठा में राम नवमी व ईद त्योहार को लेकर मंगलवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता बीडीओ रोशमा डुंगडुंग व संचालन शिक्षक यमुना साव ने किया। वहीं सर्व प्रथम विभिन्न अखाड़ों से उपस्थित लाइसेंस धारियों की उपस्थिति देखी गई तथा पंचायत वार अखाड़े के लाइसेंस धारियों ने अपनी अपनी बातों को रखा।वहीं उपस्थित हिन्दु व मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पर्व को शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने तथा एक दुसरे को सहयोग करने की बात कही।पुलिस निरीक्षक इमदाद अंसारी ने कहा कि पर्व के दौरान हुड़दंगियों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। इंटरनेट ,मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट नहीं करेंगे। अफवाह पर ध्यान नहीं देंगे। थाना प्रभारी राजेश कुमार उपभोक्ता ने कहा कि पर्व के दौरान शराब का सेवन कोई नहीं करेंगे। गाइडलाइन के अनुसार शोभायात्रा हेतु मार्ग में परिवर्तन नहीं होगा। डीजे पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। जुलूस में कोई भड़काऊ व धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने वाले गाना नहीं बजाएंगे।बीडीओ रोशमा डुंगडुंग ने कहा कि कोई भी व्यक्ति कानून को अपने हाथ में ना ले अन्यथा उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी पदाधिकारी ने पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, पुलिस निरीक्षक इमदाद अंसारी, थाना प्रभारी राजेश कुमार भोक्ता,एस आई रमेश कुमार हजाम, सांसद प्रतिनिधि केदार साव, संतोष देव समेत सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### एक साथ इकट्ठे हुए जिन्होंने देश को लूटा है : समरीलाल

**रामगढ़।** विपक्ष के लोग गला फांड फाड़ कर चिल्ला रहे हैं, हमारा बैंक का खाता सीज कर दिया गया है। झूठ का पुलिंदा है, बैंक का खाता नहीं इंकम टैक्स का खाता सीज हुआ है। लाखों करोड़, टैक्स बकाया, जनता का पैसा है। अब जनता हिसाब मांग रही है तो विपक्ष चिल्ला रहे हैं। यह बात भाजपा विधायक समरीलाल ने कही। रांची कांके के भाजपा विधायक बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ विधान सभा स्तरीय संगठनात्मक बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि विपक्ष गठबंधन नहीं ठगबंधन है। झारखंड ही नहीं देशभर में विपक्षियों के पास प्रत्याशियों का टोटा है। कटोरा लेकर घूम रहें है। दे दो राम दिला दो राम वाली स्थिति में है। विपक्ष जनता में भ्रम फैला रहें है। भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव, गली मुहल्लों तक जाकर झूठ का पदार्फाश करेंगे। इस दौरान विधायक समरी लाल ने आयोजित रामगढ़ विधानसभा स्तरीय बूथ अध्यक्ष, शक्ति केन्द्र प्रभारियों व जिला स्तर के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

एसडीओ व एसडीपीओ की अगुवाई में चला वाहन चेकिंग अभियान

# लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चेकिंग जारी रखने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बरही थाना क्षेत्र के जवाहर घाट से पहले कोबरा वाहिनी 203 से थोड़ी दूरी पर वाहनों की गहनता से जांच की जा रही है। एसडीओ जोहन टुडू लगातार मोनिटरिंग कर रहे है। एसडीओ के निर्देश पर दंडाधिकारी की मौजूदगी में पुलिस चेक पोस्ट पर लगातार वाहनों की जांच कर रहे है। इसी क्रम में एसडीओ जोहनं टुडू के नेतृत्व में कई वाहनों की जांच भी की गयी। एसडीओ जोहन टुडू ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर जांच अभियान चलाया जा रहा है। एक राज्य से दूसरे राज्य में जाने वाले सभी वाहनों की सघन जांच की जा रही है। बरही से बिहार राज्य की दूरी काफी कम है। ड्यूटी पर तैनात जवानों द्वारा वाहन में रखे सामान, बैग, डिक्की और व्यक्ति की गहनता से तलाशी ले रहे है। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान जो भी रिपोर्ट मिलती है उसे जिला प्रशासन को भेज दिया जाता है प्रशासन का मकसद लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराना है। उन चीजों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है जो चुनाव में किसी भी तरह का व्यवधान उत्पन्न कर सकता हैं। इधर एसडीओ जोहन टुडू व एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने चौपारण के चोरदाहा बॉर्डर का भी बीती देर रात निरीक्षण किया।

# रामनवमी के दिन यूथ विंग करेगा 251 किलो के लड्डू महाभोग प्रसाद का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** उपाध्यक्ष विकास केसरी के निवास पर जयप्रकाश खण्डेलवाल की अध्यक्षता में हजारीबाग यूथ विंग की एक बैठक हुई, जिसमें विंग के द्वारा तीसरे वर्ष रामनवमी के पावन पर्व पर 17 अप्रैल को शहर के बड़ा बाजार डिश टीवी ऑफिस के समीप 251 किलो लड्डू महाभोग के प्रसाद का वितरण किया जाएगा। बैठक के दौरान सदस्य बीरेंद्र गर्ग उर्फ बिट्टू बिहारी ने प्रस्ताव रखा कि कार्यक्रम स्थल पर अलौकिक राम दरबार बनाया जाए, सभी ने इस बात पर अपनी सहमति दी, महावीर स्थान मंदिर में सवा पांच किलो के बने एक लड्डू से भोग लगाया जाएगा इसके पश्चात सभी राम भक्तों एवं आम जनमानस के बीच लड्डू का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान बुद्धिजीवी लोगों को सम्मानित किया जाएगा। लड्डू महाभोग कार्यक्रम मे बीते दो वर्षों से हजारीबाग के राम भक्तों सहित कई समाजसेवियों का विशेष सहयोग प्राप्त होता आ रहा है इस वर्ष भी सभी के सहयोग से कार्यक्रम संपन्न होगा।

तीन दिवसीय साईं लीला महानाट्य का शुभारंभ कल से

# गुरुजी प्रवीण महामुनि देंगे प्रवचन

**हजारीबाग के तमाम श्रद्धालु को अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने की अपील की गई है**



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** साईं परिवार हजारीबाग के द्वारा कानी बाजार के मुनका बगीचा में साईं बाबा की महासमाधि के अवसर पर साई कथा के साथ साईं लीला महानाट्य का शुभारंभ बृहस्पतिवार 4 अप्रैल से होगा। बता दें कि साईं भजन सम्राट व कथा वाचक गुरुजी प्रवीण महामुनि के द्वारा शिर्डी से आये साईं कथा भजन और भंडारा के साथ झांकी का भी विशेष आयोजन किया जा रहा है। इसमें हजारीबाग के तमाम श्रद्धालु को अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने की अपील की गई है। कार्यक्रम के अनुसार 4 अप्रैल की सुबह 8 बजे नगर भ्रमण मुनक्का बगीचा से महावीर स्थान चौक , पंचमन्दिर चौक , झंडा चौक , बड़ा अखाड़ा समेत शहर के मुख्य मार्ग का भ्रमण करते हुऐ वापस मुनका बगीचा पहुंचेंगे। शाम 6 बजे से बाबा की साईं लीला महानाट्य साईं, साई कथा कार्यक्रम किया जाएगा। 5 को साईं कथा का कार्यक्रम, भण्डारा और 6 को विशाल भजन संध्या और भण्डारा का कार्यक्रम किया जा रहा है। भंडारा 4, 5 और 6 को अनवरत चलता रहेगा। गुरुजी प्रवीण महामुनि के द्वारा प्रवचन कार्यक्रम की शुरूआत 4 अप्रैल से शुरू होगा। साईं लीला महानाट्य का त्रिदिवसीय कार्यक्रम 4, 5 और 6 अप्रैल को संध्या 5 बजे से शुरू हो जाएगा। प्रवचन सुनने के बाद प्रत्येक दिन प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया जाएगा। साईं लीला महानाट्य के अंतिम त्रिदिवसीय कार्यक्रम में 6 अप्रैल को विशाल भंडारा का आयोजन साईं परिवार के सदस्यों द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में संयोजक सुनील अग्रवाल, अध्यक्ष मनोज कुमार सिन्हा, सचिव संजय कुमार, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता, प्रदीप मालाकार, मनीष चौरसिया, संजय कश्यप, सुशील जायसवाल,गौतम कुमार सहित समस्त साई परिवार के सदस्यों की अहम भूमिका रहेगी।

### जिले में नल-जल योजना का लोगों को नहीं मिल रहा पूरा लाभ

**रामगढ़।** ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को साफ पानी मिल सके इसलिए केंद्र सरकार ने हर घर नल योजना शुरू की थी। जिसके अंतर्गत सभी घरों में नल का कनेक्शन देकर प्रति व्यक्ति 55 लीटर पानी प्रतिदिन आपूर्ति करने का लक्ष्य था। जिले में भी इस योजना के अंतर्गत काम शुरू हुआ था। योजना के अंतर्गत लगभग एक लाख 41 हजार 536 घरों में नल का कनेक्शन पहुंचाना है। लेकिन अभी तक जिले के केवल 68 प्रतिशत घरों में ही नल जल योजना का लाभ पहुंचा है। अभी भी कई ऐसे गांव बचे हैं जहां नल कनेक्शन तो दूर पाइपलाइन बिछाने का काम भी शुरू नहीं हुआ है। वहीं कई इलाके ऐसे हैं जहां नल कनेक्शन तो पहुंचा है लेकिन नल में जल का अभाव है। लोगों की शिकायत है कि जिस नल से रोज पानी देने की बात थी उस नल में कई कई दिन पानी नहीं आता। वहीं कई जगह पानी पहुंचाने को लेकर काम तो शुरू किया गया लेकिन या तो जलमीनार अधूरा पड़ा है या फिर पाइपलाइन नहीं बिछी।

# शिक्षा से ही प्रशस्त होता है समृद्धि का मार्ग : शालू जिंदल

**नवीन मेल संवाददाता। भुरकुंडा** पतरातू प्रखंड के बलकुदरा मदनाटांड़ में सोमवार को ओपी जिंदल स्कूल के नए भवन की आधारशीला रखी गई। इसका ऑनलाइन प्रसारण देख रही जेएसपी फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिंदल ने कहा कि शिक्षा से ही समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। जिंदल स्टील एंड पावर के संस्थापक चेयरमैन स्वर्गीय ओपी जिंदल के एक कथन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि बेटियां पढ़ती हैं तो दो-दो परिवार शिक्षित होते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बगैर किसी समाज या परिवार का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। खास तौर पर बेटियों का पढ़ा-लिखा होना जरूरी है, तभी महिला सशक्तीकरण के अपने सपने को हम साकार कर पाएंगे और भेदभाव मुक्त समाज का निर्माण संभव हो पाएगा। स्कूल के भूमि पूजन अनुष्ठान में बतौर यजमान प्लांट प्रमुख आशीष जैन अपनी पत्नी विनीता जैन के साथ शामिल हुए। वहीं पुरोहित आचार्य सूर्यकांत त्रिपाठी अपने सहयोगियों ने साथ वैदिक मंत्रोच्चारण कर भूमि पूजन का अनुष्ठान सफल बनाया। इसके बाद क्षेत्र के वयोवृद्ध शिक्षक, साहित्यकार और पत्रकार नारायण नाथ तिवारी ने शिलापट्ट का अनावरण करते हुए कहा कि स्कूल के नए भवन से क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तायुक्त आधुनिक ज्ञान मिलेगा, जो शिक्षा जगत के लिए मील का पत्थर साबित होगा। प्लांट प्रमुख आशीष जैन ने कहा कि जेएसपी मजबूत शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी सेवा के लिए दृढ़ संकल्पित है, ताकि समृद्ध राष्ट्र का निर्माण हो सके। यहां कार्यक्रम का संचालन जेएसपीएल के सीएसआर प्रमुख प्रशांत होता ने और धन्यवाद ज्ञापन मानव संसाधन प्रमुख अजय झा ने किया। यहां ओपी जिंदल के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समारोह को यादगार बनाया।

## एक नजर

### रामरेखा धाम रोड मरम्मती कालीकरण निर्माण कार्य में घोर लापरवाही



**सिमडेगा।** कांग्रेसी नेता दिलीप तिर्की ने स्थित रामरेखा धाम के रोड में मरम्मती कालीकरण पर अनियमित के विरुद्ध जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा, ज्ञापन के द्वारा दिलीप ने कहा है की पथ निर्माण विभाग द्वारा रामरेखा धाम के नीचे पथ पर मरम्मती कालीकरण का कार्य संवेदक विकास जैन के द्वारा किया जा रहा उसे मरामती के दौरान जेई रूपेश की उपस्थिति में साधारण रोलर का इस्तेमाल किया गया। साथ ही 6 हाईवा विटुमिन की जगह तीन से चार हाईवा बिटुमिन में कार्य को पूर्ण किया गया। जिस कारण रोड पूरी तरह से उबर खबर है।

### सेवानिवृत्त पंचायत सेवक को दी गई भावभीनी विदाई

**कोडरमा / चंदवारा ।** प्रखंड के सांस्कृतिक भवन में सोमवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर सेवानिवृत्त पंचायत सेवक मो. इम्तियाज को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रमुख मंजू देवी, बीडीओ श्रीमती कनक, सीओ अशोक कुमार भारती आदि मौजूद थे। मौके पर वक्ताओं ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके आगे की जीवन शांति व सुखमयी होने की कामना की। इस दौरान लोगों ने शॉल व उपहार देकर सम्मानित किया। वहीं सेवानिवृत्त मो. इम्तियाज ने कहा कि अपने 20 साल तीन महीना व 15 दिन के सेवाकाल के दौरान जिले के चंदवारा, मरकच्चो, जयनगर, डोमचांच व पुनः चंदवारा प्रखंड में अपना योगदान दिया।

### बाइक दुर्घटना में चार लोग घायल, बच्ची रेफर

**चंदवारा।** चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत जामूखांडी में बाइक दुर्घटना में बाइक पर सवार एक बच्चा समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों में बाराडीह निवासी कलावती देवी( 22 वर्ष, पति देवेंद्र यादव), तिलैया डैम निवासी 15 वर्षीय अरविंद कुमार, बेला निवासी रुक्मणि देवी(50 वर्ष, पति हरिहर यादव) व देवांशी कुमारी(3 वर्ष, पिता देवेंद्र यादव) शामिल हैं। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की सहायता से इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल बच्ची देवांशी कुमारी को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया।

### विहिप मनाएगा राम जन्मोत्सव और हनुमान जयंती

**कोडरमा।** जिला विहिप की बैठक जिला मुख्यालय स्थित ध्वजाधारी धाम परिसर में हुई। इसमें नौल से 24 अप्रैल तक राम जन्मोत्सव और हनुमान जयंती का आयोजन आचार संहिता लागू होने के कारण सभी कार्यक्रम मंदिर में होंगे। 14 अप्रैल को सभी प्रखंडों में बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाने की योजना बनी। पांच जून से 15 जून तक प्रशिक्षण में कितने लोग शामिल होंगे, उसकी सूची तैयार कर जिला में भेजने की जिम्मेवारी प्रखंड अध्यक्ष, मंत्री को दिया गया।

## मनीष ने विष्णुगढ़ के 12 पंचायतों में चलाया जनसंपर्क अभियान

# भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
अपने जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने मंगलवार को मांडू विधानसभा क्षेत्र के विष्णुगढ़ प्रखंड स्थित 12 पंचायतों के दर्जन भर से अधिक गांवों में तुफानी जनसंपर्क अभियान चलाया।श्री जायसवाल का विष्णुगढ़ प्रवेश के साथ ही स्थानीय भाजपा मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा चेड़रा पंचायत स्थित सात माइल चौक पर जय श्री राम के नारे के साथ फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। जिसके बाद नागी पंचायत के जमनी जारा चौक पर स्थानीय भाजपा कार्यकताओं द्वारा 51 किलों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया और यहां जनसंपर्क करने के पश्चात दर्जनों बाइक जत्थे से स्वागत करते हुए उनके काफिले के रूप में आगे बढ़ाया गया। इसी पंचायत के ग्राम अरजरी में पदयात्रा के माध्यम से डोर- टू- डोर कैंपेन किया। यहां से ग्राम पंचायत नरकी, ग्राम पंचायत खरकी, इसी पंचायत के सिमराबेड़ा, पंचायत गाल्होबार, मडमो पंचायत स्थित खरकट्टो, रोहनियाटांड़, ग्राम पंचायत चानो, सारुकूदार पंचायत स्थित मंगरो, ग्राम पंचायत करगालो, ग्राम पंचायत सिरय, ग्राम पंचायत अचलजामो, अलपीटो पंचायत के सिमरिया ग्राम में तुफानी जनसंपर्क अभियान चलाया और भाजपा के पक्ष में कमल फूल छाप पर मतदान करने की अपील की। जनसम्पर्क अभियान के दौरान वे पंचायत चानो पहुंचे। यहां पहुंचकर उन्होंने सबसे पहले स्व टेकलाल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। विष्णुगढ़ प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों के दौरे के क्रम में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने कहा कि हिंदुस्तान में कांग्रेस ने करीब 65 सालों से अधिक समय तक राज किया लेकिन देश और देश में रहने वाले गरीब तबके का कोई विकास और उत्थान नहीं हुआ परंतु कांग्रेस शासन में आकाश, पाताल और जमीन सभी जगहों पर अनेकों घोटाले हुए और ऊपर से ही पूरे सिस्टम को भ्रष्टाचार में लिप्त कर दिया।

## शहरी क्षेत्र के मतदान केंद्रों में व्यवस्था को लेकर डीसी ने की बैठक

# सुविधा बहाल करने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए एएमएफ/विएएफ से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में उपायुक्त ने लोकसभा चुनाव के दौरान शहरी क्षेत्र अंतर्गत सभी मतदान केंद्रों में पानी, शौचालय, पेयजल, बिजली डेस्क-बेंच, दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैंप, व्हीलचेयर, 85 प्लस वरिष्ठ मतदाता एवं दिव्यांग मतदाताओं के यातायात की व्यवस्था सहित मतदान दिवस 13 मई 2024 के दिन मॉडल मतदान केंद्र सहित अन्य सुविधा बहाल सुनिश्चित कराने के लिए नगर परिषद् प्रशासक सुमित कुमार महतो को निर्देशित किया। उन्होंने कचरा उठाओ गाड़ी में मतदाताओं को प्रेरित करने से संबंधित जिंगल बजवाने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने नगर परिषद प्रशासक को वोटर अवेयरनेस से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन बीएलओ के माध्यम से कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त महोदय ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की तुलना में शहरी क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर मतदान की प्रतिशत बहुत ही कम रही है ,शहरी क्षेत्र में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए वोटर अवेयरनेस के माध्यम से अधिक से अधिक मतदाताओं को प्रेरित करें।

## न्यूज बॉक्स

### डीबीएफ के बच्चों ने नवोदय और सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा में मारी बाजी



**बरकट्ठा।** प्रखंड के कलहाबाद स्थित ड्रीम बूस्टर फाउंडेशन संस्था के अंकित प्रसाद,पिता संजय कुमार और अंजली कुमारी, पिता अनिल कुमार आजाद को नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2024 में सफलता मिली है।वहीं संस्था से सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 2024 में भी 11 बच्चों ने क्वालीफाई किया जिनका अंतिम चयन बाकी है।संस्था के फाउंडर केदार प्रसाद ने कहा कि नवोदय विद्यालय परीक्षा में स्थान प्राप्त करना कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। आशा है कि इनकी यह सफलता अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा का काम करेगी।यह हम सभी के लिए बहुत गौरव की बात है कि हमारे यहाँ के योग्य बच्चों को नवोदय जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में पढ़ने का मौका मिल पा रहा है। वहीं संस्था के मार्गदर्शक रविकांत प्रसाद ने कहा कि डीबीएफ का यह विजन रहा है कि योग्य बच्चो को आर्थिक और सामाजिक कठिनाइयों से निकालकर शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़कर एक सशक्त समाज का निर्माण करना। फाउंडर केदार प्रसाद ने डीबीएफ के सभी शिक्षकों को इस कार्य में सहयोग करने के लिए हार्दिक बधाई दी।

### जंगली हाथी ने तीन घरों को किया क्षतिग्रस्त



**बानो।** बानो प्रखण्ड में गजराज का कहर जारी है।जंगली हाथी ने बड़काडुईल पंचायत गावों में तीन घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार रात्रि में जलडेगा प्रखण्ड के टाटी की ओर रात्रि 12 बजे लगभग ग्राम नवागांव पहुँचा।हाथी ने नवागांव सरना टोली निवासी पूसा खड़िया के घर के दीवार को ढाह दिया व छत भी उजाड़ कर घर मे रखे चावल व धान को खा गया। ग्रामीणों द्वारा खदेड़े जाने पर हाथी ग्राम कुसुम पहुँचा।ग्राम कुसुम में हाथी ने पहले चारलेस डांग के घर को निशाना बनाया। उसके बाद थॉमस डांग के घर को दीवार गिरा कर घर मे रखे अनाज को खा गया तथा कुछ को नष्ट कर दिया।रात्रि में ही ग्रामीणों ने हाथी को उकौली की ओर खेदड़ दिया गया ।दिन भर राजाबासा पाहार में रहा ।इधर इसकी जानकारी मिलने पर बड़का डुईल पंचायत के मुखिया अनिल लुगुन ,प्रभारी बनपाल विवेक वर्मा गाँव जा छती आंकलन कर मुआवजे के लिये कागजी प्रक्रिया में जुट गये हैं।

### लोकसभा चुनाव को लेकर उपयुक्त व पुलिस अधीक्षक ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण



**सिमडेगा।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ ने सिमडेगा एवं पाकरटांड़ प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर चल रही तैयारी का जायजा लिया. उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रखंड के आर.सी. प्राथमिक विद्यालय क्रुसकेला, कलस्टर व मतदान केंद्र, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, लैयलोंगा मतदान केंद्र एवं बीरू सी.आर.पी.एफ. कैम्प का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां की व्यवस्था की जांच की. चुनावी प्रक्रिया को लेकर उपायुक्त ने सभी मतदान केंद्रों एवं कलस्टरों में शौचालय, पेयजल, बिजली, डेस्क-बेंच, रैंप व मतदान कर्मियों के ठहरने के लिए की जा रही व्यवस्था और पुलिस जवानों को अलग से ठहराने की व्यवस्था करने से संबंधित आवश्यक निर्देश दिये. वहीं संबंधित सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी और निर्वाचन से संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया।मौके पर सिमडेगा सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी समीर रैनीयर खलखो, थाना प्रभारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### लोकसभा चुनाव में मेडिकल प्लान से संबंधित अधिकारियों के साथ उपायुक्त ने की समीक्षा



**सिमडेगा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए मेडिकल प्लान से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-उपायुक्त ने लोकसभा चुनाव के दौरान क्लस्टर एवं बूथ स्तर पर स्वास्थ सुविधा मुहैया कराने हेतु सिविल सर्जन डॉक्टर अजीत खलखो को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने चुनाव के दौरान पोलिंग पार्टी एवं मतदाताओं को स्वास्थ्य इमरजेंसी सेवा के लिए मेडिकल स्टाफ को तैयार रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कलस्टर एवं मतदान केंद्र वाइज एएनएम एवं एमओआईसी को आवश्यक दवाइयां के साथ टैगिंग करने का निर्देश दिया। इसके अलावा आकस्मिक सेवा से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिए।बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

### हाथी प्रभावित गांव का डीएफओ ने किया भ्रमण, लोगों की सुनी समस्याएं

**बानो।** बानो प्रखंड के हाथी प्रभावित गांवों का डीएफओ बिकास उज्ज्वल ने मंगलवार को भ्रमण कर ग्रामीणों के समस्यों से रूबरू हुए।मिली जानकारी के अनुसार सिमडेगा डीएफओ विकास उज्ज्वल ने बांकी पंचायत के हाथी प्रभावित गाँव रामजोल ,बांस पाहार आदि गावों का दौरा कर ग्रामीणों से मुलाकात किया । उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि जंगली हाथियों को न छेड़े, हाथियों के आने की जानकारी हो तो बचाव की तैयारी पूर्व में ही कर ले । अपने अपने घरों के अनाज व महुवा वॉच टॉवर में रखें ताकि आपके खाद्यान्ह सुरक्षित रह सके । हाथी प्रभावित गांवों के नजदीक के जंगलों पहाड़ो में जल्द चेक डैम का निर्माण किया जाएगा।जिसके लिए स्थल चयन कर ग्रामीणों के निगरानी में बनाई जाएगी ।साथ ही प्रखण्ड के अन्य हाथी प्रभावित गांवों में वॉच टॉवर का निर्माण किया जायेगा।मौके पर रेंजर अभय कुमार, प्रभारी वनपाल विवेक वर्मा, लखिन्द्र सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

## जूनियर कैंब्रिज स्कूल में नए सत्र के लिए विद्या आरंभ संस्कार का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
जूनियर कैंब्रिज स्कूल सिमडेगा के सभागार में आज विद्या आरंभ संस्कार के लिए एक विशेष यज्ञ का आयोजन किया गया। नए सत्र का आरंभ करने के लिए यज्ञ का आयोजन गायत्री परिवार सिमडेगा के सहयोग से हुआ। इस यज्ञ का मुख्य उद्देश्य बच्चों को विद्या के महत्व को समझाना और उन्हें शिक्षा के प्रारंभिक संस्कारों से परिपूर्ण बनाना था।यह यज्ञ गायत्री परिवार सिमडेगा के द्वारा किया गया और जूनियर कैम्ब्रिज स्कूल ने इसकी संगठन सहायता की। यज्ञ में विशेष पूजा-अर्चना की गई और विभिन्न मंत्रों का उच्चारण किया गया, जिससे शिक्षा के देवी सरस्वती की कृपा बच्चों पर हो।विद्यालय के निदेशक ने बच्चों को यज्ञ का महत्व बताते हुए कहा कि विद्या के प्रारंभिक संस्कारों को बच्चों में स्थापित करने में है। यह एक प्राचीन परंपरा है जो विद्या के महत्व को समझाने और बच्चों को उसकी प्राप्ति के लिए प्रेरित करने में मदद करती है।इसके साथ ही, यज्ञ के माध्यम से बच्चों को ध्यान और संगीत के महत्व को भी समझाया गया।।यह यज्ञ एक ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण कदम है जो बच्चों को शिक्षा के प्रारंभिक चरण में प्रेरित करता है। गायत्री परिवार सिमडेगा के संगठनकताओं ने इस कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# बेहर कार्य करने वाली एएनएम हुई सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा**
बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोलबा में परिवार नियोजन सम्मानित कार्यक्रम का किया गया आयोजन। इस मौके पर बेहतर कार्य करने वाली सहियाओं को किया गया सम्मानित। जिसमें एएनएम तरसीला तिर्की, मंजूला तिर्की, रजनी तिग्गा, गीता कुजूर, सावित्री कुमारी, मंजूला बाड़ा, आभा किरण लकड़ा, सहिया सुमति देवी, अंशुमाला टेटे, केरसेन देवी, रोजलिन समद, प्रभा बेक एवं सोनी देवी को परिवार नियोजन प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया इस मौके पर डॉ देबोतोष भुटिया ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से समय समय पर परिवार नियोजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, जिसमें एएनएम एवं सहिया साथियों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। इसको देखते हुए स्वास्थ्य विभाग के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । साथ ही यह भी बताया गया कि आगामी 16 अप्रैल को स्वास्थ्य केंद्र बोलबा में आयोजित किया जायेगा। जिसमे अधिक से अधिक लोगों जागरूक करते हुए शिविर में लाना सबकी जिम्मेवारी है इस मौके पर डॉ देबोतोष भुटिया, नितेश कुमार, पुनीत किन्डो, बीडीएम एमडी रानी, बीपीएम रॉबर्ट सुरीन, डॉन प्रभात, अमित कुमार, बिटीटी चिरंजीवी कुमार शाह, तुरतन कंडुलना के अलावे एएनएम, सहिया साथी एवं अन्य लोग मौजूद थे।

### झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक ने मनाया 6वां स्थापना दिवस

**बानो।** प्रखंड के हुरदा स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक का 6वाँ स्थापना दिवस सह कस्टर मीट का आयोजन किया गया। बैंक प्रबंधक प्रमोद कुमार की अध्यक्षता ने किया. बैठक में शाखा प्रबंधक के द्वारा बैंक में मिलने वाली विभिन्न जमा योजनाओं एवं विभिन्न ऋण योजनाओं की जानकारी दी गई। जैसे एस आईपी स्मार्ट बजत योजनाओं , साथ ही पीएम किसान समृद्धि योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। सरकार द्वारा दी जा रही ,बृद्धा पेंशन ,सरकारी पेंशन योजना ,मनरेगा योजना आदि साथ ही साथ बैंक से मिलने वाली ऋण सुविधाओं खासकर एस एच जी सदस्य को उधम दीदी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी।ग्राहकों को सुविधा देना पहली प्राथमिकता हैं। बैठक में ग्राहक एवं आम ग्रामीण उपस्थित थे।

## चुनाव को लेकर बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजरों को दिया गया प्रशिक्षण

# निर्वाचन कार्य में सभी बीएलओ की महत्वपूर्ण भूमिका होती है : डीसी




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने मंगलवार को लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर महिला कॉलेज, सलडेगा में बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर को दी जा रही प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहुंचे। उपायुक्त ने डेस्क-बेंच में बैठक कर बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर को दिव्यांग व्यक्तियों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुगम चुनाव कराने संबंधी विभिन्न मुख्य बिंदुओं पर विस्तृत प्रशिक्षण दी जा रही प्रशिक्षण कार्यों का अवलोकन किया। प्रशिक्षण के दौरान सभी बीएलओ को मतदाता सूची की सत्यता सुनिश्चित करने सहित चुनाव में बीएलओ की भूमिका से संबंधित भी आवश्यक जानकारी दी गई। उपायुक्त ने प्रशिक्षण समाप्ति के बाद सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्वाचन कार्य में सभी बीएलओ की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उपायुक्त ने बीएलओ को दिव्यांग एवं अस्सी प्लस मतदाताओं को चुनाव के दिन मतदान के लिए सुविधा उपलब्ध कराने की जानकारी दी। सभी बीएलओ को परमानेंट शिफ्टेड मतदाताओं की सूची तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने जो मतदाता दिव्यांग हैं उन्हें भी मतदान कराए जाने को लेकर निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मतदान करने में जो मतदाता अधिक उम्र एवं दिव्यांगता के कारण सक्षम नहीं हैं, उन्हें बैलेट पेपर के माध्यम से होम वोटिंग कराने से संबंधित निर्देशित किया।

### सड़क हादसे में एक की मौत एक गंभीर

**कोलेबिरा।** थाना क्षेत्र के कोलेबिरा-गांगुटोली पथ में स्थित पापरा घाट के समीप हुए सड़क दुर्घटना में एक की मौत हो गई। जबकि मनेगा के एक सहायक अभियंता गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना सोमवार की शाम सात बजे की है। कंदरडेगा निवासी बलासियुस जोजो और सिमडेगा निवासी शीतल एक्का सोमवार की शाम घांसीलारी से कोलेबिरा की ओर आ रहे थे। इसी क्रम में विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। जिससे घटना स्थल पर ही बलासियुस जोजो की मौत हो गई। वहीं शीतल एक्का को पुलिस के सहयोग से सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार कर रिम्स रेफर किया गया। बताया गया कि शीतल एक्का मनरेगा में सहायक अभियंता के पद पर कोलेबिरा में पदस्थापित हैं। इधर मंगलवार को मृतक के शव का पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने के पश्चात परिजनों को शव सौंप दिया।

## सड़क हादसे में दो दोस्तों की दर्दनाक मौत

# जलडेगा का तेलेंगा नाला खून से हुआ लाल



- जलडेगा में हर साल तकरीबन 50 लोग हो रहे हैं दुर्घटना का शिकार
- कई लोगों की ट्रैफिक नियमों को नहीं मानने से भी जा रही जान

**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**
प्रखंड में सड़क दुर्घटना एक बड़ी समस्या बन गई है। सड़क दुर्घटना के कारण कई लोग असमय रहते काल के गाल में समा चुके हैं। फिर भी सड़क दुर्घटना रुकने का नाम नहीं ले रहा है। इसका सबसे बड़ा कारण सड़क सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करना बताया जाता है। कई सड़क दुर्घटनाओं में बिना हेलमेट, सीट बेल्ट आदि नहीं लगाने की वजह से दुर्घटना घटी है। तो कहीं कई लोग चालकों की लापरवाही के कारण भी दुर्घटना के शिकार हुए हैं, जिससे कइयों की मौत भी हो चुकी। पिछले एक सप्ताह की बात करें तो जलडेगा थाना क्षेत्र में दो सड़क दुर्घटना हुई जिसमें 2 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। और दो लोगों की हालत गंभीर बताई गई है। क्या है मामलाजलडेगा थाना क्षेत्र स्थित तेलंगा नाला पुल में सोमवार की रात मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो बाइक सवार युवकों लोगों की मौत हो गई। एक की पहचान महेश प्रसाद सिंह, बानो के बांकी पंचायत के रामजोल निवासी तथा दूसरे एक युवक की पहचान जगदीश सिंह, पिता मंगर नाथ सिंह, उम्र लगभग 30 वर्ष, गांव बेड़ा इरगी, थाना बानो, सिमडेगा के रूप में की गई है। दुघर्टना बाइक के असंतुलति होकर नाले में गिरने और चट्टान से टकरा जाने के चलते हुई है। जिसमे एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई तथा दूसरे ने जलडेगा अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया की जगदीश गुजरात में काम करता था, उसे बानो से ट्रेन पकड़ना था लेकिन किसी कारण से ट्रेन छूटने के बाद महेश अपनी साथी जगदीश को बाइक में बैठाकर जलडेगा से होकर राउरकेला स्टेशन जा रहा था। इस बीच दोनो जलडेगा थाना क्षेत्र के तेलेंगा नाला के पास दुर्घटना का शिकार हो गए। प्रखंड में कई ऐसे दुर्घटना संभावित क्षेत्र, जहां गिरना मतलब मौत को गले लगाना है, जैसे मनोहर डाउन, तेलेंगा नाला, भीतबुना पुल, लाडो चौक, देवदरहा नाला आदि कई ऐसे जगह हैं जिन्हे डेंजर जोन के रूप में जाना जाता है। जहां हर साल लगभग 50 से भी ज्यादा दुर्घटनाएं होती है। जिसमें 10 प्रतिशत लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो जाती है तो कई घायल इलाज के दौरान दम तोड़ देते हैं। लोगों का कहना है कि प्रशासन को इन क्षेत्र में सड़क दुर्घटना रोकने के लिए सड़क चौड़ीकरण व छोटा छोटा ब्रेकर और सड़क किनारे दुर्घटना संभावित क्षेत्र का साइन बोर्ड लगाना चाहिए।

# 10 किलो गांजा के साथ युवक व युवती को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
बांसजोर ओपी की पुलिस ने मंगलवार की सुबह गुप्ता नामक एकयात्री बस से लगभग दस किलो गांजा बरामद किया है। बरामद गांजे की तस्करी के आरोप में पुलिस दो लोगों को हिरासत में लेकर पुछताछ भी कर रही है। हालांकि पुलिस इस संबंध में स्पष्ट रूप से कुछ भी नहीं बता रही है। जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गुप्ता नामक एक यात्री बस से गांजा की तस्करी हो रही है। सूचना के आलोक में पुलिस ने बांसजोर बॉडर में चुनाव को लेकर लगाए गए चेकपोस्ट में बस को रोका और तलाशी ली। तलाशी के क्रम में पुलिस को दो अलग अलग बैग में लगभग दस किलो गांजा रखा मिला। पुलिस ने बस कर्मियों से बैग के मालिक के संबंध में जानकारी ली और उसके बाद बस में बैठे एक युवती और एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। हिरासत में लिए गए दोनों लोगों से पुलिस पुछताछ कर रही है।

## एक नजर

### बोलानी के साईं बाबा मंदिर की दानपेटी तोड़ हजारों रुपये की चोरी

किरीबुरु। झारखण्ड से सटा ओड़िशा के बोलानी थाना क्षेत्र मे चोरो का तांडव निरंतर जारी है। चोरो ने बीती रात बोलानी के शांतिनगर स्थित साईं मंदिर की घंटी, दान पेटी को तोड़ पैसा, मंदिर मे रखे माईक मे लगने वाले मशीन एवं पेन ड्राइव चोरी कर ले गए। साईं मंदिर के सेवक के अनुसार रात्रि 10 बजे साईं बाबा की पूजा अर्चना कर अपने निवास स्थान गए। प्रातः काल आने के बाद देखा कि मंदिर के पीछे के दरवाजे मे लगा ताला टूटा हुआ है। अंदर जाकर देखा तो दान पात्र के भी ताले टुटे है, और दान पात्र के सारे रुपए, पैसे गायब है। दान पेटी में लगभग तीस से चालिस हजार रुपए होंगे। घटना की सूचना मिलने के बाद बोलानी पुलिस घटनास्थल पर आई। साईं बाबा मंदिर के पुजारी विपद दास ने चोरी की घटना की लिखित शिकायत बोलानी थाना मे दर्ज कराई है। घटना वाली रात चोरो ने शांतिनगर के हनुमान मंदिर मे भी चोरी करने के लिए, प्रांगण मे प्रवेश किया था, लेकिन चोरी में कामयाब नही हो पाये। चोरो द्वारा लाया गया सब्बल मंदिर प्रांगण में था, जिसे बोलानी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

### निरसा व आसपास के इलाकों में पुलिस का फ्लैग मार्च

धनबाद। लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर जिला पुलिस प्रशासन पूरी तरह चौकस है। पुलिस अपराधियों पर सख्त नजर रख रही है। निरसा थाना प्रभारी मनजीत कुमार के नेतृत्व में मंगलवार की शाम पुलिस व सीआरपीएफ ने फ्लैग मार्च निकाला. फ्लैग मार्च गोपालगंज, पिठाक्यारी, भलजोरिया रोड, वीरसिंहपुर, निरसा बाजार, जामताड़ा रोड होते हुए अन्य इलाकों में गया। थाना प्रभारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। असमाजिक तत्वों व अपराधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

### किशोरी से दुष्कर्म मामले में युवक दोषी करार

धनबाद। किशोरी के साथ दुष्कर्म कर उसे गर्भवती बना देने के एक मामले में धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने नामजद आरोपी टुंडी निवासी युवक सीताराम मुर्मू को दोषी करार दिया है। अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए, तीन अप्रैल की तारीख निर्धारित की है। प्राथमिकी पीड़िता की शिकायत पर टुंडी थाने में नौ जुलाई 2023 को दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक आरोपी सीताराम मुर्मू ने किशोरी को शादी का झांसा देकर कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया, जिससे वह गर्भवती हो गई। वर्ष 2020 में उसने एक बच्ची को जन्म दिया, इसके बाद आरोपी ने उससे शादी करने से इनकार कर दिया। ग्राम प्रधान के घर में इसे लेकर बैठक हुई। जिसमें सीताराम ने अपना दोष स्वीकार किया और शादी करने की बात कही। बाद में वह अपने वादे से मुकर गया। छह जुलाई 2023 को आरोपी ने पीड़िता के साथ मारपीट भी की थी। अनुसंधान के बाद पुलिस ने चार सितंबर 2023 को आरोप पत्र दायर किया था।

### डीसी ने जमीन मालिक को तंग करने वाले को हिरासत में भेजा

बोकारो। बोकारो की डीसी विजया जाधव ने सोमवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जमीन से जुड़े एक मामले की सुनवाई की. उन्होंने जमीन मालिक रामनारायण मेहता को बेवजह परेशान करने और जमीन पर निर्माण कार्य रोकने के आरोपी अनिश कुमार पांडेय को हिरासत में लेकर थाने को सौंप दिया. डीसी ने एसपी पूज्य प्रकाश, डीडीसी संदीप कुमार व चास एसडीओ ओमप्रकाश गुप्ता की उपस्थिति में पूरे मामले की सुनवाई की. उन्होंने आरोपी को दोषी पाते हुए सेक्टर 12 थाना प्रभारी को बुलाकर हिरासत में भेजवाया. ज्ञात हो कि सेक्टर 12 थाना अंतर्गत तेतुलिया खाता नंबर 40, पुराना प्लॉट संख्या 312 के मालिक राम नारायण मेहता ने शनिवार को डीसी से मिलकर शिकायत की थी कि अनिश कुमार पांडेय व अन्य उनके प्लॉट पर अपना झूठा दावा कर रहे हैं।

# होटल में छुपा कर रखा गया 25 पेटी से अधिक अवैध विदेशी शराब जब्त



नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह

पचम्बा थाना के बुढ़वा तालाब टोल टैक्स के पास स्थित सुमित होटल में छुपा कर रखा गया 25 पेटी से अधिक अवैध विदेशी शराब को गिरिडीह पुलिस ने जब्त किया है। इस दौरान पुलिस द्वारा दो होटल स्टॉफ को भी हिरासत में लेने की बात सामने आई है। जबकि संचालक के फरार होने की सूचना है। हिरासत में लिए गए कर्मियों का नाम राजदेव दास और लखन कुमार बताया जा रहा है।

न्यू सुमित होटल में अवैध शराब को छिपाकर रखने की गुप्त सूचना गिरिडीह एसपी को प्राप्त हुई थी। सूचना के पश्चात सदर बीडीओ गणेश रजक, अंचल निरीक्षक पचम्बा अंचल पु०नि० मन्दु कुमार, नगर थाना प्रभारी शैलेन्द्र प्रसाद, मुफस्सिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो, पचम्बा थाना प्रभारी नरेंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में टीम के साथ उक्त होटल में तलाशी लिया गया। तलाशी के क्रम में होटल के पीछे के रूम से पेटी एवं बोरा में छिपाकर रखी गई करीब 25 पेटी विदेशी शराब / बियर विभिन्न ब्रांडों के कुल 181 लीटर बरामद किया गया।

मौजूद कर्मियों से पूछताछ करने पर बताया गया कि यह होटल सुमित साहु, पिता विनोद प्रसाद साहू द्वारा संचालित किया जाता है। उपरोक्त के संबंध मे पचम्बा थाना में कांड अंकित किया गया। मौजूद दोनों कर्मचारी से वैध कागजात की मांग की गई। इनके द्वारा कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बाद होटल में काम करने वाले दोनों कर्मियों को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया।

### संजय सिंह को मिली जमानत, लोकतंत्र की हुई जीत : आप

गिरिडीह। सुप्रीम कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को मंगलवार को जमानत दे दी। आम आदमी पार्टी झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने इसे लोकतंत्र की जीत बताया। उन्होंने कहा कि सत्य की जीत तय है। देर सबेर आम आदमी पार्टी के सभी नेता रिहा होंगे। एक रुपैया बरामद नहीं हुआ। कहा कि आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार के खिलाफ आन्दोलन से उपजी हुई पार्टी है। लेकिन देश में अभी तानाशाही चलाने वाली सरकार चल रही है। केन्द्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। इतिहास में पहली बार विपक्ष के मुख्यमंत्रियों को जेल में डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसी के माध्यम से विपक्ष को जेल में डालकर चुनाव जीतने का उनका सपना सपना ही रह जाएगा। देश की जनता संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए सड़क पर उतर चुकी है।

## न्यूज बॉक्स

### आईटीआई पास विद्यार्थियों के लिए अप्रेंटिसशिप करना जरूरी : सीजीएम



किरीबुरु। सेल की मेघाहातुबुरु खदान प्रबंधन ने सीजीएम आरपी सेलम के नेतृत्व में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया. इसमें दो बैच के आइटीआई पास सारंडा के विभिन्न गांवों के 20 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, बैग और फाईल दिया गया. इसके अलावे सारंडा के गांवों के 10 किसानों के बीच सब्जियों के बीज, खाद, झरना आदि वितरण किया. सभी 20 विद्यार्थियों को सीएसआर योजना के तहत मेघाहातुबुरु प्रबंधन ने अपने खर्च से आइटीआई कराया है.सीजीएम आरपी सेलम ने आइटीआई पास सभी छात्रों का बेहतर भविष्य की कामना करते हुये कहा कि ग्रामीण विद्यार्थियों का स्कील डेवलपमेंट व बेहतर भविष्य हेतु आइटीआई कराया जा रहा है. एचएएम का प्रशिक्षण भी जल्द प्रारम्भ करेंगे. उन्होंने कहा कि सिर्फ आइटीई कर लेने से नौकरी नहीं मिलेगी. इसके लिये कम से कम एक साल या उससे अधिक का अप्रेंटिसशिप व कार्य अनुभव जरुरी है. सेल प्रबंधन भी एक वर्ष का अप्रेंटिसशिप करा रहा है. इसके अलावे कम्प्यूटर आदि का प्रशिक्षण भी सेल प्रबंधन दे रहा है. शिक्षा व अनुभव निरंतर प्राप्त करते रहने से सफलता अवश्य मिलेगी. उन्होंने कहा कि हम सारंडा के किसानों का आर्थिक उन्नति हेतु हमेशा सब्जियों की बीज आदि वितरण कर रहे हैं, आगे भी सहयोग करते रहेंगे.इस कार्यक्रम में बहदा, कुमडीह, बाईहातु, बालिबा, कोलायबुरु, छोटानागरा, होंजोरदिरी, किरीबुरु, मेघाहातुबुरु, नुईयागड़ा आदि के ग्रामीणों के अलावे महिला समिति की अध्यक्ष स्टेला सेलमम, महाप्रबंधक एसके सिंह, महाप्रबंधक वीके सुमन, महाप्रबंधक योगेश प्रसाद राम, महाप्रबंधक केवी थापा, महाप्रबंधक विकाश दयाल, उप महाप्रबंधक संजय कुमार सिंह, कल्याण माझी, जी के नायक, सहायक महाप्रबंधक अवधेश सिंह, आर स्वांय, राम बाबू डोराइला, अजीत कुमार, एन के विश्वास, डा मनोज कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक आलोक वर्मा, संदीप भारद्वाज आदि अन्य उच्च अधिकारी शामिल थे.

### शहीद गंगाराम की शहादत दिवस पर लगेगा रक्तदान शिविर : संघ




चाईबासा। ईचा खरकई बांध विरोधी संघ, कोल्हान और हो उम्बुल ट्रस्ट, पश्चिमी सिंहभूम के संयुक्त तत्वावधान में 4 अप्रैल 2024 को तांतनगर प्रखंड के कोकचो सामुदायिक भवन में शहीद गंगाराम कालुंडिया जी को शहादत दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी जाएगी. रक्तदान के सफल आयोजन के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। इसकी जानकारी मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर संघ के अध्यक्ष बिर सिंह बिरुली और ट्रस्ट के सचिव शांति सिंकू ने संयुक्त रूप से साझा की। श्रद्धांजलि सभा एवं रक्तदान शिविर के लिए सामाजिक संगठनों को आमंत्रित किया गया है। मौके पर मुख्य रूप से रेयांस सामड, श्याम कुदादा,अभिराम हेमब्रोम और साथी उपस्थित थे।

### मतदाताओं को प्रपत्र 6 से जोड़ने के बारे में विस्तार से दी जानकारी



चाईबासा। स्वीप कार्यक्रम के तहत मंगलवार को चैंबर ऑफ कॉमर्स पश्चिम सिंहभूम, चैंबर ऑफ कॉमर्स चाईबासा और टेंड क्रांस सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान से चेंबर पार्क में स्वीप नोडल पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी अनिमेष रंजन की उपस्थिति में सभी सदस्यों के द्वारा मतदाता जागरूकता का आयोजन किया गया। तत्पश्चात सदर अनुमंडल कार्यालय के सभागार में स्वीप नोडल पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा उपस्थित सभी सदस्यों को मतदान के संपूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराया गया और प्रपत्र 6 के बारे में भी विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गयी। साथ ही साथ नए मतदाताओं को प्रपत्र 6 के माध्यम से जोड़ने के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा उपस्थित सभी सदस्यों से अनुरोध किया गया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सहयोग करें और अपने साथ-साथ आस- पड़ोस के लोगों को भी मतदान करने हेतु अपील करें तत्पश्चात उपस्थित सभी लोगों को मतदान देने हेतु शपथ भी दिलाया गया।

## शोभायात्रा के साथ मां मथुरासिनी की दो दिवसीय पूजा शुरू



नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह

बिरनी प्रखंड क्षेत्र के तुलाडीह भरकट्टा में माहुरी समाज के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी माहुरी वैश्य मंडल भरकट्टा, माहुरी युवा मंच भरकट्टा, पुजा समिति भरकट्टा एवं माहुरी वैश्य महिला एवं बालिका समिति भरकट्टा के द्वारा काफी हर्षोल्लास के साथ कुल देवी मां मथुरासिनी का दो दिवसीय पुजोत्सव शोभायात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। इस दौरान जय मां मथुरासिनी,जय श्री राम के नारे से पुरा भरकट्टा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। पुजा सच्चिदानंद पाण्डेय जी के द्वारा संपन्न कराया गया।

जिसमें मुख्य पुजारी नितिश सेठ एवं उनकी धर्म पत्नी सुषमा सेठ थी। पुजा संपन्न होने के साथ ही महाप्रसाद वितरण एवं भंडारा का आयोजन किया गया। साथ ही संध्या आरती एवं रात्रि में भक्ति जागरण एवं झांकी का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष अजीत चरणपहाड़ी, कोषाध्यक्ष अरूण तर्वे, नवयुवक समिति अध्यक्ष राकेश तव समेत काफी संख्या में माहुरी के लोग उपस्थित थे।

## फर्जी बेलर बनकर अपराधियों को जमानत दिलाने वाले गिरोह का भंडाफोड़



नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर

जमशेदपुर पुलिस ने फर्जी बेलर बन अपराधियों को जमानत दिलाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में सिदगोड़ा 10 नंबर बस्ती निवासी अरविंद प्रसाद सिंह और आदित्यपुर 2 रोड नंबर 11 निवासी नवीन कुमार राय शामिल है.पुलिस ने इनके पास से 54 आधार कार्ड, 17 वाहनों के रजिस्ट्रेशन कार्ड, 25 सेट आधार कार्ड एवं वाहनों के रजिस्ट्रेशन कार्ड एवं वाहन का पॉलिसी पेपर का छाया प्रति, 57 पीस स्टांप पेपर, अलग- अलग व्यक्तियों का पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ 30 पीस और दो पीस छोटा स्टेपलर समेत तीन मोबाइल बरामद किया है। एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि लगातार उन्हें सूचना मिल रही थी कि कुछ लोग फर्जी आधार कार्ड एवं वाहनों का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र बनाकर फर्जी व्यक्ति बनाकर जेल में बंद अपराधियों को जमानत लेने के लिए जमानदार बन रहे हैं। इस संबंध में सिविल कोर्ट सुरक्षा में लगाए गए पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों को कोर्ट परिसर में आने- जाने वाले व्यक्तियों का सघन जांच करने एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने के लिए निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में सोमवार को सिविल कोर्ट गेट नंबर 3 पर तैनात पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों द्वारा दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया।

## लक्ष्मीपुर मंदिर में श्री रूद्र महायज्ञ सह नंदी बाबा प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ध्वजारोहण

**23 अप्रैल से 5 मई तक भक्ति से सराबोर रहेगा भंडारी पंचायत**



नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह

तिसरी प्रखंड के भंडारी पंचायत अंतर्गत लक्ष्मीपुर शिव मंदिर में श्री श्री 1008 श्री रूद्र महायज्ञ सह नंदी बाबा प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंगलवार को ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान सैकड़ों महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने हाथों में ध्वज लेकर गाजे - बाजे के साथ हर हर महादेव, ॐ नमः शिवाय, जय श्री राम आदि नारा लगाते हुए लक्ष्मीपुर, पुरनाडीह, मँझलाडीह, खुदी मोदी आदि गाँवों का भ्रमण किया। जिसके उपरांत मंदिर प्रांगण में ध्वजारोहण किया गया। बताया गया कि लक्ष्मीपुर शिव मंदिर में 23 अप्रैल से 5 मई तक रूद्र महायज्ञ सह नंदी प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। 23 अप्रैल को कलश जल यात्रा एवं वेदी निर्माण के साथ बी महायज्ञ की शुरुआत हो जाएगी।

## बीडीओ ने की बूथों को ले समीक्षा बैठक, ली व्यवस्था की जानकारी

नवीन मेल संवाददाता। घाटशिला

घाटशिला प्रखंड कार्यालय सभागार में बीडीओ युनिका शर्मा ने मंगलवार को कलस्टर में नियुक्ति पदाधिकारी और अन्य कर्मचारियों के साथ लोकसभा चुनाव सफलता पूर्वक संचालन को लेकर बैठक की। बैठक के दौरान जिन पदाधिकारियों से संबंधित क्षेत्र में बूथ पर अभी तक पानी, शौचालय, बिजली, पंखा, रैंप आदि के कमी को पूरा नहीं किया गया है, उन्हें जमकर फटकार लगायी। साथ ही कहा कि मतदान के दिन किसी प्रकार की कमी बूथ पर पायी गई तो कारवाई के लिए भी तैयार रहें। बीडीओ ने बैठक के दौरान बुथवार समीक्षा कर एक एक पदाधिकारी से उनके बूथ पर व्यवस्था के संबंध में जानकारी लिया। बीडीओ ने कहा कि सभी लोग अपने अपने बूथ पर जाकर एक एक कमी को समय रहते पूरा करें। इस दौरान बूथ पर जो लोग पहले से कार्यरत है, उनसे जानकारी ले। जहां भी किसी प्रकार की दिक्कत आती है तत्काल हमलोगों से संपर्क करें।

### रामराज की बात करने वाली भाजपा रावणराज लाना चाहती है : संतोष सिंह

धनबाद। एग्यारकुंड व कलियासोल प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक मंगलवार को कुमारधुबी स्थित मैरिज हाल में हुई। बैठक में कांग्रेस के धनबाद जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। आपसी विचार-विमर्श के बाद लोकसभा चुनाव को लेकर प्रखंड स्तरीय चुनाव समिति का गठन किया गया। जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि रामराज की बात करने वाली भाजपा धनबाद जिले में रावणराज लाना चाहती है। भाजपा की कथनी और करनी में काफी अंतर है। भाजपा धनबाद लोकसभा सीट से रंगदारों को टिकट देकर सभ्य समाज और व्यापारियों के अंदर खौफ पैदा करना चाहती है।

## महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार बढ़ाने में लगी रही मोदी सरकार : राजेश यादव

**जन संपर्क के दौरान कोडरमा लोकसभा से विनोद सिंह को जिताने की अपील**



नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह

महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार रोकने के नाम पर देश की गद्दी पर बैठी मोदी सरकार इसे रोकने में पूरी तरह विफल रही। खासकर बेरोजगारी से देश के युवा परेशान हैं। झारखंड जैसे राज्य के युवा रोजगार के लिए प्रवासी बनने को मजबूर हुए। उक्त बातें भाकपा माले नेता राजेश यादव ने आज कोडरमा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत गांडेय विस, गिरिडीह सदर प्रखंड के जगजगो-टुसकियो तथा बुढ़ियाटांड़ में जन संपर्क अभियान के दौरान कही। उन्होंने कहा कि, घर-घर महंगाई तथा युवा वर्ग बेरोजगारी की तबाही झेल रहा है। किसान-मजदूर अपने अधिकार छीने जाने से बेचैन हैं, वे अपने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं, जिसका मोदी सरकार ने हमेशा दमन किया। इन ज्वलंत समस्याओं से इतर मोदी सरकार चंदा घोटाला में व्यस्त रहकर कंपनियों की सेवादारी में लगी रही।

### पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की आपत्तिजनक फोटो वायरल

धनबाद। झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की एक आपत्तिजनक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। बताया जाता है कि फेसबुक पर यह तस्वीर पोस्ट की गई है। वायरल फोटो में हेमंत सोरेन को हाथ में पिस्तौल लिये दिखाया गया है। उनके पीछे झारखंड के वर्तमान सीएम चंपाई सोरेन को खड़ा दिखाया गया। तस्वीर का टाइटल दिया गया है ''विश्वासघाती''।

# वीरांगना महिला ट्रस्ट की हुई बैठक, अंजू बनीं अध्यक्ष



नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह

गिरिडीह वीरांगना महिला किसान ट्रस्ट के द्वारा सरिया में प्रखंड विस्तार करते हुए मंजू देवी को सरिया प्रखंड अध्यक्ष, अनिता देवी को को सचिव, प्रतिमा देवी को कोषाध्यक्ष, लीलावती देवी को सलाहकार, यशोदा देवी महासचिव, जनक दुलारी देवी को संगठन में जोड़ते हुए मनोनीत किया गया।

इस दौरान ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष अंजू सोनी ने बताया कि नारी सम्मान सुरक्षा समिति का आज सरिया प्रखंड में विस्तार किया गया है जिसका उद्देश्य है कि आये दिन घरेलू हिंसा, आपसी विवाद ओर लड़ाई-झगड़े को रोकथाम करते हुए बेहतर सबन्ध स्थापित करने का एक समिति गठन की गई है जिसमे सरिया थाना क्षेत्र के लिए अंजू देवी को प्रमुख बनाया गया है।

सोनी ने बताया कि नीति आयोग के द्वारा हमारा संगठन पिछले 10 वर्षों से संचालित हैं जिसमे अब तक 16 जिला का विस्तार किया जा चुका हैं जिसे हर प्रखंड से लेकर पंचायत तक लोगों को जागरूक करना हैं तथा घरेलू विवाद को ट्रस्ट के सदस्यों के द्वारा सुलझाया जा सकता हैं। सोनी ने बताया कि गिरिडीह में अब तक 100 से अधिक घरेलू विवाद को आपसी समझौता कराते हुए निष्पादन किया गया हैं।


## जिला विधिक सेवा प्राधिकार, राँची

**द्वारा आयोजित**

**राष्ट्रीय लोक अदालत**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के निर्देश पर झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के संरक्षण में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची द्वारा दिनांक 11 मई, 2024 (शनिवार) पूर्वाह्न 07 : 30 बजे से कार्य की समाप्ति तक व्यवहार न्यायालय, रांची के परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा, जिसमें निम्नलिखित वाद निष्पादन हेतु सूचीबद्ध किये जायेंगे।

| | |
|---|---|
| उत्पाद अधिनियम के वाद | वन अधिनियम के वाद |
| चेक बाउन्स से संबंधित वाद | श्रम वाद एवं न्यूनतम मजदूरी के वाद |
| विद्युत अधिनियम के वाद | बैंक ऋण से संबंधित वाद |
| भरण–पोषण के वाद | भू–अधिग्रहण से संबंधित वाद |
| मोटरयान दुर्घटना मुआवजा से संबंधित वाद | छोटे आपराधिक वाद (माप–तौल, पुलिस अधिनियम एवं रेलवे न्यायालय से संबंधित वाद) |
| पारिवारिक वाद | सभी प्रकार के दीवानी मामले |
| राजस्व संबंधित मामले | सभी प्रकार के शमनीय आपराधिक मामले |

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अधिक से अधिक संख्या में अपने मामलों को उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में सूचीबद्ध कराकर सस्ता एवं सुलभ न्याय प्राप्त करें और इस आयोजन को सफल बनायें।

नोट :– उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत के "राष्ट्रीय लोक अदालत पूर्व कॉन्सिलिएशन बैठक "दिनांक– 10 वीं मार्च 2024 से 10 वीं मई 2024 तक आयोजित की जायेगी। इस संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी हेतु आप किसी भी कार्य दिवस के दिन 07.30 बजे पूर्वाह्न से कार्यावधि तक राँची, व्यवहार न्यायालय परिसर में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में उपस्थित होकर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार राँची अथवा उनके दूरभाष सं0–0651–2223351 अथवा मोबाईल नम्बर – 9852361365, 9334941801 से सम्पर्क कर सकते हैं।

दिवाकर पांडे, न्यायायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, राँची।
राहुल कुमार सिन्हा, उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, राँची।
चन्दन कुमार सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक–सह–सदस्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकार राँची।

PR 323503 Law (24-25)_D

# विकास के लिए ऑनलाइन सुरक्षा की चुनौती

देश के नागरिकों को ऑनलाइन सुरक्षा प्रदान करने के लिए आई4सी कार्यक्रम यानी भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र केंद्रीय गृह मंत्रालय की निगरानी में बना है। वर्ष 2020 में अपनी स्थापना के बाद से इस केंद्र ने देश भर में 4.7 लाख से अधिक शिकायतों का निपटारा कर के 1,200 करोड़ रुपये से अधिक की बचत की है। इन आंकड़ों से यह तो पता चलता ही है कि भारत साइबर अपराधों को रोकने में कितना सफल हुआ है, यह भी स्पष्ट होता है कि 2020 के बाद से दर्ज मामलों की संख्या में 500 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और बचाई गई धनराशि में 800 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यानी राष्ट्रव्यापी साइबर अपराध रोकथाम तंत्र अब गति पकड़ चुका है। जब भारत दुनिया की शीर्ष तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने की ओर अग्रसर है, मजबूत साइबर सुरक्षा प्रणाली का काफी महत्व है। जब तक देश खुद को साइबर-अनुकूल राष्ट्र के रूप में स्थापित नहीं कर लेता, तब तक विकसित भारत की परिकल्पना अधूरी रहेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने एक भाषण में कहा भी था-'साइबर सुरक्षा अब केवल डिजिटल दुनिया तक ही सीमित नहीं है। यह राष्ट्रीय और वैश्विक सुरक्षा का विषय है।' रांची और झारखंड के विभिन्न शहरों तक से देश विदेश तक ठगी के जो मामले चर्चित हुए वे भारत के सामने साइबर सुरक्षा की बड़ी चुनौती हैं। जब भारत ने जी-20 की वेबसाइट लॉन्च किया था, तो हैकरों द्वारा प्रति मिनट 16 लाख हमले हुए थे और भारत इनसे बचाव करने में सफल रहा था। जी-20 शिखर सम्मेलन में गृहमंत्री अमित शाह ने कहा भी था- 'हालांकि, प्रौद्योगिकी मनुष्यों, समुदायों और देशों को करीब लाने की दिशा में एक सकारात्मक विकास है, लेकिन कुछ असामाजिक तत्व और वैश्विक ताकतें प्रौद्योगिकी का उपयोग नागरिकों और सरकारों को आर्थिक व सामाजिक नुकसान पहुंचाने के लिए कर रही हैं। इसलिए यह सम्मेलन और भी महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि यह डिजिटल दुनिया को सभी के लिए सुरक्षित बनाने की समन्वित कार्रवाई की दिशा में एक महत्वपूर्ण वैश्विक पहल हो सकता है।' गृहमंत्री अक्सर कहते रहे हैं कि, आतंकवाद, आतंक के वित्तपोषण, कट्टरपंथ, सहित नई और उभरती, पारंपरिक और गैर-पारंपरिक चुनौतियों से निपटने के लिए राष्ट्रों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों की क्षमताओं को बढ़ाना आवश्यक है। केंद्र सरकार ने एक समान साइबर रणनीति की रूपरेखा तैयार करने, साइबर अपराधों की वास्तविक समय पर रिपोर्टिंग करने, एलईए क्षमता का निर्माण करने, विश्लेषणात्मक उपकरण बनाने, फोरेंसिक प्रयोगशालाओं का राष्ट्रीय नेटवर्क स्थापित करने, साइबर स्वच्छता सुनिश्चित करने और हर नागरिक तक साइबर जागरूकता फैलाने की दिशा में काम किया है। देश में शुरू की गई सेफ सिटी परियोजना ऑनलाइन और ऑफलाइन, दोनों अपराधों से निपटने के लिए अत्याधुनिक कमांड सेंटर प्रदान करती है। देश में जो तीन नए आपराधिक कानून बने हैं, उनमें भी साइबर अपराधियों के खिलाफ इस्तेमाल किए जाने वाले कानूनों की खामियों को लगभग समाप्त करने का प्रावधान किया गया है। अपराधी तत्वों द्वारा इस्तेमाल किए गए डिजिटल उपकरणों को अब सबूत के रूप में मान्यता दे दी गई है। जांच एजेंसियों को सशक्त बनाते हुए देश के सभी पुलिस स्टेशनों में क्राइम ऐंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क ऐंड सिस्टम (सीसीटीएनएस) लागू किया गया है। भारतीय साइबर-अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) के जरिये साइबर अपराध के खिलाफ एक समन्वित और व्यापक कार्रवाई सुनिश्चित हो सकती है। आई4सी साइबर अपराध से संबंधित सभी मुद्दों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसके कारण प्रवर्तन एजेंसियों और हितधारकों के बीच समन्वय में न सिर्फ सुधार हुआ है, बल्कि साइबर अपराध से निपटने के लिए जरूरी क्षमता भी हासिल हो गई है। इससे नागरिक संतुष्टि के स्तर में सुधार करना संभव हो गया है। सरकार ने 'साइट्रेन' पोर्टल नाम से एक विशाल ओपन ऑनलाइन पाठ्यक्रम मंच भी तैयार किया है। यह साइबर सुरक्षा में दुनिया का सबसे व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम माना जा सकता है।

उच्च शिक्षा

# पीएचडी की बदलेगी अब सूरत-सीरत



प्रो. श्याम सुंदर भाटिया



**पीएचडी** करने की ख्वाहिश रखने वाले युवाओं के लिए यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन-यूजीसी से बड़ी खबर आ रही है। या यूं कहें तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होनी चाहिए, पीएचडी की चाह रखने वाले के लिए यूजीसी ने अब नई संजीवनी से लबरेज नायाब तोहफा दिया है। 2024-25 से पीएचडी में प्रवेश के लिए अब केवल एक राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा- नेट देनी होगी। यह नई शिक्षा नीति-2020 का अहम हिस्सा है। उच्च शिक्षा के शीर्ष संस्थान के इस कदम से देशभर में कई प्रवेश परीक्षाओं की अब जरूरत नहीं रहेगी। नेट परीक्षा प्रावधानों की समीक्षा के लिए नियुक्त एक विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के बाद यह महत्वपूर्ण फैसला लिया गया है। यूजीसी की हाल ही में हुई 578वीं बैठक के दौरान इस बड़े बदलाव को हरी झंडी दे दी गई। यूजीसी ने इसे जून से ही क्रियान्वित करने का ऐलान किया है। उल्लेखनीय है, एनईपी-2020 को लागू करने की सिफारिशों के संग केन्द्र सरकार ने गैरजरूरी बताते हुए एम.फिल. की विदाई कर दी थी। यूजीसी के इस फैसले के बाद देशभर में अब किसी भी सरकारी या प्राइवेट यूनिवर्सिटी में एमफिल की डिग्री नहीं दी जा रही है। नेट परीक्षा अब तक मुख्य रूप से जूनियर रिसर्च फेलोशिप- जेआरएफ और सहायक प्रोफेसर्स की नियुक्तियों की पात्रता तय करने के लिए होती रही है। अब इसका दायरा बढ़ा दिया गया है। ऑल ओवर इंडिया पीएचडी में प्रवेश के लिए नेट परीक्षा ही पात्रता होगी। पीएचडी में एडमिशन के लिए रिजल्ट उम्मीदवार के प्राप्त अंकों के साथ परसेंटाइल में जारी किया जाएगा। बताते चलें, अभी तक पीएचडी रेग्यूलेशन एक्ट-2022 के तहत जेआरएफ पास स्टुडेंट्स को ही इंटरव्यू बेस पर पीएचडी में एडमिशन मिलता रहा है। यूजीसी की ओर से नए परिवर्तन की गाइडलाइन्स का नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया है। नए नियमों के मुताबिक जून, 2024 से यूजीसी नेट योग्य उम्मीदवारों की पात्रता तीन श्रेणियों में होगी। एक- जेआरएफ और सहायक प्रोफेसर की नियुक्ति के संग-संग पीएचडी प्रवेश के लिए पात्र होंगे। दो- जो आवेदक जेआरएफ के बिना पीएचडी प्रवेश के लिए पात्र हैं, लेकिन सहायक प्रोफेसर नियुक्ति चाहते हैं। तीन- वे पूरी तरह से पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश के हकदार होंगे। नेट के माध्यम से पीएचडी प्रवेश के लिए दो और तीन श्रेणी में नेट स्कोर का वेटेज 70 प्रतिशत होगा, जबकि 30 प्रतिशत वेटेज इंटरव्यू के जरिए दिया जाएगा। यह इंटरव्यू आवेदक उम्मीदवार की चयनित यूनिवर्सिटी के अंतर्गत होगा। यह प्रमाणपत्र एक वर्ष के लिए वैध रहेगा।

**नेट परीक्षा प्रावधानों की समीक्षा के लिए नियुक्त एक विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के बाद यह महत्वपूर्ण फैसला लिया गया है। यूजीसी की हाल ही में हुई 578वीं बैठक के दौरान इस बड़े बदलाव को हरी झंडी दे दी गई। यूजीसी ने इसे जून से ही क्रियान्वित करने का ऐलान किया है। उल्लेखनीय है, एनईपी-2020 को लागू करने की सिफारिशों के संग केन्द्र सरकार ने गैरजरूरी बताते हुए एम.फिल. की विदाई कर दी थी।**

यदि आवेदक ने इस समयावधि में प्रवेश नहीं लिया तो इसके लिए वह अयोग्य हो जाएगा। ऐसे में अभ्यर्थी को पुनः नेट परीक्षा देनी होगी। जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान में जय अनुसंधान का जुड़ाव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का शोध के प्रति समर्पण दर्शाता है, हमारी केन्द्र सरकार वैश्विक रैंकिंग को लेकर कितनी संजीदा है। 2021-22 में पांच साल के लिए नेशनल रिसर्च फाउंडेशन-एनआरएफ का बजट 50 हजार करोड़ आवंटित हो चुका है। उम्मीद है, शोध के क्षेत्र में तरक्की की नई राहें निकलेंगी। प्रधानमंत्री मोदी का मानना है, छात्रों को रिसर्च और इनोवेशन को जीने का तरीका बनाना होगा। स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के फाइनल में शिरकत कर रहे छात्रों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उन्होंने अपने सारगर्भित संबोधन में कहा था, समाज में नवाचार को अब अधिक स्वीकृति मिल रही है। जय अनुसंधान का जिक्र करते हुए बोले, स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के प्रतिभागी इसके ध्वजवाहक हैं। जाने-माने शिक्षाविद प्रो. यशपाल का मानना रहा है, जिन शिक्षण संस्थानों में अनुसंधान और उसकी गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जाता है, न तो शिक्षा का भला कर पाती हैं और न ही समाज का। आत्मविश्वास से लबरेज यूजीसी के अध्यक्ष प्रो. एम. जगदीश कुमार कहते हैं, यह बदलाव निःसंदेह देश में शैक्षणिक खोज और विद्वतापूर्ण उन्नति के लिए अधिक अनुकूल माहौल को बढ़ावा देने में अनमोल योगदान देगा। प्रो. कुमार कहते हैं, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी-एनटीए अगले सप्ताह से मूर्त रूप देने जा रही है। इससे न केवल छात्रों को विभिन्न विश्वविद्यालयों की ओर से आयोजित पीएचडी प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी से राहत मिलेगी, बल्कि इससे परीक्षा संसाधन और खर्चों का बोझ कम होगा। शिक्षाविद् मानते हैं, यूजीसी नेट परीक्षा से न केवल आपके अंकों के आधार पर प्रतिष्ठि विश्वविद्यालयों के द्वार खुलेंगे, बल्कि आपको आकर्षक छात्रवृत्ति मिलने का रास्ता भी सुगम हो जाएगा। अब आईआईटी, आईआईएम या दीगर किसी यूनिवर्सिटी में पीएचडी के एडमिशन के लिए अगल से इंट्रेंस एग्जाम देने की जरूरत नहीं है, क्योंकि देश में अब वन पीएचडी इंट्रेंस एग्जाम फॉर्मूला लागू हो गया है। भारत दुनिया में सबसे तेजी बढ़ते अनुसंधान देशों में से एक है। क्यूएस रिसर्च वर्ल्ड यूनिवर्सिटी के मुताबिक 2017-2022 के बीच भारत के अनुसंधान उत्पादन में लगभग 54 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह वैश्विक औसत के दो गुने से भी अधिक है, जबकि वैश्विक औसत 22 प्रतिशत है। इसमें भारत के 66 विश्वविद्यालयों को शुमार किया गया था। चीन, अमेरिका और यूके के बाद दुनिया में भारत का रिसर्च चौथे पायदान पर है। क्यूएस के मुताबिक भारत ने 2017-2022 के बीच 1.3 मिलियन अकादमिक पेपर्स तैयार किए हैं। इस अवधि में करीब 15 प्रतिशत रिसर्च पेपर शीर्ष जर्नल में प्रकाशित हुए हैं। यह खुलासा क्यूएस ने अपनी रैंकिंग में किया है। अकादमिक पेपर्स में यूनाइटेड किंगडम का आंकडा 1.4 मिलियन है। इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी, भारत निकट भविष्य में यूके को पीछे छोड़ देगा। यह बात दीगर है, साइटेशंस में 8.9 मिलियन उद्धरणों के साथ भारत की नौवीं रैंक है। क्यूएस रिसर्च वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग ने यह रैंकिंग निर्धारित करने के लिए भारत समेत दुनिया के 93 देशों के 1300 से अधिक विश्वविद्यालयों के डेटा का विश्लेषण किया। रैंकिंग निर्धारण में अनुसंधान आउटपुट, शिक्षण गुणवत्ता और नियोक्ता प्रतिष्ठा जैसे कारक शामिल थे। भारत में अनुसंधान का सबसे प्रचुर क्षेत्र इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी है। इसके बाद प्राकृतिक विज्ञान, जीव विज्ञान और चिकित्सा का स्थान आता है। भारत दो या अधिक मुल्कों के साथ अपने अनुसंधान उत्पादन का 19 प्रतिशत उत्पादन करता है। यह वैश्विक औसत पर 21 प्रतिशत है। इसमें कोई शक नहीं है, भारत दुनिया में सबसे तेज ग्रो करने वाला रिसर्च हब है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात

### चिकित्सा : थोड़ा और आगे सोचिए



राकेश दुबे

**भारत** सरकार देर आये, दुरुस्त आये की कहावत पर चल दी है। उसने दवा कंपनियों द्वारा चिकित्सकों एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों या उनके परिवारों को व्यक्तिगत लाभ मुहैया कराने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए संहिता जारी की है। इस संहिता- यूनिफॉर्म कोड ऑफ फार्मास्यूटिकल मार्केटिंग प्रैक्टिसेज (यूसीपीएमपी) 2024- के अंतर्गत इस नियमन को लागू करने की जिम्मेदारी कंपनियों की होगी। अपने उत्पादों को बेचने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों को उपहार, यात्रा सुविधा, हॉस्पिटैलिटी, नगदी आदि देने की शिकायतों के निपटारे के लिए फार्मा कंपनियों को एक एथिक्स कमेटी बनानी होगी, जिसमें तीन से पांच सदस्य होंगे। इस समिति के प्रमुख बोर्ड के सीइओ होंगे। इस कमेटी की जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध करानी होगी। कोड में स्पष्ट कहा गया है कि नियमन के पालन के लिए कंपनी के सीइओ जिम्मेदार होंगे। उन्हें हर वित्त वर्ष की समाप्ति के दो माह के भीतर यह घोषणा करना होगी कि उनकी कंपनी नियमों का पालन कर रही है और उत्पादों की बिक्री बढ़ाने के लिए स्वास्थ्यकर्मियों को किसी भी तरह का व्यक्तिगत लाभ नहीं दिया जा रहा है। कोड में ऐसे किसी व्यक्ति को मुफ्त सैंपल दवा देने की भी मनाही है, जो ऐसे किसी उत्पाद को मरीजों को देने के लिए योग्य नहीं है। जो सैंपल दवा डॉक्टरों को दिये जाते हैं, उनका मूल्य कंपनी के कुल घरेलू बिक्री के दो प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए। पिछली बार फार्मास्यूटिकल डिपार्टमेंट ने ऐसा नियमन 2014 में लाया था। ऐसा नियमन इसलिए बनाना पड़ा, क्योंकि ऐसे कई मामले सामने आये हैं, जिनमें बड़ी बड़ी कंपनियां डॉक्टरों को विदेश यात्रा पर ले जाती हैं। ऐसा भी होता है कि कंपनियां स्वास्थ्यकर्मियों के निजी उत्सवों, मसलन जन्मदिन, शादी की वर्षगांठ आदि, का खर्च उठाती हैं। महंगे उपहार भी दिये जाते हैं। इसके बदले में वे कंपनियां अपना कारोबार बढ़ाना चाहती हैं। यह एक तरह का लेन-देन है कि हम आप पर खर्च कर रहे हैं और आप हमारे उत्पाद की बिक्री बढ़ाने में मदद करें। कोई भी कंपनी अपने उत्पाद के प्रचार-प्रसार के लिए तरह-तरह के कार्यक्रम और उपाय करती है। वैसा ही माहौल पवित्र कहे जाने वाले पेशे में भी आ गया।

(भोपाल)

नक्सली गतिविधियों पर अंकुश लगाने का हो रहा प्रयास

# नक्सलवाद पर मध्य प्रदेश की मोहन सरकार का ठोस प्रहार



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**देश** में लोकसभा चुनाव होने जा रहे हैं। ऐसे में मध्य प्रदेश की मोहन सरकार शांति से मतदान सम्पन्न हों, इसके लिए अपने अथक प्रयास करती हुए नजर आ रही है, जिसमें कि छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र राज्यों से लगे सीमावर्ती जिलों में नक्सली गतिविधि पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए कठोर कार्रवाई शुरू है। इसी का यह परिणाम है कि मध्य प्रदेश में या तो नक्सली मारे जा रहे हैं या फिर उन्हें राज्य छोड़कर भागना पड़ रहा है। ताजा घटनाक्रम 29 लाख की इनामी महिला नक्सली डीवीसीएम सजन्ति उर्फ क्रांति जोकि डिस्ट्रिक्ट कमांडेट थी का मारा जाना है, इसके साथ ही एक 14 लाख का इनामी नक्सली रघु उर्फ शेर सिंह भी मारा गया है। रघु पर तीन राज्यों की पुलिस ने इनाम घोषित कर रखा था। इससे पहले मध्य प्रदेश पुलिस की हॉकफोर्स को एक और बड़ी सफलता मिली थी। नक्सल विरोधी अभियान के दौरान बालाघाट जिले के गढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत चकरवाहा जंगल क्षेत्र में सर्चिंग कर रही कोबरा 207 और हॉकफोर्स की संयुक्त टीम की नक्सलियों से मुठभेड़ हुई थी, जिसमें कोबरा 207 और हॉकफोर्स द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई से नक्सली घने जंगल में भाग गए थे। इस मुठभेड़ में कुछ नक्सली बुरी तरह से घायल हुए थे। जो सामान कोबरा 207 और हॉकफोर्स की संयुक्त टीम के हाथ लगा, सूचनाओं के नजरिए से फोर्स के लिए वह बहुत काम का साबित हुआ है। इसी प्रकार से डॉ. मोहन यादव की भाजपा सरकार के गठन के वक्त भी एक बड़ी कार्रवाई नक्सलियों पर की गई थी। इस कार्रवाई के दौरान भी नक्सलियों को भारी नुकसान पहुंचाने में फोर्स को सफलता मिली थी। मध्य प्रदेश पुलिस की हॉकफोर्स ने नक्सल विरोधी अभियान के दौरान 14 लाख रुपये के इनामी नक्सली मड़काम हिड़मा उर्फ चैतु (32) को मार गिराया था। हिड़मा, एमएमसी (मध्य प्रदेश-महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़) जोन की जीआरबी (गोंदिया, राजनांदगांव, बालाघाट) डिविजन के एसजेडसीएम (स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर) राजेश उर्फ दामा का विश्वस्त सहयोगी था। हिड़मा पूर्व में माओवादियों की भैरमगढ़ एरिया कमेटी की चेतना नाट्य मंच तथा प्लाटून का सदस्य रहा है।

**ताजा घटनाक्रम 29 लाख की इनामी महिला नक्सली डीवीसीएम सजन्ति उर्फ क्रांति जोकि डिस्ट्रिक्ट कमांडेट थी का मारा जाना है, इसके साथ ही एक 14 लाख का इनामी नक्सली रघु उर्फ शेर सिंह भी मारा गया है।**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## X- से







## बोधगया : बुद्ध की ज्ञान प्राप्ति का स्थल

**बोधगया में अशोक का हीरा सिंहासन :** इस सिंहासन को अतीत में कई बार इधर-उधर किया गया, पुनर्स्थापित किया गया और बदला गया और आज यह महाबोधि मंदिर के पीछे स्थित है। सबसे ऊपरी मौर्य सिंहासन के नीचे राहत में चित्रित स्क्वाट , एटलस जैसी आकृतियाँ संभवतः गुप्त राजवंश (चौथी-छठी शताब्दी सीई) के समय की हैं, यदि एक शताब्दी या उससे भी पहले नहीं। बोधि वृक्ष के चारों ओर हीरा सिंहासन और महाबोधि मंदिर के साथ भरहुत राहत (सर अलेक्जेंडर कनिंघम, महाबोधि, या बुद्ध-गया में बोधि वृक्ष के नीचे महान बौद्ध मंदिर से, प्रकाशन तिथि 1892) बोधि वृक्ष के चारों ओर हीरे के सिंहासन और महाबोधि मंदिर के साथ भरहुत राहत (सर अलेक्जेंडर कनिंघम, महाबोधि, या बुद्ध-गया में बोधि वृक्ष के नीचे महान बौद्ध मंदिर से , 1892) इस सिंहासन और बोधि वृक्ष की संयुक्त छवि प्रारंभिक बौद्ध कला में एक लोकप्रिय छवि थी, जो स्वयं बुद्ध के चित्रण से हटकर प्रतीत होती है। पेड़ के नीचे खाली सिंहासन अक्सर बुद्ध की अनुपस्थित उपस्थिति और एक पवित्र स्थल के रूप में बोधगया दोनों के लिए एक संकेत के रूप में काम करता था। बौद्ध कला के इतिहास में सिंहासन और वृक्ष बुद्ध और ज्ञानोदय के क्षण के लिए एक महत्वपूर्ण संकेत बने हुए हैं, जैसा कि एक मंदिर के साथ बोधि वृक्ष की प्रारंभिक राहत में देखा जा सकता है (इस पृष्ठ के शीर्ष पर) और में बुद्ध की सामान्य छवि पृथ्वी पर गवाही देने के लिए बुला रही है।



(क्रमशः)

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# मैं 'फिक्स्ड' लेखक हूं



डॉ. सुरेश कुमार. मिश्रा उरतृप्त

**लड़कियाँ** यहाँ भी परेशान हैं। लड़कियां वहाँ भी परेशान हैं। गौर से देखिए तो लड़का होकर मैं भी परेशान हूँ। अब किस-किसकी चिंता करूँ यह समझ नहीं पा रहा हूँ। चिंता करने वाले एक जगह रुक जाते हैं। मैं चिंता नहीं करता इसीलिए यहाँ तक पहुँचा हूँ। दुनिया जानती है कि न मैं घुप्प अंधेरे में लड़की के जलाने पर लिखता हूँ और न ही दिन दहाड़े नंगा करके घुमाने पर। लड़के के पसंद के कपड़े न पहनने पर जिस लड़की को सरे राह मारा गया न उसके बारे में लिखता हूँ और न ही खुले चेहरे पर फेंके गए एसिड अटैक के बारे में। जर्सी पहन फुटबाल खेलने पर जिस लड़की को सताया गया न उस पर लिखता हूँ और न ही अकेले देश बाहर जाने के जुर्म में जो लड़की फलाने जेल में कैद हो गई उस पर। प्रेम करने के अपराध में जिस लड़की को संगसार किया गया न उस पर लिखता हूँ और न ही पति ने पीटकर जिस लड़की की हत्या कर दी उस पर। शादी के लिए राजी न होने पर जिस लड़की का गला रेंत दिया गया न उस पर लिखता हूँ और न ही शांति स्थापना के प्रयास में रास्ते पर उतरी जो लड़की मारी गई, उस पर। मैं तो पत्नी को खुश करने वाले पतियों के लिए नुस्खे लिखता हूँ। दांपत्य जीवन की खट्टी-मीठी नोक-झोंक पर चुटकी लेता हूँ। जीजा-साली के चुटकुले लिखता हूँ। कहने वालों ने तो इसी लेखन को सराहनीय और उम्दा लेखन कहा है। न इस समाचार पत्र को शिकायत न उस पत्रिका को। न जिंदों को शिकायत न मुर्दों को। देखिए चिंता करने से कोई लाभ नहीं है। हम तो दुनिया में चमगादड़ की तरह जीते हैं। इसलिए हम वह सब नहीं लिखते जिससे जनता जागरूक हो। जनता जागरूक हो जाए तो भीड़ बन जाती है। और भीड़ बनने के खतरे तो हम जानते ही हैं। लोग हमें गुदगुदी करने वाला लेखक कहते हैं तो कहा करें। यह बात अपने अपने मन में रखे रहिए। हम हमारी जैसी लेखनी के अलावा किसी को नहीं बख्शते। लिखते रहिए। जो हमारे गुट का नहीं उसे 'चल बे फुट' कहने में देर नहीं लगाते। हम तो इनकी ऐसी क्लास लगायेंगे कि लिखना तो छोड़ो कलम की ओर देखने में इनकी रूह कांप उठेगी। हाँ अगर कोई अपना नजर आ जाए तो उसे चने के झाड़ पर चढ़ा देते हैं। खैर हम तो फलां-फलां पत्र-पत्रिकाओं के फिक्स्ड लेखक हैं। इधर से हम रचना भेजते हैं, उधर से छपकर आ जाती है। इधर छपना उधर भजनमंडली का वाह-वाह करना शुरू हो जाता है। दल हमारा। प्रशंसा हमारी। किस पर कहना है किस पर नहीं इसकी मर्जी भी हमारी है। हम विरोधी की गाड़ी ही नहीं बढ़ने देंगे। वहीं खड़े घुर्र घुर्र करते रह जायेंगे। हम पहले से तय करते हैं कि इस बार इसको ताज पहनाना है। उस बार उसकी लाज ले लेनी है। हाँ, यह तय नहीं रहता कि कब मृदंग बजाना है कब तबला। इसलिए मैं किसी की चिंता नहीं करता हूँ। करूँ भी क्यों? खुद गुरु हमारे जीते जी अपने नाम का तमगा बांटकर खुश हो लेते हैं तो क्या मैं ऐसी रचनाएँ लिखकर उनकी वाह-वाही नहीं पा सकता? वैसे भी आज की वाह-वाही कल का इन्वेस्टमेंट है। कुछ समझेड्ड? नहीं समझे... ? अभी आप बच्चे हैं, समझने में टाइम लगेगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

टेक वर्ल्ड

## मोबाइल चार्जर शॉर्ट-सर्किट से बचें

हालांकि, कुछ बुनियादी सुरक्षा टिप्स का पालन करने से ऐसी त्रासदियों को रोका जा सकता है।

**सस्ते मोबाइल चार्जर के चक्कर में न पड़ें**

ऐसे चार्जर में निवेश करें जो किसी प्रतिष्ठित कंपनी द्वारा प्रमाणित हो। सस्ते, अप्रमाणित चार्जर में ओवरहीटिंग को रोकने के लिए सुरक्षा सुविधाएं नहीं हो सकती हैं। अपने फोन के साथ आए चार्जर या फोन के निर्माता द्वारा बनाए गए चार्जर का ही उपयोग करें। वे सुरक्षित और कुशलतापूर्वक एक साथ काम करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। **किस जगह पर फोन चार्ज करें, बिस्तर जैसी जगहों से बचें :** अपने फोन को अपने बिस्तर, सोफे या तकिये के नीचे चार्ज करने से बचें। ये सतहें गर्मी को रोक लेती हैं, जिससे आपका फोन ज्यादा गरम हो जाता है। नाइटस्टैंड या डेस्क जैसी सपाट, सख्त सतह चुनें। **अपने फोन को कभी भी सूरज की रोशनी में चार्ज न करें :** अत्यधिक तापमान इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए बुरी खबर है। अपने फोन को सीधी धूप या गर्म कार में चार्ज करने से बचें। **अपने चार्जर की नियमित जांच करें :** किसी भी क्षति के लिए नियमित रूप से अपने चार्जर का निरीक्षण करें। चार्जर के क्षतिग्रस्त होने के किसी भी लक्षण पर ध्यान दें, जैसे कि जर्जर तार, टूटे हुए प्लग या ढीले कनेक्शन। यदि आपको कोई क्षति दिखे, तो चार्जर को फेंक दें और नया ले लें।



(क्रमशः)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### महुआ मोइत्रा के खिलाफ ईडी ने दर्ज किया पीएमएलए केस

**कोलकाता।** घूस लेकर सवाल पूछने के मामले में संसद से निष्कासित तृणमूल नेता महुआ मोइत्रा की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को उनके खिलाफ बड़ा एक्शन लिया है। ईडी की टीम ने मोइत्रा पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। यह एफआईआर मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत दर्ज की गई है। आरोप है कि मोइत्रा ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) नियमों का उल्लंघन किया है। दरअसल, ईडी फेमा के प्रावधानों के तहत महुआ मोइत्रा का बयान दर्ज करना चाहती है। उनके खिलाफ एनआरआई खाते से जुड़े लेनदेन की जांच की जा रही है। इसके अलावा विदेश में पैसे भेजने के कुछ अन्य मामलों की भी जांच की जा रही है।

### अरुण गोविल ने मेरठ से भरा पर्चा, कहा- जनता मुझे देगी पूरा प्यार

**मेरठ।** अभिनेता से नेता बने अरूण गोविल ने मंगलवार को मेरठ लोकसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उन्होंने मीडिया से कहा, ह्लआज परम आदरणीय केशव प्रसाद मौर्य जी की मौजूदगी में मैंने नामांकन पत्र दाखिल किया है। जिस तरह का उत्साह अभी लोगों के बीच है, उसे देखते हुए मुझे पूरी उम्मीद है कि जितना प्यार मुझे मिलता रहा है, उतना इस बार भी मिलेगा। उन्होंने कहा, मैं बीजेपी का धन्यवाद करना चाहूंगा। इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में बीजेपी 400 का आंकड़ा पार करेगी। प्रधानमंत्री ने जो कहा है, उसे पूरा किया है। अरूण गोविल के साथ निर्वाचन कार्यालय पहुंचे उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में अरूण गोविल जी ने आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। जनता में जबरदस्त उत्साह है और मुझे पूरा विश्वास है कि उत्तर प्रदेश में 80 में से 80 और देश में 400 सीटें जीतने का लक्ष्य भाजपा पूरा कर लेगी और जो हमारे प्रधानमंत्री पद के प्रत्याशी हैं, वो फिर प्रधानमंत्री बनेंगे।

### मेघालय सीएम ने कहा एनडीए के साथ एनपीपी का रिश्ता मजबूत

**शिलांग।** मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा का कहना है कि नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) और भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के बीच संबंध कई चुनौतियों के बावजूद पिछले दशक में मजबूत हुए हैं। मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा ने शिलांग लोकसभा सीट पर पार्टी उम्मीदवार के लिए प्रचार करने के दौरान कहा, एनडीए और एनपीपी के बीच दस साल का मजबूत गठबंधन है। अनेक बाधाओं का सामना करने के बावजूद, हमने हमेशा अपने सभी निर्णयों में नागरिकों की जरूरतों को पहले स्थान पर रखा है।" सीएम ने कहा, "आगामी लोकसभा चुनाव में एनडीए और उसके सहयोगी एकजुट रहेंगे। दरअसल, एनडीए में शामिल सभी दलों का मानना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत प्रगति करेगा। सीएम ने कहा कि 2028 तक भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में तीसरे स्थान पर होगी और 2047 तक यह एक विकसित देश होगा।

# भ्रामक विज्ञापनों को लेकर रामदेव ने एससी में मांगी माफी

## ■ कोर्ट ने कहा - मान्य नहीं ■ केंद्र से भी पूछा- आपने अब तक इस पर क्यों आंखें मूंदे रखीं?



**ब्यूरो। नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय की जस्टिस हिमा कोहली व जस्टिस अमानतुल्लाह की बेंच में योग गुरु बाबा रामदेव व उनसे जुड़े पतंजलि के उत्पादों में तमाम तरह की बीमारियों को ठीक करने के दावे के विरूद्ध आल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन की याचिका पर केस चल रहा है।

### दो अप्रैल को हुई सुनवाई में जो हुआ, उसका कुछ विवरण

- जस्टिस हिमा कोहली : हम दस्तावेज देख रहे हैं, जिसमें कहा गया है कि जवाब ना देने पर कंपनी और मैनेजमेंट के खिलाफ कंटेम्प्ट का केस क्यों ना चलाया जाए।
- जस्टिस अमानतुल्लाह : आप हमें बताएं कि आपने पहले दो जवाब कब दिए हैं।
- जस्टिस हिमा कोहली : फरवरी 27 का ऑर्डर भी देख रहे हैं, यहां भी जवाब ना दाखिल करने की बात है।
- जस्टिस हिमा कोहली : बाबा रामदेव और दूसरे आरोपी का एफिडेविट कहां है।
- बलवीर सिंह (रामदेव की तरफ से) : रामदेव कोर्ट में हैं, हम भीड़ की वजह से उन्हें कोर्ट में नहीं ला सके.
- जस्टिस अमानतुल्लाह : ठीक है, कोई बात नहीं उन्हें कॉल कीजिए, हम पूछ लेंगे।
- जस्टिस हिमा कोहली : रामदेव के जवाब का क्या हुआ?
- जस्टिस हिमा कोहली : पहली बात यह कोर्ट की कार्यवाही है। हमने निर्देश दिए हैं और फिर यह किसकी जिम्मेदारी बनती है कि इसे नीचे तक पहुंचाएं। अगर यह बचाव करने लायक नहीं है तो आपकी माफी काम नहीं करेगी।
- टॉप कोर्ट ने जो निर्देश दिए हैं, ये उसका उल्लंघन है। हम यह स्वीकार नहीं करेंगे कि मीडिया डिपार्टमेंट को यह नहीं पता है कि कोर्ट में क्या चल रहा है, मानो ये कोई आईलैंड है। यह केवल जुबानी बातें हैं।
- जस्टिस हिमा कोहली : आपकी माफी स्वीकार करने का क्या कारण है? आपको मंत्रालय को सूचित करना था, क्या आपने किया? आपको सारी बातें सरकार को बतानी थीं।
- एडवोकेट सांघी(पतंजलि आयुर्वेद) : यह कमर्शियल नहीं है।
- जस्टिस कोहली : यह एक कमर्शियल संस्थान है।
- जस्टिस अमानतुल्लाह : आप यह नहीं कह सकते हैं कि आप समाज सेवा कर रहे हैं या लोगों के भले के लिए काम कर रहे हैं।
- एडवोकेट सांघी : यहां कुछ गड़बड़ी है।
- जस्टिस कोहली : तब बात खत्म होती है। अगर गड़बड़ी आपकी ओर से है तो बात खत्म। हम इसे देखेंगे। हम इसे स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं।
- एडवोकेट बलवीर सिंह : हम बिना शर्त माफी मांग रहे हैं। वो यहां खुद माफी मांगने के लिए मौजूद हैं।
- जस्टिस कोहली : हम एफिडेविट चाहते हैं। इस कंटेम्प्ट को गंभीरता से लीजिए। आप यहां से जाएंगे और 24 घंटे में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। यह दिखाता है कि आप को कोर्ट की कार्यवाही के बारे में पता है और आप उसका उल्लंघन कर रहे हैं।
- जस्टिस कोहली : 24 घंटे के भीतर प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई थी क्या आपको इस बारे में जानकारी है।
- एडवोकेट बलवीर सिंह: यह एक गलती है। कोर्ट के जस्टिस का असम्मान नहीं किया जा सकता है। यह सबक सीखना होगा।
- जस्टिस कोहली : तो इस सबक को एक तर्कसंगत अंत तक पहुंचना चाहिए था। ये जो है, वो पूरी तरह अनादर है।
- जस्टिस अमानतुल्लाह : यह सब पाखंड है। आप कह रहे हैं कि अगर अदालत को लगता है।
- एडवोकेट बलवीर सिंह : कृपया भाषा को मत देखिए।
- जस्टिस अमानतुल्लाह : हम आपके दिल में नहीं झांक सकते हैं। इस तरह से कंटेम्प्ट का केस नहीं लड़ा जाता है।
- एडवोकेट बलवीर सिंह : वो खुद माफी मांगना चाहते हैं और हम बेहतर एफिडेविट फाइल कर सकते हैं।

सुप्रीम कोर्ट : हम यह सुनना नहीं चाहते हैं। हम पहले कंटेम्प्ट का मामला खत्म करेंगे। आप अदालत में थोड़ा समझदार हो जाएंगे। आपके पहले मिस्टर रोहतगी थे और वो दोनों पार्टियों के लिए पेश हुए थे। उन्हें भी यह स्पष्ट कर दिया गया था कि हम इस मामले को गंभीरता से ले रहे हैं।

- जस्टिस अमानतुल्लाहः आप अपने ही जाल में फंस गए हैं। पहले किसी वकील को नहीं आना चाहिए था। पहला आदमी वो होना चाहिए था, जिसकी जुबान पर माफी हो।
- एडवोकेट बलवीर सिंह : ये मेरा फैसला था कि वो यहां ना आएं और मैं माफीनामा दाखिल करूं।
- सुप्रीम कोर्ट : जब मानहानि करने वाले को बुलाया गया हो तो वकील की जरूरत नहीं। यह बेसिक है और हम आपको यह बेसिक नहीं सिखाएंगे।
- जस्टिस अमानतुल्लाह : हम यहां एडवोकेट बलवीर सिंह का माफीनामा सुनने के लिए नहीं हैं।
- जस्टिस कोहली : धन्यवाद हमने आपको सुन लिया है। सरकार की तरफ से कौन है?
- सॉलिसिटर जनरल मेहता : जो हुआ, वो नहीं होना चाहिए था। मैं वकीलों के साथ बैठूंगा और देखूंगा कि क्या किया जाना चाहिए।
- जस्टिस अमानतुल्लाह : लंबे समय बाद सरकार यहां वादी नहीं है। यह देखकर खुशी हो रही है कि आप ऐसी बात कह रहे हैं, सरकार के ज्यादातर वकील यह बात भूल चुके हैं।
- जस्टिस हिमा कोहली : हम एफिडेविट फाइल करने के लिए और मौका नहीं देंगे। पहले उन्हें जवाब नहीं दिया, दोबारा ऐसा किया। अब उनके पास एफिडेविट है और उन्होंने हमारे सामने सबमिट नहीं किया। हम क्या करें
- सॉलिसिटर जनरल : कई बार वादी के पास ऐसा करने का विकल्प नहीं होता।
- जस्टिस अमानतुल्लाह : हमने उन्हें 3 मौके दिए हैं।
- जस्टिस हिमा कोहली : हमारे पास आयुष स्कीम के लिए सवाल हैं। आपने पतंजलि को नोटिस भेजा और उन्हें जवाब दाखिल किया। यह जवाब हमारे सामने नहीं आया। हमें आश्चर्य है कि ऐसा क्यों हुआ। कोविड 2022 में आया था और आपने खुद कहा था कि यह मुख्य दवा का बेस्ट सप्लीमेंट है। इसकी घोषणा नहीं की गई।
- कोविड के दौरान कुछ भी केंद्र की मर्जी के बिना नहीं हो रहा था। आपने इसे बताने के लिए कुछ नहीं किया। यह मुश्किल समय था और उत्तराखंड ने भी पतंजलि को वॉर्निंग लेटर भेजा था, वो भी तब जब हमने मामला उठाया। आयुष की तारीफ करने के लिए काफी कुछ है। लेकिन एक सीमा होती है कि वो क्या कर सकते हैं। जिस तरह से दूसरों की निंदा की गई, वो चौंकाने वाला है। उन्होंने दूसरों का मजाक उड़ाया। आपने ट्रांस्क्रिप्ट देखी है?
- जस्टिस अमानतुल्लाह : रामदेव ने योग के लिए काफी कुछ किया है। लेकिन वो हर किसी में कमियां नहीं निकाल सकते।
- सुप्रीम कोर्ट : हमें आश्चर्य है कि केंद्र सरकार ने अपनी आंखें बंद क्यों रखी?
- जस्टिस अमानतुल्लाह : हम दोनों के खिलाफ झूठी गवाही देने का केस भी कर रहे हैं। हम रजिस्ट्रार को निर्देश देते हैं। मिस्टर बलबीर सिंह तैयार रहिएगा। आपने कहा था कि एयर टिकट अटैच्ड हैं, लेकिन यहां कुछ नहीं है। आप कह रहे हैं कि दस्तावेज हैं, वो भी नहीं हैं। हम पीठ पीछे वार नहीं कर रहे हैं।
- जस्टिस हिमा कोहली : आप कह रहे हैं कि दस्तावेज अटैच किए गए हैं, लेकिन दस्तावेज बाद में तैयार किए गए। ये साफतौर पर झूठी गवाही का मामला है। हम आपके लिए दरवाजे बंद नहीं कर रहे हैं, लेकिन हमने जो देखा वो आपको बता रहे हैं।
- जस्टिस अमानतुल्लाह : मिस्टर मेहता कृपया हमें मानहानि के मामले में असिस्ट कीजिए।
- मामले की अगली सुनवाई 10 अप्रैल को होगी।
- जस्टिस हिमा कोहली : आपके पास जो कुछ भी है, उसे फाइल कीजिए। हम आपको एक हफ्ते का आखिरी मौका देते हैं। सभी लोग अगली सुनवाई पर मौजूद रहें।

## एनएच पर 3.5 किमी लंबी आपातकालीन लैंडिंग पट्टी का परीक्षण सफल



**एजेंसी। अनंतनाग।**

भारतीय वायु सेना ने दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के बिजबिहड़ा इलाके में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग की 3.5 किमी लंबी आपातकालीन हवाई पट्टी का मंगलवार को तड़के परीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि भारतीय वायुसेना ने मंगलवार को भोर होने से पहले हवाई पट्टी पर कम से कम नौ ट्रायल परीक्षण किए। यह परीक्षण लगभग 03:45 बजे शुरू हुआ और 04:30 बजे तक समाप्त हुआ। परीक्षण के दौरान यातायात को वैकल्पिक मार्ग की ओर मोड़ दिया गया था, जबकि पट्टी के दोनों किनारों पर तीन स्तरीय सुरक्षा लगाई गई थी। उन्होंने कहा कि भारतीय वायुसेना के इन परीक्षणों का उद्देश्य आपातकालीन लैंडिंग की व्यवहार्यता का पता लगाना था, जिसके लिए चिनूक हेलीकॉप्टर का उपयोग किया गया। भारतीय वायु सेना का चिनूक हेलीकॉप्टर सैन्य परिवहन, आपदा राहत और रसद सहायता सहित विभिन्न सैन्य अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने देश में विकास की राजनीति की शुरुआत की : जेपी नड्डा



**एजेंसी। भोपाल।**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने मध्य प्रदेश प्रवास के दौरान विपक्षी दलों के गठबंधन पर जमकर हमला बोला और आरोप लगाया कि उनका गठबंधन परिवारवाद और भ्रष्टाचार के लिए है। विपक्षी परिवारवाद और तुष्टीकरण करते हैं। मगर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकास की राजनीति की शुरूआत की है। भाजपा अध्यक्ष ने जबलपुर और शहडोल के कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उन्होंने इन कार्यक्रमों में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को देश की जनता लगातार तीसरी बार प्रचंड बहुमत से विजयी बनाएगी। कांग्रेस सरकार समाज को जाति के आधार पर बांटकर तुष्टिकरण की राजनीति करती थी।

प्रधानमंत्री मोदी ने जातिवाद को समाप्त कर समाज को एक सूत्र में बांधकर ह्लसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्?वास और सबका प्रयासह्व के मंत्र को लेकर विकास की राजनीति की शुरूआत की। राजनीति की इस नई संस्कृति में विकास को अहम दर्जा मिला है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस के दौर में महिलाओं, आदिवासियों, युवाओं, किसानों की उपेक्षा हुई।

भाजपा सरकार में महिलाओं का सशक्तीकरण हुआ, किसानों को ताकत मिली, युवाओं की आकांक्षाओं को पंख लगे और गांव-गरीब के विकास में योगदान हुआ। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आदिवासियों के विकास के लिए बजट को तीन गुना बढ़ाया गया है। जेपी नड्डा ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने ऐसी मानसिकता बना दी थी, जहां लोगों को एहसास होने लगा कि अब कुछ नहीं होने वाला, देश ऐसे ही चलता रहेगा और कोई बदलाव देखने को नहीं मिलेगा। लेकिन, प्रधानमंत्री मोदी के 10 साल के कार्यकाल में जन-जन के मन में ये विश्?वास आया है कि देश में बदलाव हो सकता है, बदलाव हुआ है और आगे भी बदलाव होगा।

पीएम मोदी ने राजनीति की संस्कृति में परिवर्तन लाया है। उन्होंने कहा कि कोविड शताब्दी की सबसे बड़ी महामारी थी और कोई अंदाजा नहीं लगा सकता था कि आगे क्या होने वाला है। सभी पश्चिमी देश अपनी अर्थव्यवस्था और मानवता के बीच एक को चुनने के लिए दुविधा में थे, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने 'जान है तो जहान है' का नारा देते हुए संपूर्ण देश में लॉकडाउन लगाने का कठोर निर्णय लिया।

## चित्रकूट सड़क हादसे में मरने वालों की संख्या आठ हुई



**एजेंसी। चित्रकूट।**

कर्वी कोतवाली क्षेत्र झांसी-मिजार्पुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए सड़क हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर आठ हो गयी है। मृतकों की शिनाख्त कर पुलिस शवों का पोस्टमार्टम की कार्रवाई में जुटी हुई है। वाहनों की टक्कर में ऑटो सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हुई थी और तीन लोग गंभीर रूप से घायल थे। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उन्हें प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। यहां पर इलाज के दौरान चित्रकूट के नारायणपुर निवासी निर्भय (20) की भी मौत हो गई। निर्भय के अलावा मरने वालों में कन्नौज जिले के निवासी अनिरुद्ध (30), अखिलेश (28), अतर सिंह और हमीरपुर के रहने वाली निधि सोनी (19) एवं धर्मेंद्र हैं।

## कांग्रेस ने बिहार से तीन प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की, दो मुस्लिम चेहरे



**एजेंसी। पटना।**

कांग्रेस ने मंगलवार को बिहार की तीन लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। कांग्रेस ने मुस्लिम चेहरों पर विश्वास जताते हुए तीन में से दो मुस्लिम चेहरे को अपना उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस ने भागलपुर लोकसभा सीट से अजीत शर्मा को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, किशनगंज से मोहम्मद जावेद और सीमांचल के दिग्गज नेता तारिक अनवर को कटिहार से उम्मीदवार बनाया है। अजीत शर्मा भागलपुर के विधायक हैं। तारिक अनवर पर पार्टी ने एक बार फिर विश्वास जताया है। पिछले चुनाव में जदयू के दुलाल चंद्र गोस्वामी ने तारिक अनवर को 57 हजार से अधिक मतों से पराजित किया था। हालांकि, 2014 में कटिहार से एनसीपी के उम्मीदवार के तौर पर तारिक अनवर भाजपा के निखिल कुमार चौधरी को हराकर लोकसभा पहुंचे थे।

## भाजपा का उम्मीदवार कोई भी हो, मोदी के नाम पर ही डाला जाएगा वोट : शाहनवाज हुसैन

**एजेंसी। पटना।**

बिहार के पूर्व मंत्री और भाजपा प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने मंगलवार को कहा कि लोकसभा क्षेत्रों में भाजपा का उम्मीदवार कोई भी हो, वोट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से ही डाला जाएगा। यह चुनाव मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए हो रहा है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि पिछले चुनाव में बिहार में एक सीट को लेकर कसक रह गई थी। लेकिन, इस चुनाव में किशनगंज सहित सभी 40 सीटों पर एनडीए के प्रत्याशी विजयी होंगे। उन्होंने आगे कहा कि पिछली सरकार मुद्दे और वादों पर शत-प्रतिशत खरी उतरी है। आज भले ही विपक्ष साथ आ रहे हों, लेकिन टिकने वाले नहीं हैं। जिन लोगों को अरविंद केजरीवाल ने कभी गाली दी थी, आज उन्हें ही वह इकट्ठा कर रहे हैं।

## भाजपा ही भ्रष्टाचारियों और माफिया को जेल भेज सकती है : मुख्यमंत्री योगी



**एजेंसी। पीलीभीत।**

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को पीलीभीत में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में कहा कि भाजपा ही भ्रष्टाचारियों और माफिया को जेल भेज सकती है। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार के मंत्री और भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी जितिन प्रसाद के पक्ष में वोट की अपील की। सीएम ने कहा कि याद करिए सपा हो या कांग्रेस उनकी पार्टी का अध्यक्ष केवल एक खानदान का ही व्यक्ति हो सकता है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक सामान्य गरीब परिवार से निकलकर पूरा जीवन देश के लिए समर्पित करने वाले हैं। उनके लिए 140 करोड़ का भारत ही उनका परिवार है।

उन्होंने कहा कि सपा कार्यकाल को आपने देखा है, जब युवाओं के हाथों में रोजगार की जगह तमंचे लहराते थे। हमने युवाओं को टैबलेट देने का काम किया है। प्रदेश में सपा, कांग्रेस और बसपा के लोग आएंगे तो माफिया राज साथ लेकर आएंगे। वहीं, भाजपा कानून के राज में विश्वास करती है। यह चुनाव भ्रष्टाचार बनाम जीरो टॉलरेंस पर हो रहा है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचारियों और माफिया की जगह जेल होनी चाहिए, यह तय करने के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति की सरकार चाहिए, यह कार्य भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में ही हो सकता है। हमारी पीढ़ी खुद को सौभाग्यशाली मानती है कि क्योंकि हमने बदलते हुए भारत को देखा है। 2014 के पहले देश में अविश्वास और अराजकता थी। आम जनमानस में सरकार, सत्ता और राजनीतिज्ञों के प्रति विश्वास नहीं रह गया था।

## डिंपल यादव ने कहा जनता को बरगला रही है सरकार

**मैनपुरी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी व लोकसभा चुनाव में मैनपुरी से सपा उम्मीदवार डिंपल यादव गांव-गांव घूमकर लोगों से वोट मांग रही हैं। इस दौरान वह राजनीतिक सवालों को जवाब भी दे रहीं हैं। अपने प्रचार अभियान के दौरान संवाददाताओं से बात करते हुए डिंपल यादव ने प्रधानमंत्री के बयान कि विकास का अभी ट्रेलर है, पिक्चर बाकी है, पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अगर हम लोग गांवों में जाएंगे, तो हमे विकास के ट्रेलर की हकीकत का पता चल जाएगा।

## भाजपा से इस्तीफा देने के बाद सांसद अजय निषाद कांग्रेस में हुए शामिल



**एजेंसी। नई दिल्ली।**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से इस्तीफा देने के बाद बिहार के मुजफ्फरपुर से सांसद रहे अजय निषाद कांग्रेस में शामिल हो गए। मंगलवार को कांग्रेस मुख्यालय पहुंचने पर कांग्रेस के नेताओं ने उन्हें पटका पहनाकर स्वागत किया। निषाद ने आज सुबह ही भाजपा से इस्तीफा दिया था और दोपहर को कांग्रेस का हाथ थाम लिया।

इस मौके पर कांग्रेस के मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा, बिहार प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह, बिहार प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी प्रकाश मोहन और बिहार के औरंगाबाद से विधायक आनंद शंकर सिंह और करहगर से विधायक संतोष मौजूद रहे। अजय निषाद को इस बार मुजफ्फरपुर लोकसभा सीट से भाजपा ने टिकट नहीं दिया, जिससे वह नाराज चल रहे थे। अभी महा-गठबंधन में यह सीट कांग्रेस के पास ही है। अजय निषाद कांग्रेस के टिकट पर महा-गठबंधन से मुजफ्फरपुर से प्रत्याशी हो सकते हैं। अजय निषाद 2014 से लगातार मुजफ्फरपुर के सांसद बने हुए हैं।

# विकसित भारत एंबेसडर कार्यक्रम में युवा बढ़-चढ़कर लें हिस्सा : निर्मला सीतारमण



**एजेंसी। चेन्नई।**

'विकसित भारत एंबेसडर कार्यक्रम' का आयोजन चेन्नई के पल्लावरम के वेल्स यूनिवर्सिटी में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शामिल हुईं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विकसित भारत कार्यक्रम देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की तरफ बढ़ाया गया एक कदम है। युवाओं को इस कार्यक्रम का हिस्सा बनना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत हर क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कर रहा है, सरकार की नीतियों के कारण अर्थव्यवस्था में तेजी और मजबूती आई है।

उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के दौरान भारत ने नया कीर्तिमान स्थापित किया। स्वदेशी वैक्सीन से ना सिर्फ कोरोना महामारी से हम बाहर आ सके, बल्कि विदेशों को भी हमने मदद पहुंचाई। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की इस उपलब्धि से कई विकसित देश भी आश्चर्यचकित हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि नई शिक्षा नीति से छात्रों को मुख्य पाठ्यक्रम के साथ-साथ अपने सपनों को आगे बढ़ाने में मदद मिल रही है।

उन्होंने संगीत सीखने वाले एक विज्ञान विषय के छात्र का उदाहरण दिया, जो विज्ञान वर्ग के प्रमाणपत्र के साथ-साथ संगीत में भी प्रमाणपत्र प्राप्त कर सकता है। निर्मला सीतारमण ने कहा कि देश के युवा इस भावना के कारण बड़ी संख्या में विदेश जा रहे हैं कि वे भारत में रह रहे अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें। विकसित भारत आंदोलन से ऐसे छात्र भारत में उतना ही पैसा कमा सकेंगे, जितना उन्हें विकसित देशों में मिलता है।

## आज का राशिफल

**मेष :** आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

**वृष :** व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेंगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी।

**मिथुन :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी।

**कर्क :** बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी।

**सिंह :** व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचें। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी।

**कन्या :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे।

**तुला :** अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**वृश्चिक :** आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी।

**धनु :** उच्च मनोबल रखकर कार्य करें, सफल होगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**मकर :** आत्मीय जनों से मिलन होगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी।

**कुंभ :** घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**मीन :** शांतिपूर्वक नित्य कार्य करें। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है।





# पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया रवाना हुई भारतीय पुरुष हॉकी टीम



**भारत 6 अप्रैल को सीरीज के शुरुआती मैच में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा**

**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारतीय सीनियर पुरुष हॉकी टीम सोमवार रात यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया रवाना हो गई। पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मैच 6 अप्रैल को खेला जाएगा, जिसके बाद 7, 10, 12 और 13 अप्रैल को बाकी चार मैच खेले जाएंगे।

ऑस्ट्रेलिया का दौरा भारतीय टीम के लिए अपनी तैयारियों का आकलन करने, अपनी रणनीतियों को बेहतर बनाने और पेरिस ओलंपिक से पहले सुधार के क्षेत्रों की पहचान करने के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। कड़ी प्रतिस्पर्धा को देखते हुए, टीम अपना सर्वश्रेष्ठ देने और मैदान पर हर पल को यादगार बनाने के लिए तैयार है। ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना होने से पहले, कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, जैसा कि हम ऑस्ट्रेलिया के इस महत्वपूर्ण दौरे पर जा रहे हैं, हम दृढ़ संकल्प और उत्साह से भरे हुए हैं। यह श्रृंखला पेरिस ओलंपिक से पहले सुधार के लिए हमारी ताकत और क्षेत्रों का आकलन करने का एक उत्कृष्ट अवसर है। हम मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने और हर पल को महत्वपूर्ण बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। इस बीच, उप कप्तान हार्दिक सिंह ने कहा, यह दौरा हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि हम ऑस्ट्रेलिया में कठिन विरोधियों का सामना करने के लिए तैयार हैं। हम अपने कौशल और रणनीतियों को निखारने के लिए एक टीम के रूप में कड़ी मेहनत कर रहे हैं, और हमें अपनी क्षमताओं पर भरोसा है। हमारा ध्यान मजबूत प्रदर्शन करने और अपने देश को गौरवान्वित करने पर है।

## खबरें व्यापार जगत की

### आरबीआई वित्त वर्ष 2025 में ही कर सकता है रेपो रेट में कटौती : एसबीआई अर्थशास्त्री



**चेन्नई।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के एक शीर्ष अर्थशास्त्री ने कहा है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में ही रेपो रेट में कटौती कर सकता है। एक शोध रिपोर्ट में ग्रुप की मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्या कांति घोष ने भी कहा था कि आरबीआई फिलहाल अपना रुख नहीं बदलेगा। इस वित्त वर्ष के लिए मॉनिट्री पॉलिसी कमेटी (एमपीसी) की पहली बैठक इसी सप्ताह होगी। रेपो रेट वह रेट है जिस पर आरबीआई बैंकों को ऋण देता है। यह दर फिलहाल 6.5 प्रतिशत है। घोष के अनुसार, इंफ्लेशन खाद्य मूल्य से है। आगे खाद्य पदार्थों की आपूर्ति का प्रभाव फूड इंफ्लेशन पर रहेगा।

### देश में नौकरियों में तीन व गिग जॉब्स में 184 प्रतिशत की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** भारत में फरवरी और मार्च में नियुक्तियों में ती प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि सफेदपोश गिग जॉब्स में पिछले साल के मुकाबले 184 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। फाउंडिट (पूर्व में मॉन्स्टर एपीएसी और एमई) की रिपोर्ट के अनुसार आईटी सेक्टर गिग बूम में सबसे आगे है। गिग इकॉनमी में आईटी सॉफ्टवेयर की हिस्सेदारी लगभग दोगुनी हो गई है। मार्च 2023 में 22 प्रतिशत के मुकाबले इस साल मार्च में यह बढ़कर 46 प्रतिशत हो गई है। फाउंडिट के सीईओ शेखर गरिसा ने कहा, दिल्ली, बेंगलुरु और मुंबई जैसे मेट्रो शहर छोटी नौकरियों के लिए मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि कुछ महीनों में गिग इकॉनमी और भी बढ़ेगी। विज्ञापन और विपणन में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, पिछले वर्ष में गिग जॉब्स की हिस्सेदारी 5 प्रतिशत से बढ़कर 18 प्रतिशत हो गई। आईटी क्षेत्र में फरवरी में सात प्रतिशत की वृद्धि के बाद मार्च में यह दो प्रतिशत रह गई।

# शुरू हो सकती है चैंपियंस लीग

## भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड बोर्ड के बीच बातचीत जारी



**एजेंसी। मुंबई**
भारत, आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के क्रिकेट बोर्ड 10 साल पहले बंद हो चुकी चैंपियंस लीग क्लब टी20 चैंपियनशिप को फिर शुरू करने के लिए आपस में बातचीत कर रहे हैं। आखिरी बार चैंपियंस टी20 लीग का आयोजन 2014 में हुआ था जब चेन्नई सुपर किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर खिताब जीता था। उस समय भारत से तीन, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका से 2-2 और पाकिस्तान, वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड से एक एक टीम ने इसमें भाग लिया था।
चैम्पियंस लीग में 2009-10 और 2014-15 के बीच छह सत्र खेले गए जिनमें से चार भारत में और दो दक्षिण अफ्रीका में हुए। चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस ने दो बार खिताब जीता जबकि ऑस्ट्रेलिया की न्यू साउथ वेल्स और सिडनी सिक्सर्स ने एक एक बार खिताब जीता।
क्रिकेट विक्टोरिया के सीईओ निक कमिंस ने कहा कि अति व्यस्त क्रिकेट कैलेंडर में इसके लिये विंडो बनाना सबसे बड़ी चुनौती है। भारत में मेलबर्न क्रिकेट अकादमी के लांच के लिये खेलोमोर से साझेदारी के मौके पर उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि चैम्पियंस लीग समय से पहले की पहल थी। उस समय टी20 क्रिकेट इतना परिपक्व नहीं हुआ था। लेकिन अब है।' उन्होंने कहा, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया, ईसीबी और बीसीसीआई इसे फिर शुरू करने पर बात कर रहे हैं। इसके लिए आईसीसी के व्यस्त कैलेंडर में विंडो तलाशना मुश्किल है। हो सकता है कि पहली चैम्पियंस लीग महिला क्रिकेट में हो जिसमें डब्ल्यूपीएल, द हंड्रेड और महिला बिग बैश लीग की टीमें खेलेंगी।'

### कोलकाता बनाम राजस्थान और गुजरात बनाम दिल्ली मैच का शेड्यूल बदला



**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के दो मैचों के रीशेड्यूल की घोषणा की है। बीसीसीआई के अनुसार कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के मैचों को रीशेड्यूल किया गया है। पहले 17 अप्रैल को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में होने वाला मैच अब एक दिन पहले 16 अप्रैल को खेला जाएगा, जबकि गुजरात टाइटंस (जीटी) और दिल्ली कैपिटल्स के बीच 16 अप्रैल को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाने वाला मैच अब 17 अप्रैल को खेला जाएगा। इससे पहले सोमवार को एक रिपोर्ट में राम नवमी उत्सव और आम चुनाव के कारण उपरोक्त मैचों को पुनर्निर्धारित किए जाने की जानकारी सामने आई थ। केकेआर दो मैचों में दो मैचों में जीत के साथ वर्तमान में विशाखापत्तनम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 3 अप्रैल को भिड़ेगा। तीन मैचों में तीन जीत के साथ राजस्थान रॉयल्स शीर्ष पर है और उसका अगला मुकाबला 6 अप्रैल को जयपुर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से होगा।


# टी20 में करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंचीं चार्ली डीन

**टी20 रैंकिंग में करियर का सर्वश्रेष्ठ दूसरा स्थान किया हासिल**



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड की ऑफ स्पिनर चार्ली डीन ने आईसीसी महिला टी20 विश्व कप शुरू होने से पहले ही बाजी मर ली है। डीन, जो पांच मैचों की टी20 सीरीज के दौरान न्यूजीलैंड के खिलाफ सात विकेट लेकर अग्रणी विकेट लेने वाली गेंदबाज थीं, मंगलवार को जारी टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में टीम की साथी सोफी एक्लेस्टोन के बाद नौ स्थान ऊपर दूसरे स्थान पर पहुंच गईं। उनकी टीम की साथी और तेज गेंदबाज लॉरेन बेल छह पायदान ऊपर चढ़कर करियर का सर्वश्रेष्ठ 12वां स्थान हासिल करने में सफल रहीं। स्टार इंग्लिश ऑलराउंडर नैट साइवर-ब्रंट (आठ पायदान ऊपर 47वें स्थान पर) ने भी लंबी छलांग लगाई, जबकि अमेलिया केर न्यूजीलैंड के नजरिए से बड़ी प्रगति करने वाली खिलाड़ी रहीं क्योंकि वह दो पायदान ऊपर 13वें स्थान पर पहुंच गईं। टी20 श्रृंखला के दौरान 55.75 की औसत से 223 रन के साथ अग्रणी रन-स्कोरर, इंग्लैंड की सलामी बल्लेबाज माइया बाउचर को टी20 बल्लेबाजों की नई रैंकिंग में 28 स्थान का फायदा हुआ और वह 25वें स्थान पर पहुंच गईं। श्रृंखला में अपने 185 रनों के बाद हीथर नाइट 23वें स्थान पर रहीं, जबकि युवा एलिस कैप्सी ऑस्ट्रेलिया की नंबर 1 रैंक की बल्लेबाज बेथ मूनी से पीछे आठ स्थान ऊपर चढ़कर 30वें स्थान पर पहुंच गईं। मीरपुर में बांग्लादेश के खिलाफ पहले टी20 मैच में नाबाद 65 रन की मैच विजयी पारी खेलने वाली ऑस्ट्रेलिया की एलिसा हीली तीन पायदान ऊपर सातवें स्थान पर पहुंच गईं। इस बीच, उसी श्रृंखला में इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद 63 रन बनाने वाली बांग्लादेश की कप्तान निगार सुल्ताना तीन पायदान ऊपर 16वें स्थान पर हैं। नई वनडे रैंकिंग में भी कुछ हलचल हुई, जिसमें ऑस्ट्रेलिया की अनुभवी एलिस पेरी बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला के लिए 64 रनों की बदौलत बल्लेबाजों की सूची में एक स्थान के फायदे से पांचवें स्थान पर पहुंच गईं।

# 11वीं इमा कप शिकोकाई रांची जिला कराटे चैंपियनशिप 20 से




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सिकोकाई कराटे इंटरनेशनल झारखंड एवं इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 20 और 21 अप्रैल को 11वीं इमा कप रांची जिला कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है। इस चैंपियनशिप की मेजबानी बहू बाजार स्थित बिशप स्कूल कर रहा है। स्कूल की ओर से प्रतियोगिता की सारी तैयारी शुरू कर दी गई है। इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तकनीकी निदेशक शिहान सुनील किस्पोट्टा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में रांची के विभिन्न स्कूलों एवं क्लबों के खिलाड़ी भाग लेंगे। इस चैंपियनशिप में कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं। बताया कि इस प्रतियोगिता की अधिक जानकारी मोबाइल नंबर 9835165518 पर ली जा सकती है।

### हार्दिक पांड्या की सपोर्ट में आईं पूनम पांडे



**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस की टीम इस सीजन में अब तक अपने जीत का खाता नहीं खोल पाई है। यहाँ तक कि उन्हें अपने घरेलू मैदान वानखेड़े स्टेडियम में भी हार का सामना करना पड़ा। मुंबई इंडियंस की टीम ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपनी अच्छी खास परफॉर्मेंस नहीं दिखाई और अपने बल्लेबाजों ने फैंस को मायूस कर दिया। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। मुंबई इंडियंस की टीम 20 ओवर में नौ विकेट खोकर सिर्फ 125 रन ही बना सकी। इस लक्ष्य को हासिल करने में राजस्थान रॉयल्स ने सिर्फ 4 विकेट खोकर आसानी से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही राजस्थान रॉयल्स ने प्वाइंट्स टेबल में टॉप पर अपनी जगह बना ली। हार्दिक पंड्या को मुंबई इंडियंस का कप्तान चुने जाने के बाद से ही फैंस खुश नजर नहीं आ रहे थे। उन्हें लगातार ट्रोलर्स के निशाने पर भी रहना पड़ रहा है।

### रिदमिक जिम्नास्टिक विश्वकप शृंखला के दूसरे चरण की मेजबानी करेगा बुल्गारिया

**सोफिया।** इस साल की एफआईजी रिदमिक जिम्नास्टिक विश्व कप श्रृंखला का दूसरा चरण अगले सप्ताह एरेना सोफिया हॉल में आयोजित किया जाएगा, अधिकारियों ने सोमवार को यहां उक्त जानकारी दी। बल्गेरियाई रिदमिक जिम्नास्टिक फेडरेशन के अनुसार, 42 देशों और क्षेत्रों के साथ-साथ 13 समूहों के 55 व्यक्तिगत जिमनास्ट 12 अप्रैल से शुरू हो रहे तीन दिवसीय कार्यक्रम में प्रतिस्पर्धा करेंगे। बीआरजीएफ के उपाध्यक्ष नेवियाना व्लादिनोवा ने एक बयान में कहा, सोफिया में लयबद्ध जिमनास्टिक के विश्व के शीर्ष खिलाड़ियों को इकट्ठा करने का अवसर पाकर हम बेहद उत्साहित हैं, क्योंकि यह एक ओलंपिक वर्ष है। व्यक्तिगत स्पर्धा में सर्वश्रेष्ठ जिमनास्टों में, हम केवल वर्तमान विश्व चैंपियन दार्जा वफोलोमीव को नहीं देखेंगे, और समूह स्पर्धा में केवल चीन नहीं आएगा। उन्होंने कहा, अन्य लोग अपने सर्वश्रेष्ठ जिमनास्ट के साथ आएंगे इसलिए यह बहुत, बहुत दिलचस्प प्रतियोगिता होगी।

# वॉलिनेट्स ने 2024 का सबसे लंबा मैच जीता



**एजेंसी। नई दिल्ली**
पूर्व विश्व नंबर 1 और 2018 ऑस्ट्रेलियन ओपन विजेता कैरोलिन वोज्नियाकी ने चार्ल्सटन ओपन में विजयी वापसी करते हुए लकी लूजर अमेरिका की मेकार्टनी केसलर को केवल 61 मिनट में 6-0, 6-1 से हरा दिया।
वोज्नियाकी की 2019 में चार्ल्सटन में अपनी सबसे हालिया उपस्थिति के बाद से क्ले कोर्ट पर यह पहली जीत थी, जब वह अब तक अपने तीन फाइनल में से तीसरे में पहुंची थी। वोज्नियाकी, जो 2019 में लोकंट्री में अपनी सबसे हालिया उपस्थिति में उपविजेता रही थीं, 2023 के मध्य में खेल में लौटने से पहले 2020 की शुरूआत में टेनिस से दूर हो गई थीं। दूसरे दौर में, वोज्नियाकी अब नंबर 15 वरीयता प्राप्त एन्हेलिना कलिनिना के खिलाफ खेलेंगी, जिसके खिलाफ वह मियामी के उसी चरण में मैच प्वाइंट से यूक्रेनी को बाहर करने में विफल रही, कलिनिना टूर-स्तर पर चौथी सबसे लम्बी जीत 5-7, 7-5, 6-4 से हासिल करने में सफल रही। इस बीच, संयुक्त राज्य अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा दूसरे दौर में वोज्नियाकी से जुड़ गईं। पूर्व चार्ल्सटन सेमीफाइनलिस्टों के बीच हुए मुकाबले में अनिसिमोवा ने सोमवार को फ्रांस की एलिजे कॉर्नेट को 1 घंटे 25 मिनट में 6-3, 6-0 से हराया। अनिसिमोवा अब दूसरे दौर में अपनी साथी अमेरिकी और नंबर 1 वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला से भिड़ेंगी। बाद में शाम को, 22 वर्षीय अमेरिकी क्वालीफायर केटी वॉलिनेट्स ने नीदरलैंड की 54वीं रैंकिंग वाली अरांटेक्सा रस को 6-2, 6-7(6-8), 7-6(8-6) से हराने से पहले दो मैच प्वाइंट बचाए।



### विश्व रिकॉर्ड के साथ होउ झिहुई ने पेरिस ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई

**फुकेत।** चीन की होउ झिहुई ने अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) विश्व कप में स्नैच में अपने ही विश्व रिकॉर्ड को बेहतर बनाते हुए दूसरी बार ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। महिलाओं के 49 किग्रा भार वर्ग में टोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता होउ ने स्नैच में अपने दूसरे प्रयास में 97 किग्रा भार उठाकर अपने विश्व रिकॉर्ड को बेहतर किया। डीपीआर कोरिया के री सोंग गम ने भी स्नैच में 97 किग्रा का बार उठाया और होउ की बराबरी की, लेकिन क्लीन एंड जर्क में 124 किग्रा का भार उठाकर उन्होंने होउ को पीछे छोड़ते हुए खिताब जीत लिया, लेकिन वह पेरिस 2024 के लिए पात्र नहीं थीं, क्योंकि उनके देश ने क्वालीफाइंग कार्यक्रम में बहुत देर से प्रवेश किया था।

### कोपा डेल रे के फाइनल में नहीं खेलेंगे येरे अल्वारेज

**मैड्रिड।** एथलेटिक बिलबाओ के डिफेंडर येरे अल्वारेज अगले शनिवार को मल्लोर्का के खिलाफ होने वाले कोपा डेल रे फाइनल में नहीं खेल पाएंगे। अल्वारेज को रविवार को रियल मैड्रिड के खिलाफ मैच के दौरान कमर में चोट लगी थी, एथलेटिक बिलबाओ यह मैच 2-0 से हार गया था। क्लब ने सोमवार को एक मेडिकल रिपोर्ट जारी की जिसमें उनके चोट की पुष्टि की गई। हालांकि एथलेटिक ने कहा कि चोट ज्यादा गंभीर नहीं है, लेकिन 29 वर्षीय डिफेंडर के लिए शनिवार के मैच के लिए समय पर ठीक होना लगभग असंभव लगता है। येरे, इस सीजन में चोटों से जूझ रहे हैं, अक्टूबर में उनकी कमर का ऑपरेशन हुआ था, जिसके कारण उन्हें लगभग चार महीने मैदान से दूर थे, हालाँकि पिछले दो महीनों में वह अच्छी फॉर्म में थे।

## टी20 विश्व कप नहीं खेलेंगे बेन स्टोक्स



**लंदन।** बेन स्टोक्स आगामी टी20 विश्व कप नहीं खेलेंगे। उन्होंने आगामी टी20 विश्व कप से अपना नाम वापस ले लिया है और इस संबंध में उन्होंने इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) को भी यह सूचना दे दी है कि टीम के चयन के लिए उनके नाम पर विचार ना किया जाए। पिछले टी20 विश्व कप में जब इंग्लैंड विश्व विजेता बनी थी तब विजयी रन स्टोक्स के ही बल्ले से आए थे। पिछले साल एकदिवसीय विश्व कप के लिए स्टोक्स ने वनडे से अपना रिटायरमेंट भी वापस लिया था। हालांकि भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में वह कुल चार ओवर की गेंदबाजी ही कर पाए। स्टोक्स ने पिछले टी20 विश्व कप के बाद से सिर्फ.दो ही टी20 मैच खेले हैं और यह दोनों ही मैच उन्होंने पिछले सीजन चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेले थे। हालांकि स्टोक्स ने इस साल आईपीएल से भी अपना नाम वापस ले लिया था। ईसीबी ने स्टोक्स के हवाले से उनका एक बयान जारी किया है, जिसमें स्टोक्स ने कहा है, मैं हर प्रारूप में खुद को ऑलराउंडर के तौर पर तैयार करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा हूं। आईपीएल और टी20 विश्व कप से बाहर होना इस लक्ष्य को प्राप्त करने में मेरी मदद करेगा।

# रांची की लगातार तीसरी जीत

**रायन ने शानदार 110 रन बनाए** — **आर्यन राज ने 65 रन की पारी खेली**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जेएससीए द्वारा आयोजित अंडर 19 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को रांची ने देवघर को 55 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रांची की टीम ने 40.5 ओवर में सभी विकेट खोकर 220 रन बनाए। रायन ने शानदार 110 रन बनाए। आर्यन राज ने 65 रन की पारी खेली। रिशाव और राजवीर ने 2-2 विकेट लिये। जवाब में देवघर 45.2 ओवर मे 165 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जुनैद ने 46 और देवदत ने 33 रन बनाए। टियर्स ने 3 तथा आर्यन और विवेक ने 2-2 विकेट लिये। मैन ऑफ द मैच रायन सपकोटा को दिया गया।

# अंतरराष्ट्रीय थ्रो बॉल प्रतियोगिता जीतकर लौटे खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
नेपाल में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय थ्रो बॉल प्रतियोगिता में भारतीय टीम का जलवा बरकरार है। नेपाल की राजधानी काठमांडू में अंतर्राष्ट्रीय थ्रोबॉल फेडरेशन द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय थ्रो बॉल प्रतियोगिता में भारतीय दिव्यांग महिला एवं पुरुष टीम ने स्वर्ण पदक पर अपना कब्जा बरकरार रखे हुए हैं। भारतीय टीम मे झारखंड के 07 खिलाड़ी थे, जिनका प्रदर्शन लाजवाब रहा तथा मुकेश कंचन को बेस्ट प्लेयर चुने गए। पारा थ्रोबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ० प्रेम कुमार अल्बर्ट ने भारतीय टीम को जीत की हार्दिक बधाई दी और उम्मीद जताया की आने वाले दिनों में यह टीम एशिया की सर्वश्रेष्ठ टीम बनेगी। सीरीज में पुरुष वर्ग में भारत ने नेपाल को 25-15, 23-25 , 25-19 से हराया। वहीं महिला वर्ग में 25-18, 25-20, 25-23 से जीत हसिल की। टीम के सदस्य दिव्यांग सनोज महतो ने बताया कि हमने बचपन में दिव्यांगता के नाम पर भेदभाव का सामना करते हुए कभी गाँव के बाहर जाने का स्वपन भी नहीं देखा था। लोग बोलते थे ये क्या कर लेगा। अब अच्छा लगता है। नेपाल की टीम छोटी सही लेकिन एक अंतर्राष्ट्रीय टीम है। अब लगता है कि दिव्यांगजन भी आम खिलाड़ियों की तरह खेल सकते हैं, बस हम जैसे दिव्यांग खिलाड़ियों का मनोबल बनाए रखने की जरूरत है। जिस प्रकार से हमारे कोच मुकेश कंचन अच्छे मार्गदर्शन करने वाले लीडर है उसी तरह समाज के हर वर्ग को आगे आने की जरुरत हैं। हम दिव्यांग जन अपने समाज अपने राज्य और देश का नाम ऐसे ही रोशन करते जायेंगे। टीम में मुकेश कंचन, (कोकर), सनोज महतो,(कांके चारी) मुकेश कुमार, (टाटीसिलवे) महिमा ऊराव, (नामकुम सोहदाग) तारामानी लकड़ा (चान्हो चमरांगा), पुष्पा मिंज(बेडो नरकोपी) एवं निक्की कुमारी (बलालोंग धुर्वा) शामिल थे।

### ऐसा लगता है कि कोहली ने फिर खुद को निखार लिया है : डेविड हसी



**मुंबई ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर डेविड हसी का मानना है कि विराट कोहली फिर से निखर' गए हैं। उन्होंने इस भारतीय बल्लेबाज के स्ट्राइक रेट पर बहस के बीच इस चैंपियन खिलाड़ी को नजरअंदाज करने के खिलाफ चेतावनी दी। आईपीएल के मौजूदा सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के लिए सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में सबसे आगे होने के बावजूद कोहली को पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ पर्याप्त आक्रामकता के साथ बल्लेबाजी नहीं करने के लिए कुछ आलोचना का सामना करना पड़ा। कोहली अभी राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग के साथ संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं जिन्होंने तीन मैच में 141.4 के स्ट्राइक रेट से दो अर्द्धशतक के साथ 181 रन बनाए हैं। टी20 विश्व कप नजदीक होने के कारण टीम में कोहली की जगह भी चर्चा का विषय बनी हुई है। उन्होंने पिछले टूर्नामेंट में मेलबर्न में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ भारत के लिए सबसे यादगार पारियों में से एक खेली थी।

## एक नजर

### हाइवा के धक्के से राहगीर घायल,रेफर

**हुसैनाबाद।** जपला हैदरनगर मुख्य रोड केपटेल चौक के समीप हाइवे के धक्के से गुड्डू साव नामक 40 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वह हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के चउआ चट्टान गांव निवासी शंकर साव का पुत्र हैं। राहगीरों के सहयोग से इलाज के लिए उसे हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया, जहां प्रारंभिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया है। बताया जाता हैं कि वह पैदल सड़क पार कर रहा था, उसी क्रम में हाइवा से धक्का लगा गया। चिकित्सक के अनुसार उसके पैर की हड्डी टूट गई हैं।घटना के बाद हाइवे को छोडकर चालक फरार हो गया। वहीं पुलिस ने हाइवे को जब्त कर थाना में पार्क कर दिया है।

### जहरीला पदार्थ के सेवन से 30 वर्षीय युवक की स्थिति गंभीर

**मेदिनीनगर।** गढ़वा जिले के डंडा थाना क्षेत्र के ग्राम छपरदगा निवासी सूर्यदेव चौधरी के पुत्र राजू चौधरी उम्र 30 वर्ष को मंगलवार की सुबह किसी अज्ञात व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ खिला दिया।जिसके कारण उसकी स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी परिजनों को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन घायल राजू को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी राजू चौधरी की स्थिति गंभीर बनी हुई है।इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि राजू मंगलवार की सुबह मजदूरी करने जा रहा था।इसी बीच रास्ते में किसी व्यक्ति ने उसे जहरीला पदार्थ खिला दिया। जहरीला पदार्थ खाने की वजह से राजू छपरदगा कस्तूरबा विद्यालय के पास बेहोश पड़ा था।

### आंधी-तूफान से उजड़े परिवारों को फिर से बसाने का पहल करे : रेणु देवी

**मेदिनीनगर।** नावाबाजार प्रखण्ड के प्रथम प्रमुख व झारखण्ड क्रांति मंच के केन्द्रीय सचिव रेणु देवी ने आज प्रेस विज्ञप्ति जारी कर नावाबाजार प्रखण्ड के विभिन्न गांवों में पिछले दिनों भीषण आंधी-तूफान व वर्षा से उजड़े गरीब घरों के ये प्रभावित परिवारों को फिर से बसाने के लिए पहल करने की मांग प्रखण्ड प्रशासन से किया है।गौरतलब है कि पिछले दिनों आई भीषण आंधी-तूफान की वजह से प्रखण्ड क्षेत्र के कई गांवों में गरीबों के बहुत से कच्चे घर धराशाई हो गए, वहीं कई ईंटे व करकट से अर्धनिर्मित घरों पर पेड़ गिरने की वजह से आशियाना ध्वस्त हो गया।ज्ञातव्य है कि नावाबाजार प्रखण्ड के रबदा गांव के लकड़मुड़ी टोला स्थित चरखू राम के घर पर पिपल के पेड़ गिरने की वजह से ना केवल बड़ा हादसा होने से बाल-बाल बच गया,बल्कि किसी तरह करकट व ईंटे से घर बनाकर रह रहे चरखू राम के परिवार का आशियाना उजड़ गया।

# बीएलओ, सुपरवाइजर व सेक्टर अधिकारियों को मिला प्रशिक्षण

नवीन मेल संवाददाता

**केतार, खरौंधी।** प्रखंड कार्यालय खरौंधी के सभागार में बीडीओ रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर सभी बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर, सभी सेक्टर अधिकारी एक दिवसीय बैठक सह प्रशिक्षण दिया गया। बीडीओ ने सभी बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर, सेक्टर मजिस्ट्रेट से मतदान केंद्रवार जानकारी प्राप्त किया जिसमें मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं जैसे पेयजल की व्यवस्था, शौचालय, बिजली, रैम्प आदि के बारे में जानकारी प्राप्त किया एवं उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उक्त बैठक मे जीपीएस उमेश कुमार बीएलओ सुपरवाइजर नितीश कुमार, कपिलदेव सिंह, वसीम अकरम, विनोद पासवान सहित संबंधित कर्मी और अधिकारी उपस्थित थे।



### मतदान से पहले बूथ पर कर लें सारी तैयारी : बीडीओ

केतार प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी ने प्रखंड और अंचल कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की। उक्त बैठक में बीडीओ ने पंचायतवार संचालित विकास योजनाओं की जानकारी ली। वहीं बीडीओ ने लोकसभा आम चुनाव को लेकर सभी मतदान केन्द्रों पर पेयजल, शौचालय, बिजली, रैंप सहित मूलभूत सुविधाएं शत प्रतिशत दो दिनों के भीतर सुनिश्चित करने का निर्देश सेक्टर मजिस्ट्रेट और सुपरवाइजर को दिया। बीडीओ ने 85 वर्ष उम्र से अधिक और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं की सूची तैयार कर प्रखंड कार्यालय में जमा करने को कहा। उन्होंने चार अप्रैल को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम निकालने को निर्देश दिया। बीडीओ ने कहा कि सारी तैयारियां मतदान से पहले कर लें। मतदान की तैयारी में कोताही कदापि बर्दाश्त नहीं की जायेगी।उक्त बैठक में प्रभारी बीपीओ दीपक जयसवाल, पंचायत सचिव राजीव कुमार, आदित्य कुमार, आयुषी चौबे, कनिय अभियंता अमर भारती, राजीव कुमार, रोजगार सेवक धीरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, पंकज सिंह, रामकुमार प्रजापति, सीआई नागेन्द्र पाठक, कर्मचारी प्रकाश कुमार , कम्प्यूटर आपरेटर रघुनाथ पाल, दीपक कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### खनन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में वसूला 213.65 करोड़ का राजस्व

**पलामू ।** पलामू के खनन विभाग ने राजस्व वसूली में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। पिछले पांच वर्ष की तुलना में इस वित्तीय वर्ष में कोयला और पत्थर खनन से सबसे ज्यादा राजस्व की वसूली की गयी है। वित्तीय वर्ष 2022-23 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2023-24 में भी खनन विभाग ने करीब 53 करोड़ अधिक राजस्व वसूली की है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिला खनन विभाग ने निर्धारित लक्ष्य 305 करोड़ 34 लाख की तुलना में 213 करोड़ 65 लाख की राजस्व प्राप्ति की है। वहीं वित्तीय वर्ष 2022-23 में विभाग ने निर्धारित लक्ष्य 212 करोड़ 78 लाख की तुलना में 160 करोड़ 47 लाख की राजस्व वसूली की थी। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में पिछले पांच साल की तुलना में सबसे अधिक राजस्व वसूली की गयी है। आनंद कुमार ने बताया कि कोयला से वित्तीय वर्ष 2023-24 में 93,97,46,000 का राजस्व मिला।

## चुनाव कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : गरिमा सिंह




### डीसी गरिमा सिंह ने विभिन्न कोषांगों के कार्यों की समीक्षा की

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर गठित विभिन्न कोषांगों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों से कोषांग के द्वारा की जा रही तैयारियों की अद्यतन जानकारी ली। डीसी ने कहा कि कोषांग के संबंधित पदाधिकारी निर्वाचन कार्यों की गंभीरता को समझते हुए भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त दिशा निदेशों के अनुसार कार्य करेंगे। इसमें जरा सी भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बैठक में परियोजना निदेशक प्रवीण कुमार गागराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, निदेशक डीआरडीए प्रभात रंजन चौधरी, एसडीओ, कौशल कुमार, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह , जिला भू अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की समेत कई पुलिस पदाधिकारी, कोषांगों के नोडल पदाधिकारी और विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश आदि उपस्थित थे।

# लोकसभा चुनाव को लेकर बीडीओ व सीओ ने बूथ का किया निरीक्षण




नवीन मेल संवाददाता

**नावाबाजार पलामू ।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए गुरुवार को नावाबाजार बीडीओ सह सीओ बिजय प्रसाद मरांडी ने बसना पंचायत के बूथों का निरीक्षण किया। जहां बिजली, पानी, शौचालय, आवागमन के लिए सड़क आदि की सुविधा की समुचित जानकारी ली। वहीं लोकसभा चुनाव में बूथ पर मतदान कर्मी व मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, व्यवस्था को लेकर प्रधानाध्यापक को कई निर्देश भी दिया।? प्रखंड के बूथ संख्या 357 मध्य विद्यालय चेचरिया के निरीक्षण को पहुंचे बीडीओ सह सीओ बिजय प्रसाद मरांडी ने कहा कि चुनाव पूर्व बूथ का निरीक्षण एक सामान्य प्रक्रिया है। जो मतदान कर्मी व मतदाताओं की सुविधा को लेकर व्यवस्था बनाने के लिए किया जाता है। ताकि कमियां पाए जाने की स्थिति में समय रहते उसे दूर किया जा सके। वहीं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी शिव प्रसाद यादव ने प्रधानाध्यापक जैनेन्द्र कुमार पांडेय से जानकारी प्राप्त किया।

**विद्यालय के प्रधानाध्यापक से जानकारी प्राप्त करते हुए दिए कई दिशा निर्देश**

### मतदाता जागरूकता रैली को डीसी ने दिखाई हरी झंडी

**गढ़वा ।** समाहरणालय परिसर से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर ने मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता रैली निकली। जेएसएलपीएस की महिलाओं के साथ मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का मुख्य उद्देश्य शहरी मतदाताओं को जागरूक करना तथा नैतिक मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करना है। रैली के माध्यम से अर्बन इपैथी को दूर कर मतदान प्रतिशत शत प्रतिशत करने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाएगा। मौके पर वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह उप विकास आयुक्त गढ़वा, उप निर्वाचन पदाधिकारी गढ़वा, स्वीप कोषांग एवं जेएसएलपीएस के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### टेम्पो स्टैंड में दो हैण्डपम्प खराब यात्रियों को हो रही भारी परेशानी

**मेदिनीनगर।** गर्मी ने दस्तक देना शुरू कर दिया है पेयजल की समस्या गहराने लगी है।छह मुहान चौक स्थित टेंपो स्टैंड के पास सरकारी हैंडपंप वर्षो से खराब पड़ा हुआ है। ऐसे में यहां प्रतिदिन आने जाने वाले हजारो यात्रियों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। पीएचडी बिभाग के द्वारा जहां एक और नये चापाकल गाड़े जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर रख-रखाव एवं मरम्मत के अभाव में कुछ ही दिनों के बाद चापाकल खराब हो रहा है। वहीं आसपास के दुकानदारों ने बताया कि यहां पर दो हैंड पंप है दोनों खराब पड़े हैं,इसके वजह से यहां के स्थानीय दुकानदारों के साथ साथ राहगीरों को पानी के लिए काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है दुकानदार बताते हैं कि टेंपो स्टैंड में प्रतिदिन हजारों यात्री यहाँ आते जाते हैं और वे पानी के लिए इधर-उधर भटकते रहते हैं। यात्रियों में कोई पैसे वाला होता है जो पानी का बोतल खरीद कर अपने प्यार को बुझाता है।

## आपसी विवाद में छात्र ने सहपाठी को मारा चाकू, हालत गंभीर, रिम्स रेफर

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार ।** आपसी लड़ाई में कक्षा नौ के एक छात्र को उसी कक्षा के एक छात्र ने चाकू मारकर घायल कर दिया। घटना सदर प्रखंड के उदयपुरा ग्राम के उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय का है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को विद्यालय में लंच के दौरान कक्षा नौ के छात्र तिकेश्वर भुइयां और सन्नी यादव के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गयी। इतने में तिकेश्वर भुइयां ने विद्यालय के किचन में रखे एक चाकू से सन्नी यादव के पेट में वार कर दिया। सूचना मिलने पर शिक्षकों ने उसे आनन-फानन में सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक डॉ। पंकज कुमार ने सन्नी यादव का प्राथमिक इलाज कर रांची रिम्स रेफर कर दिया।

# बस स्टैंड नहीं बनने से, धूप में सड़कों पर खड़े रहते हैं यात्री

नवीन मेल संवाददाता

**पलामू ।** जिले का मशहूर इलाका पांकी आज भी विकास से कोसो दूर है। एक ओर जहां केंद्र और राज्य सरकार लोगों को डिजिटल इंडिया के सपने दिखा रही है। वहीं दूसरी ओर पांकी अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। अभी तक परिवहन विभाग ने यहां बस स्टैंड का निर्माण नहीं कराया है। स्टैंड नहीं होने के कारण बस सड़क पर रुकती है। जिसकी वजह से सड़क जाम हो जाता है। साथ ही यात्रियों को चिलचिलाती धूप में सड़कों पर खड़ा रहना पड़ता है। एक सरकारी यात्री शेड है, लेकिन वो भी खंडहर में तब्दील हो चुका है। वहीं पांकी कपूरी चौक स्थित प्रतीक्षालय भवन (वेटिंग रूम) अब दाल-भात योजना केंद्र में तब्दील हो चुका है। इस योजना का लाभ दिहाडी मजदूर उठा रहे हैं।



**पांकी मुख्यालय में रूकती है कई जगहों की बसें :** बता दें कि पांकी मुख्यालय से बनारस, रांची, मेदिनीनगर, चतरा और हजारीबाग जाने के लिए यात्रियों की भीड़ लगी रहती है। लोहरसी, पगार, लावालौंग, कुंदा प्रतापपुर सहित कई जगहों की बसें यहां रूकती है। पांकी भगत चौक और कपूर्री चौक से भी हर दिन सैकड़ों बसें गुजरती हैं। भगत चौक पर शौचालय भी नहीं है। जिससे महिला यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं पांकी चौक पर ऑटो रिक्शा जहां तहां खड़ी रहती है, जिसकी वजह से वहां अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। ऐसे में आवागमन काफी प्रभावित होता है।

# पलामू में प्रतिबंधित दवा व शराब बरामद, आरोपित को भेजा जेल

नवीन मेल संवाददाता



**पलामू।** लेस्लीगंज के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनोज कुमार झा के नेतृत्व में थाना पुलिस ने तरहसी स्थित निरंजन प्रसाद गुप्ता (43) के घर में छापेमारी कर प्रतिबंधित कोरेक्स की दवा बरामद की। साथ ही बीयर और अंग्रेजी शराब भी पकड़ी गयी। आरोपित को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस की छापेमारी में घर में रखा 40 पीस प्लास्टिक बोतल (प्रत्येक बोतल 100 एमएल का) कोरेक्स दवा, किंगफिशर एवं गॉडफादर की बीयर 23 पीस, अंग्रेजी शराब 180 एमएल बोतल में दो पीस बरामद की गयी। पुलिस ने आरोपित निरंजन प्रसाद गुप्ता को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनोज कुमार झा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित से पूछताछ में तरहसी में अवैध रूप से चल रहे कई ठिकानों का पता चला है। जल्द ही टीम गठित कर छापेमारी की जाएगी।

## पेज एक के शेष

### भारत को अराजकता में ...

तमिलनाडु के पास एक कच्चाथीवू द्वीप है। वो द्वीप भारत का हिस्सा था, लेकिन कांग्रेस ने उसको श्रीलंका को दे दिया। अब इस द्वीप के आसपास भी कोई भारतीय मछुआरा गलती से चला जाता है तो उसे गिरफ्तार कर लिया जाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश के सीमावर्ती गांवों को भी देश का आखिरी गांव मानकर वहां विकास करना बंद कर दिया था, लेकिन भाजपा सरकार ने सीमा किनारे बसे गांवों को देश का प्रथम गांव माना है, वहां तेज गति से विकास किया है।

**कांग्रेस की सरकार रहती तो पूर्व सैनिकों को नहीं मिल पाती वन रैंक-वन पेंशन :** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार रहती तो आज पूर्व सैनिकों को वन रैंक-वन पेंशन नहीं मिल पाती, लेकिन मोदी ने सैनिक परिवारों को गारंटी दी थी और इसे पूरा करके दिखाया। आज देशभर के सैनिक परिवारों को ओआरओपी के एक लाख करोड़ रुपये से ज्यादा मिल चुके हैं।

### छग : मुठभेड़ में महिला नक्सली...

जवानों की जवाबी गोलीबारी में नक्सली भाग खड़े हुए। मुठभेड़ खत्म होने के बाद सुरक्षाबल के जवानों ने घटनास्थल का जायजा लिया। इस दौरान एक महिला नक्सली के साथ कुल 10 नक्सलियों के शव और अत्याधुनिक हथियारों का जखीरा हुआ है।

### नशे के कारोबार पर ...

रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने कहा कि नशे के शिकार युवाओं की जिंदगी बर्बाद हो रही है। कोर्ट ने कहा कि रांची में बड़े पैमाने पर ड्रग्स का कारोबार चल रहा है। पुलिस ड्रग माफियाओं को गिरफ्तार क्यों नहीं कर रही? शहर के कई शैक्षणिक संस्थान के आसपास ड्रग्स बेचा जा रहा है लेकिन पुलिस इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। नशे का प्रभाव उनके स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। कोर्ट के संज्ञान में यह बात आयी कि रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र में ब्राउन शुगर और गांजा आदि का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। बीते 16 मार्च, 19 मार्च और 21 मार्च को सुखदेवनगर थाना क्षेत्र में ब्राउन शुगर और गांजा आदि की बिक्री करने वालों की गिरफ्तारी की गयी। इसके अलावा राजधानी रांची के अन्य क्षेत्रों में भी ड्रग्स का यह कारोबार चल रहा है।

### हाईकोर्ट ने रांची ट्रैफिक ...

में बन रहे फ्लाईओवर का निर्माण पूरा होने पर जाम की समस्या से लोगों को निजात मिलेगा। कोर्ट ने कहा कि फुटपाथ दुकानदारों द्वारा सड़कों का अतिक्रमण किए जाने से जाम की समस्या अत्यधिक होती है। कोर्ट ने रांची नगर निगम के जवाब पर असंतुष्टि जताते हुए ट्रैफिक एसपी को अदालत में तलब किया।

### अफीम 45 व 103 केजी...

लावालौंग थाना क्षेत्र के होसिर गांव निवासी रुपन गंझू के घर से 5.885 किलोग्राम अफीम तथा पसागम गांव निवासी चंद्रदेव गंझू के घर से 24.250 किलोग्राम गिला अफीम बरामद किया। एसपी ने बताया कि रुपन गंझू पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहा। इसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। छापेमारी दल में सिमरिया एसडीपीओ के अलावा कुंदा थाना प्रभारी नितेश कुमार, लावालौंग थाना प्रभारी रुपेश कुमार, एसडीपीओ के अंगरक्षक एवं दोनों थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### लोस चुनाव : कांग्रेस ने जारी ...

और कालाहांडी से द्रौपदी मांझी, बोलनगीर से मनोज मिश्रा, सुंदरगढ़ (एसटी) जनार्दन देहुरी, बारगढ़ (एसटी) से संजय भोई को टिकट दिया गया है।

### गढ़वा डीसी कार्यालय के...

आसपास ही थे। इसी दौरान डीसी के चेंबर के अंदर स्थित किचन (छोटा कमरा) से अचानक धुआं निकलने लगा। कार्यालय कर्मी दौड़ कर अंदर प्रवेश किए तो देखा कि आग लगी हुई है। बिना देरी किए कार्यालय में लगे अग्निशामक यंत्र से आग बुझाने का प्रयास करने लगे। इसी दौरान दमकल को भी सूचना दी गई। पंद्रह मिनट के अंदर दमकल भी कार्यालय में पहुंची जिसके बाद आग को पूरी तरह से बुझाया गया। इस संबंध में डीसी शेखर जमुआर ने कहा कि चेंबर के अंदर छोटे से कमरा में चाय बनाने की व्यवस्था रखी गई है। उसी कमरे में शॉर्ट सर्किट से आग पकड़ लिया। कर्मियों की तत्परता से आग पर काबू पा लिया गया। एक फ्रीज जल गया है। वहीं सोफा के कुछ भाग भी जला है। इसमें कोई हताहत नहीं हुआ है और ना ही किसी प्रकार के कागजात को क्षति पहुंची है। उन्होंने कहा कि रात में आग लगी होती तो बड़ी घटना घट सकती थी। हालांकि आगजनी के दौरान समाहरणालय परिसर में थोड़ी देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया था।

# सिविल सर्जन और चाय बेचने वाले व्यक्ति ने पांच टीबी मरीजों को लिया गोद

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल के टीबी वार्ड में भर्ती पांच टीबी मरीजों को सिविलसर्जन और चाय बेचने वाले व्यक्ति रंजीत प्रसाद गुप्ता ने गोद लिया है।इनके द्वारा इन टीबी मरीजों को प्रति माह राशन कीट मरीजों को उपलब्ध कराया जाएगा। मौके पर उपस्थित सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया कि अब कोई भी व्यक्ति टीबी मरीज को गोद ले सकता है। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार इच्छुक लोगों के आवेदन पर मरीज को गोद दिया जाएगा। वे लोग मरीजों को नियमित दवा लेने और सेहत का विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित करेंगे। जब मरीज की सेहत बेहतर हो जाएगी तो गोद लेने वाले व्यक्ति को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, टीबी रोगी को बीमारी से मुक्त कराने के लिए कोई भी नागरिक उसे गोद ले सकता है। इसमें संबंधित व्यक्ति को अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर या पेशा के बारे में ब्यौरा देना होगा। इसके बाद विभाग की ओर से मरीज को गोद दिया जाएगा। गोद लेने वाले व्यक्ति को मरीज के बारे में और उसका नाम किसी को शेयर नहीं करना होगा। वह उसकी देखभाल के साथ ही मदद भी कर सकता है। इसके लिए टीबी के मरीजों से भी स्वास्थ्य विभाग के द्वारा सहमति पत्र लिया जा रहा है कि वे किसी से मदद लेना चाहते हैं या नहीं। कई मरीजों ने इस योजना का लाभ लेने के लिए सहमति भी जाहिर की है। मौके पर उपस्थित सिविल सर्जन ने टीवी मरीज को गोद लेने पर चाय बेचने वाले व्यक्ति को सॉल पहना कर उसे सम्मानित किया।मौके पर डॉक्टर विजय सिंह भी मुख्य रूप से उपस्थित थे।




### गोद लिए मरीजों को केवल भोजन कीट की सुविधा मिलती

पलामू के सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह ने बताया कि जो भी व्यक्ति अपने इच्छा पूर्वक टीबी मरीज को गोद लेते है,उस व्यक्ति के द्वारा टीवी मरीज को केवल भोजन किट का सुविधा उपलब्ध कराया जाता है। अनिल कुमार सिंह ने कहा कि कोई भी व्यक्ति टीवी मरीज को गोद ले सकता है।गोद लेने वाले व्यक्ति को मरीज के बारे में और उसका नाम किसी को भी शेयर नहीं करना होगा। उन्होंने बताया कि जो भी टीवी मरीज सदर अस्पताल में भारती रहते हैं उन्हें सरकार द्वारा फ्री में दवाइयां उपलब्ध कराई जाती है। इसके अलावा टीवी मरीज का कार्ड भी बनता है जिसके माध्यम से उसे महीने में सरकार के द्वारा राहत सामग्री के 500 रुपए दी जाती है।

## पानी की चोरी रोकने के लिए काटे गए अवैध कनेक्शन, आठ मोटर भी जब्त

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की टीम ने मंगलवार की सुबह शहर के बेलवाटीकर मुहल्ले में अभियान चला कर लोगो के घरों में लगे पानी के अवैध कनेक्शन को काटते हुवे लोगो के घरों में लगे आठ वाटर मोटर को जब्त किया है। नगर निगम के कर्मियों ने बताया कि पानी की चोरी होने की वजह से अन्य लोगों को पानी नहीं मिल पा रही है। लोगों को पीने के पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिन लोगों के पानी के कनेक्शन काटे गए उन्हें वैध तरीके से कनेक्शन लेने की सलाह दी गई है। उसके बाद उनके कनेक्शनों को फिर से जोड़ दिया जाएगा 6 महीने से ज्यादा बकाया वालो का भी कनेक्शन काट दिया गया। सिटी मैनेजर दिलीप कुमार ने कहा कि शहर में पेयजल समस्या को सुचारू रूप से करने के लिए निगम के द्वारा यह अभियान चलाया जा रहा है और अब लगातार पानी के अवैध कनेक्शन वालों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा ताकि



लोगों को सुचारू रूप से पेयजल की आपूर्ति होने में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न ना हो। वही मौके पर उपस्थित सिटी मैनेजर दिलीप कुमार ने बताया कि नगर निगम शहरी क्षेत्र में हजार से अधिक पेयजल कनेक्शन हैं। वहीं कई घरों के लोगों ने मनमाने तरीके से मुख्य आपूर्ति लाइन में अपना पाइप जोड़ लिया है। इन अवैध कनेक्शनों की जांच कराई जा रही है। इसी क्रम में नगर निगम की टीम बेलवाटीकर मोहल्ला पहुंची यहां अवैध रूप से लगे 8 कनेक्शन को काटा गया और 8 मोटर भी जब्त किए गए। इस मोहल्ले में जैसे ही लोगों को पानी कनेक्शन काटे जाने की जानकारी मिली तो बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष मौके पर पहुंच गए।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
" Smiles & More"
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज





CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### स्थानों के नाम बदलने के प्रयास निरर्थक, भारत ने चीन से स्पष्ट कहा अरुणाचल अभिन्न अंग

**नई दिल्ली।** भारत ने अरुणाचल प्रदेश पर दावे के एक और चीन के प्रयास का सिरे से खारिज कर दिया। अरुणाचल प्रदेश के विभिन्न स्थानों के चीनी नाम रखने को भारत ने निरर्थक प्रयास बताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने आज इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि चीन ने भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदलने के अपने निरर्थक प्रयासों को जारी रखा है। हम इस तरह के प्रयासों को दृढ़ता से अस्वीकार करते हैं। मनगढ़ंत नाम रखने से यह वास्तविकता नहीं बदलेगी कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग है, था और हमेशा रहेगा।

### भाजपा ने ओडिशा विस चुनाव के लिए जारी की 112 उम्मीदवारों की पहली सूची

**नई दिल्ली।** भाजपा ने ओडिशा विस चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। पार्टी ने पहली सूची में 112 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है। ओडिशा में विधानसभा की 147 सीटें हैं। पिछले चुनावों में भाजपा को 23 सीटों पर जीत मिली थी। भाजपा राज्य में अकेले विस और लोस चुनाव लड़ रही है। उल्लेखनीय है कि पहले भाजपा और बीजू जनता दल के गठबंधन की चर्चा थी लेकिन आखिरी समय में मामला अटक गया। मंगलवार को भाजपा की केन्द्रीय चुनाव समिति ने आगामी ओडिशा विस चुनाव के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी की। इसमें 112 उम्मीदवारों के नाम शामिल है।

### पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सीनेट चुनाव स्थगित

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान चुनाव आयोग ने मंगलवार को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सीनेट चुनाव स्थगित कर दिया। इससे पहले विपक्षी सदस्यों ने आरक्षित सीटों पर निर्वाचित सांसदों के शपथ ग्रहण को लेकर प्रांतीय सरकार के साथ गतिरोध के कारण चुनाव स्थगित करने की याचिका दायर की गई। इसके बाद आयोग ने यह घोषणा की। फिलहाल नेशनल असेंबली और दो प्रांतीय विधानसभाओं में सीनेट की रिक्त सीटों के लिए मतदान चल रहा है। नेशनल असेंबली, पंजाब असेंबली और सिंध असेंबली में मतदान सुबह 9 बजे शुरू हुआ और शाम 4 बजे खत्म हो गया। बलूचिस्तान में सभी 11 उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए हैं।

### इजरायली हवाई हमले में वरिष्ठ ईरानी जनरल की मौत

**तेल अवीव।** सीरिया की राजधानी दमिश्क में कथित तौर पर इजरायली हवाई हमले में एक वरिष्ठ ईरानी जनरल की मौत हो गई। मृतक ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद रजा जाहेदी ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के एक वरिष्ठ जनरल थे।

### पूर्व मंत्री गणेश्वर बेहरा ने छोड़ी कांग्रेस, होंगे बीजेडी में शामिल

**भुवनेश्वर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री गणेश्वर बेहरा ने मंगलवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। केंद्रपाड़ा जिले के कांग्रेस के दिग्गज नेता ने ओडिशा कांग्रेस प्रमुख शरत पटनायक को अपना इस्तीफा भेज दिया है। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए बेहरा ने कहा, मेरा लक्ष्य चुनाव जीतकर राज्य विस में जाना है ताकि मैं केंद्रपाड़ा के हित के लिए लड़ सकूं। मैंने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है क्योंकि मैं पार्टी में रहकर काम नहीं कर पा रहा था। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि उन्हें बीजेडी और भाजपा सहित अन्य राजनीतिक दलों से शामिल होने के प्रस्ताव मिल रहे हैं।

# कार्गो प्रबंधन के मामले में पारादीप बंदरगाह देश के प्रमुख बंदरगाहों में शीर्ष पर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पारादीप पोर्ट अथॉरिटी (पीपीए) 145.38 एमएमटी कार्गो प्रबंधन की रिकॉर्ड उपलब्धि हासिल करने के साथ ही वित्त वर्ष 2023-24 में नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया है। यह दीनदयाल पोर्ट, कांडला को पीछे छोड़ सबसे अधिक कार्गो हैंडलिंग करने वाले देश के प्रमुख बंदरगाह के रूप में उभरा है। पारादीप पोर्ट अथॉरिटी (पीपीए) ने अपने परिचालन के 56 वर्षों के इतिहास में पहली बार दीनदयाल बंदरगाह द्वारा निर्धारित पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। पारादीप बंदरगाह ने साल-दर-साल के आधार पर 10.02 मिलियन मीट्रिक टन (7.4 प्रतिशत) यातायात की वृद्धि दर्ज की है। पारादीप बंदरगाह का ग्रीन अमोनिया



और ग्रीन हाइड्रोजन को संभालने के लिए एक विशेष बर्थ विकसित करने का भी लक्ष्य है, जिससे यह देश का हाइड्रोजन हब बंदरगाह बन जाएगा। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा है कि वित्तीय वर्ष के दौरान बंदरगाह ने 0.76 मिलियन मीट्रिक टन वृद्धि के साथ 59.19 मिलियन मीट्रिक टन का अब तक का अधिकतम तटीय नौ-वहन यातायात हासिल किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 1.30 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह से थर्मल कोयला तटीय नौवहन 43.97 मिलियन मीट्रिक टन यानी पिछले वर्ष की कार्गो हैंडलिंग की तुलना में 4.02 प्रतिशत अधिक तक पहुंच गया है। इस प्रकार से पारादीप बंदरगाह देश में तटीय नौ-वहन के केंद्र के रूप में उभर रहा है। उल्लेखनीय है कि पारादीप बंदरगाह अपनी बर्थ उत्पादकता को पिछले वित्तीय वर्ष के 31050 मीट्रिक टन से बढ़ाकर 33014 मीट्रिक टन करने में सक्षम रहा है। इस प्रकार इस दिशा में 6.33 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। पारादीप बंदरगाह द्वारा हासिल की गई बर्थ उत्पादकता देश के सभी बंदरगाहों में सबसे अधिक है। वित्तीय वर्ष के दौरान बंदरगाह ने पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 7.65 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 21,665 रेक को संभाला है। बंदरगाह ने पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 13.82 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 2710 जहाजों को संभाला है। मंत्रालय ने यह भी बताया कि आज तक 80 प्रतिशत बर्थ को मशीनीकृत कर चुके पारादीप बंदरगाह की मौजूदा 4 अर्ध-मशीनीकृत बर्थों के मशीनीकरण के साथ 2030 तक शत प्रतिशत मशीनीकृत बन जाने की योजना है। बंदरगाह ने अन्य 4 बर्थ जोड़ने की भी योजना बनाई है, जिसके लिए चालू वित्तीय वर्ष के दौरान ही अपेक्षित मंजूरी ले ली जाएगी।

गौरतलब है कि पारादीप बंदरगाह रेल और सड़क यातायात की सर्फेस क्रॉसिंग से बचने के लिए अपने परिसर के भीतर 150 करोड़ रुपये की लागत से दो सड़क फ्लाईओवर चालू करके कनेक्टिविटी में सुधार करने की योजना बना रहा है। इससे बंदरगाह सड़क यातायात को निर्बाध रूप से संभालने में सक्षम हो जाएगा।

बंदरगाह के नेतृत्व में औद्योगीकरण की पहल के अंतर्गत इस बंदरगाह ने विभिन्न उद्योगों को 769 एकड़ भूमि आवंटित की है, जिससे 8700 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश प्राप्त होगा और इस प्रकार बंदरगाह पर 50 मिलियन मीट्रिक टन यातायात आएगा। पारादीप बंदरगाह ने हरियाली के लिए पिछले वर्ष 2 लाख पौधे लगाए हैं और वर्ष 2025 तक 1 मिलियन पौधरोपण तक पहुंचने की उम्मीद है।

इसके अलावा बंदरगाह ने अपने परिचालन को पूरी तरह से नवीकरणीय ऊर्जा से संचालित करने के लिए 10 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र विकसित करने की भी योजना बनाई है। यह बंदरगाह अपने यहां एलएनजी और सीएनजी डिपो स्थापित करके हरित ईंधन स्टेशन बनाने की भी योजना बना रहा है। उल्लेखनीय है कि पारादीप बंदरगाह का ग्रीन अमोनिया और ग्रीन हाइड्रोजन को संभालने के लिए एक विशेष बर्थ विकसित करने का भी लक्ष्य है, जिससे यह देश का हाइड्रोजन हब बंदरगाह बन जाएगा। यह बंदरगाह आईआईटी, चेन्नई के सहयोग से नवीनतम पोत यातायात प्रबंधन सूचना प्रणाली के साथ एक अत्याधुनिक सिग्नल स्टेशन विकसित कर रहा है। इससे सुरक्षा में सुधार के अलावा, जहाज प्रबंधन और समुद्री परिचालन में काफी सुधार आएगा।

### बंगाल में चुनाव के लिए विशेष पुलिस पर्यवेक्षक नियुक्त हुए सेवानिवृत्त आईपीएस अनिल शर्मा

# पश्चिम बंगाल समेत 6 राज्यों में विशेष और पुलिस पर्यवेक्षकों की हुई नियुक्त

**एजेंसी। कोलकाता**

चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव पर नजर रखने के लिए पश्चिम बंगाल समेत छह राज्यों में दो तरह के पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है- विशेष पर्यवेक्षक और पुलिस पर्यवेक्षक। आयोग ने मंगलवार को सर्कुलर प्रकाशित कर इसकी घोषणा की। पश्चिम बंगाल के अलावा, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश और ओडिशा में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति हुई है।




आयोग ने सेवानिवृत्त आईपीएस अनिलकुमार शर्मा को बंगाल में लोकसभा चुनाव के लिए विशेष पुलिस पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। आयोग आमतौर पर चुनावों के दौरान राज्यों में विशेष पुलिस पर्यवेक्षकों की नियुक्ति करता है। वह 2021 में पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के दौरान एक विशेष पुलिस पर्यवेक्षक थे। राजनीतिक पर्यवेक्षकों के एक वर्ग का मानना है कि इस पूर्व आईपीएस के अनुभव को देखते हुए लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल की जिम्मेदारी दी गई है। लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले ही केंद्रीय चुनाव आयोग बंगाल के विभिन्न जिलों में कानून-व्यवस्था की स्थिति, गिरफ्तारी या धन बरामदगी के बारे में जानकारी एकत्र कर रहा है। विशेष पुलिस पर्यवेक्षक का मुख्य कार्य इसका विश्लेषण कर आवश्यक कदमों की सिफारिश करना है। इसके अलावा सेवानिवृत्त आईएएस आलोक सिन्हा को विशेष पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

### तिहाड़ में मुख्यमंत्री केजरीवाल की गुजरी बेचैनी भरी रात

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सीएम केजरीवाल जेल में हैं। दिल्ली की तिहाड़ जेल नंबर-2 में बंद सीएम केजरीवाल की सेल में बेचैनी भरी पहली रात गुजरी। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जेल नंबर-2 पर सुरक्षाकर्मियों का लगातार कड़ा पहरा रहता है। जरूरत पड़ने पर त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी) हस्तक्षेप करने के लिए तैयार रहते हैं। कैदियों पर नजर रखने के लिए 650 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। सूत्रों के अनुसार, सीएम केजरीवाल ने सीमेंट के एक प्लेटफॉर्म पर आराम करते हुए कुछ समय बिताया और देर रात उन्हें अपने सेल में टहलते हुए देखा गया।

## मुरैना में रेलवे का अनुपयोगी पुल ढहा, पांच मजदूर घायल

**एजेंसी। मुरैना**

मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में नेरोगेज रेलवे लाइन का क्वांरी नदी पर बना अनुपयोगी पुल मंगलवार की सुबह ढह गया। मलबे के नीचे पांच मजदूर दब गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, मुरैना जिले के जौरा के पास नेरोगेज रेल लाइन का पुल है। यह पुल क्वांरी नदी पर बना हुआ है। लंबे अरसे से अनुपयोगी है और इसे ध्वस्त करने का काम एक ठेकेदार को दिया गया है। मंगलवार की सुबह इस पुल को ध्वस्त किए जाने के काम में मजदूर लगे हुए थे। तभी यह अचानक ढह गया जिसके मलबे के नीचे मजदूर दब



गए। इस हादसे में पांच मजदूर घायल हुए हैं जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। झांसी मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मनोज सिंह ने आईएएनएस को बताया कि इस हादसे में जो भी मजदूर घायल हुए हैं उन्हें रेलवे प्रशासन की ओर से हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी।


# सुप्रीम कोर्ट से संजय सिंह को जमानत

**-ब्यूरो। नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस दीपांकर दत्ता व जस्टिस पीबी वारले की पीठ ने ईडी के वकील एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा कि ईडी हमें यह बताइए कि क्या संजय सिंह (आम आदमी पार्टी - राज्य सभा सांसद) को अभी भी कस्टडी में रखे जाने की जरूरत है? वो 6 महीने से जेल में हैं। संजय सिंह के पास से अभी तक को पैसा बरामद नहीं किया गया है। 2 करोड़ की घूस लेने के मामले में भी ट्रायल के दौरान उनसे पूछताछ हुई है। हम दो बजे फैसला देंगे। इधर संजय सिंह के वकील ने कहा कि ईडी की कस्टडी में लंबा समय गुजर गया है और इस मामले में मेरा कोई रोल नहीं निकला है।

**चुनाव प्रचार भी कर सकेंगे**

**जमानत की शर्तें लोअर कोर्ट तय करेगा**



इसके बाद 2 बजे दोबारा सुनवाई शुरू हुई तो ईडी ने कहा कि हमें बेल पर कोई ऐतराज नहीं है। जिसके बाद सर्वोच्च न्यायालय की तीन सदस्यीय पीठ ने संजय सिंह को जमानत दे दी। मालूम हो कि ईडी की चार्जशीट में संजय सिंह पर 82 लाख रुपए का चंदा लेने का जिक्र है। इसी को लेकर 4 अक्टूबर को ईडी उनके आवास पर गयी थी और उनसे 10 घंटे पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर ली थी। दिल्ली शराब नीति केस में ईडी की दूसरी सप्लीमेंट्री चार्जशीट 2 मई को जारी की गई थी। जिसमें आप सांसद राघव चड्ढा का भी आया था। लेकिन चड्ढा को आरोपी नहीं बनाया। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि जमानत की शर्तें लोअर कोर्ट तय करेंगी। पीठ ने अपने आदेश में कहा, 'जब तक मुकदमे का निपटारा नहीं हो जाता तब तक संजय सिंह बाहर रहकर राजनीतिक गतिविधियों को अंजाम दे सकते हैं।' ऐसे में अब यदि लोअर कोर्ट ने मुकदमे की सुनवाई पूरी होने के बाद यदि संजय सिंह को दोषी ठहराया, तभी उनकी गिरफ्तारी होगी।

### कोर कमेटी की बैठक में विस और संसदीय क्षेत्रों के स्तर पर समन्वय समिति बनाने का निर्देश

# बीजेपी-जेडीएस एकजुट होकर करें काम : अमित शाह

**एजेंसी। बेंगलुरु**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को यहां भाजपा और जद(एस) नेताओं की कोर कमेटी की बैठक की अध्यक्षता की। सूत्रों ने बताया कि अमित शाह ने भाजपा और जद(एस) नेताओं से राज्य की सभी 28 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करने के लिए एकजुट होकर काम करने को कहा। उन्होंने नेताओं से कांग्रेस को हराने के लिए दोनों दलों के कार्यकर्ताओं में समन्वय बनाने का आह्वान किया। बैठक में भजपा के प्रदेश अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र, पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा, पूर्व मुख्यमंत्री और जद (एस) के प्रदेश अध्यक्ष एच.डी. कुमारस्वामी, विधानसभा में विपक्ष के नेता आर. अशोक, केंद्रीय



संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी और जद (एस) के प्रमुख नेता शामिल हुए। एच.डी. कुमारस्वामी ने कहा कि बैठक में उन्होंने रणनीतियों को लेकर जानकारी शेयर की। उन्होंने कहा, अमित शाह से मुलाकात से राज्य में पार्टी कार्यकर्ताओं में नया जोश आया है। केंद्रीय मंत्री ने कुमारस्वामी के स्वास्थ्य के बारे में भी जानकारी ली। हाल ही में उनकी हृदय की सर्जरी हुई थी। बैठक के बाद जद (एस) कोर कमेटी के प्रमुख जी.टी. देवेगौड़ा ने कहा कि अमित शाह ने जद (एस) नेताओं द्वारा उठाए गए हर मुद्दे को सुना। राज्य की हर लोकसभा सीट पर चर्चा की गई है और अमित शाह ने हर मुद्दे का समाधान सुझाया। अमित शाह ने बैठक में कहा कि सभी 28 संसदीय सीटों पर जद (एस) और भाजपा कार्यकर्ता एक समान हैं। हमारा मकसद कांग्रेस पार्टी को हराना है। गौड़ा ने कहा, विधानसभा और संसदीय क्षेत्रों के स्तर पर समन्वय समिति बनाने का निर्देश दिया गया है। मांड्या की मौजूदा निर्दलीय सांसद की ओर से पूर्व सीएम एच.डी. कुमारस्वामी की यहां से उम्मीदवारी का कोई विरोध नहीं है। वह बुधवार को मांड्या में इस संबंध में घोषणा करेंगी। हासन में भी कोई मुद्दा नहीं है। भाजपा और जद(एस) कार्यकर्ता हर दरवाजे तक पहुंचेंगे। पूर्व मंत्री और जद (एस) के वरिष्ठ नेता एस.आर. महेश ने कहा कि बैठक में अमित शाह ने सुझाव दिया कि दोनों दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करना चाहिए। उन्होंने रोड शो और सार्वजनिक रैलियां आयोजित करने का भी सुझाव दिया।

# सैन्य कमांडरों के सम्मेलन में देश की सुरक्षा स्थिति व चुनौतियों पर हुआ मंथन

**रक्षा मंत्री ने आतंकवाद से लड़ने में सेना की शानदार भूमिका पर चर्चा की**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सैन्य कमांडरों के सम्मेलन में आखिरी दिन मंगलवार को वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व को संबोधित करने के साथ ही कमांडरों से बातचीत भी की। उन्होंने हर जरूरत के समय नागरिक प्रशासन को सहायता देने के अलावा देश की सीमाओं की रक्षा करने और आतंकवाद से लड़ने में सेना की शानदार भूमिका पर प्रकाश डाला। रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि सेना सुरक्षा, एचएडीआर, चिकित्सा सहायता से लेकर देश में आंतरिक स्थिति बनाए रखने तक हर क्षेत्र में मौजूद है। सैन्य कमांडरों का इस साल का पहला सम्मेलन 28 मार्च को हाइब्रिड मोड में शुरू हुआ था। उसके बाद 01-02 अप्रैल को नई दिल्ली में फिजिकल मोड में हुए



सम्मेलन में सैन्य कमांडरों ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वैचारिक मुद्दों पर विचार-मंथन किया। सम्मेलन में देश की समग्र सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के साथ चुनौतियों का आकलन किया गया। सम्मेलन में उभरते भू-राजनीतिक परिदृश्य और राष्ट्रीय सुरक्षा पर प्रतिष्ठित विषय विशेषज्ञों के साथ बातचीत भी की गई। सम्मेलन में शीर्ष नेतृत्व ने सेना की परिचालन प्रभावशीलता को बढ़ाने और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयारी सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण और विकास कार्यक्रमों पर फोकस किया।

कार्यक्रम के दौरान भारतीय सेना के शीर्ष नेतृत्व ने मौजूदा सुरक्षा परिदृश्यों, सीमाओं पर स्थिति, भीतरी इलाकों और वर्तमान सुरक्षा तंत्र के लिए चुनौतियों के सभी पहलुओं पर व्यापक विचार-विमर्श किया। इसके अलावा सम्मेलन में संगठनात्मक पुनर्गठन, लॉजिस्टिक्स, प्रशासन, मानव संसाधन प्रबंधन, स्वदेशीकरण के माध्यम से आधुनिकीकरण, विशिष्ट प्रौद्योगिकियों को शामिल करने और विभिन्न मौजूदा वैश्विक स्थितियों के प्रभाव के आकलन से संबंधित मुद्दों पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। विचार-मंथन सत्र में सैनिकों और उनके परिवारों के लिए जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से सेवा कर्मियों के कल्याण से संबंधित मुद्दे भी शामिल किये गए।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना कमांडरों के सम्मेलन में उपस्थित होने पर अपनी खुशी दोहराई और राष्ट्र की 'रक्षा और सुरक्षा' दृष्टि को नई ऊंचाइयों पर सफलतापूर्वक ले जाने के लिए सैन्य नेतृत्व को सराहा। उन्होंने अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी को शामिल करने पर भारतीय सेना के दृष्टिकोण की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि देश के सबसे भरोसेमंद और प्रेरक संगठनों में से एक भारतीय सेना की राष्ट्र निर्माण के साथ-साथ समग्र राष्ट्रीय विकास में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है।

उन्होंने कहा कि साइबर, सूचना, संचार, व्यापार और वित्त भविष्य के पारंपरिक युद्धों का हिस्सा होंगे। इसलिए सशस्त्र बलों को रणनीति बनाते समय इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखना होगा।

# 19 अप्रैल के चुनाव के लिए वोट मांगने को शहर भर में बैनर-पोस्टर नहीं चिपकाएंगे : गडकरी

**प्रचार की राजनीति से नफरत है**

**अपना डमरू खुद नहीं बजाते**

**नितिन गडकरी के इस कहे की हो रही चर्चा**

**वोट मांगने के लिए अपने क्षेत्र में पोस्टर बैनर नहीं लगवाएंगे**

**-ब्यूरो। नई दिल्ली**

केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का एक साक्षात्कार फिर चर्चा में आ गया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि उनको प्रचार की राजनीति से नफरत है। वह अपना डमरू खुद नहीं बजाते। जो मोदी से डरते हैं, मेरे कंधे पर बंदूक रखकर चलाते हैं। इसके अलावा उन्होंने नागपुर में रोड शो करके चुनाव अभियान की शुरूआत करते हुए कहा कि



शहर को साफ सुथरा व प्रदूषण मुक्त बनाएंगे। गडकरी ने यह भी कहा कि इस बार जनता की प्यार के बदौलत नागपुर लोकसभा सीट से कम से कम पांच लाख वोट के अंतर से जीत दर्ज करने का लक्ष्य बनाया है। उन्होंने यह भी कहा कि वह 19 अप्रैल के चुनाव के लिए वोट मांगने के लिए शहर भर में बैनर और पोस्टर नहीं चिपकाएंगे। मतदाताओं के साथ दिल से दिल और घर-घर बातचीत का रास्ता अपनाएंगे। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि मैं प्रचार के सिद्धांतों का पालन करूंगा और लोगों तक पहुंच बनाकर उनका आशीर्वाद मांगूंगा। उन्होंने कहा कि उन्होंने बुजुर्ग मतदाताओं से उनके घर पर जाकर मुलाकात की और उनके पैरों को छूकर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि लोग मेरे पिछले 10 साल के काम से काफी परिचित हैं और जानते हैं कि पिछले 10 साल में मेरा कार्यकाल कैसा रहा है। गडकरी ने 2014 के चुनाव में सात बार के लोकसभा सदस्य और कांग्रेस नेता विलास मुत्तेमवार को लगभग 2.85 लाख वोटों के अंतर से हराया था। 2019 के लोकसभा इलेक्शन में गडकरी को कुल वोटों का 55.67 प्रतिशत वोट मिले, लेकिन तब महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले के विरूद्ध उनकी जीत का अंतर 2.15 लाख वोट था। इस बार के लोकसभा चुनाव में उनकी कड़ी टक्कर नागपुर शहर कांग्रेस प्रमुख और शहर के पूर्व मेयर विकास ठाकरे से होगा।